■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 316
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, रविवार
20 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1946:** संयुक्त राष्ट्र की पूर्ववर्ती संस्था लीग ऑफ नेशन्स भंग की गई।
**1953:** कोरिया और संयुक्त राष्ट्र सेना के बीच बीमार युद्ध बंदियों का आदान प्रदान हुआ था।
**1997:** इंद्र कुमार गुजराल देश के 12वें प्रधानमंत्री बने।
**2011:** इसरो के उपग्रह प्रक्षेपण यान 'पीएसएलवी' ने तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित किया।

**एक अच्छी शुरुआत के लिए कोई भी दिन बुरा नहीं होता।**

मुख्यमंत्री ने की हज-2025 की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक

## हज यात्रियों को नहीं होगी किसी भी तरह की परेशानी : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1, अण्णे मार्ग स्थित संकल्प में हज-2025 की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हज यात्रियों के लिए हज यात्रा के दौरान एयरपोर्ट तक जाने के पूर्व आवासन, भोजन, आवागमन इत्यादि हेतु सभी सुविधा राज्य सरकार की ओर से प्रदान की जा रही है। सभी मूलभूत सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था करें ताकि हज यात्रियों को किसी भी प्रकार का कष्ट न हो और उनकी यात्रा सुगमतापूर्वक सम्पन्न हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष मुस्लिम धर्म के लोगों को हज यात्रा हेतु उनके सबसे प्रमुख



धार्मिक स्थल मक्का (सउदी अरब) भेजे जाने की व्यवस्था की जाती है। जैसी की जानकारी दी गयी है कि इस वर्ष बिहार से 1391 पुरुष एवं 1012 महिला कुल 2403 हज यात्री हज हेतु मक्का (सउदी अरब) जाएंगे। ये हज यात्री देश के 10 अलग-अलग हवाई अड्डों से हज यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे। यह बहुत खुशी की बात है। हज यात्रियों की सारी सुविधाओं का ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि हज भवन के समरूप किशनगंज में बहुउद्देशीय भवन, हज यात्रियों के लिये आवासन, भोजन, पासपोर्ट सत्यापन, टीकाकरण, विदेशी मुद्रा विनियमण आदि की बेहतर व्यवस्था की गयी है। इसी प्रकार की व्यवस्था सीतामढ़ी, दरभंगा सहित अन्य जिलों के लिये भी करायें। हज यात्रा प्रारम्भ होने के पूर्व शुभकामना बैठक (दुआईया मजलिस) का आयोजन हज भवन, पटना में किया जाता है। इस वर्ष यह बैठक हज भवन स्थित मौलाना मजहरूल हक अडिटोरियम में 1 मई को प्रस्तावित है। समीक्षा बैठक के पश्चात् मुख्यमंत्री ने हज भवन जाकर दुआईया मजलिस के आयोजन की तैयारियों का भी जायजा लिया। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमां खान, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव मो. सोहैल सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## विद्यालयों को जल्द मिलेंगी डिजिटल पाठ्य सामग्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सरकारी विद्यालयों में जल्द ही डिजिटल पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएंगी। पाठ्य सामग्री बच्चे अथवा उनके अभिभावकों को पेन ड्राइव में दी जाएगी। साथ ही कक्षा छह से 12 तक के विद्यालयों में आवश्यकतानुसार कंप्यूटर भी उपलब्ध कराये जाएंगे। इन विद्यालयों में आईसीटी लैब की भी स्थापना की जा रही है। मकसद यही है कि बच्चे कंप्यूटर की शिक्षा में बेहतर कर सकें। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने 'शिक्षा की बात, हर शनिवार कार्यक्रम के तहत अपनी बात रखी है। उन्होंने यह भी कहा है कि शिक्षक जो भी प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं, उसके अनुरूप कक्षा में जाकर बच्चों को नहीं पढ़ाते हैं। यह विभाग के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि हमने एससीईआरटी को निर्देश दिया है कि आप शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हैं तो यह भी सुनिश्चित कराएं कि वह कक्षा में उसका पालन करें। इसके लिए पदाधिकारियों को स्कूल से टैग करें, ताकि गुणवत्ता शिक्षा बच्चों को मिले। डॉ. सिद्धार्थ ने यह भी कहा कि चेतना सत्र को गंभीरता से लें। चेतना सत्र शुरू होने के पहले विद्यालय में अनिवार्य रूप से पहुंच जाएं। चेतना सत्र के दौरान बच्चों के साथ मानवीय गुणों, राष्ट्र, राज्य प्रेम तथा समसामयिक घटनाओं पर चर्चा करें। शिक्षकों को हम कहेंगे कि वह स्थानीय भाषा का उपयोग बच्चों को कक्षा में पढ़ाते समय करें। स्थानीय भाषा में खासकर छोटे बच्चों को समझने में सुविधा होती है। डॉ. एस सिद्धार्थ ने यह भी कहा कि राज्य के छह जिले पटना, नालंदा, वैशाली, जहानाबाद, सारण और भोजपुर के पांच-पांच अर्थात कुल 30 विद्यालयों में एक मई से बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी बनेगी। इसके लिए संबंधित विद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर बनेगी। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसकी शुरुआत की जा रही है, जिसे बाद में अन्य विद्यालयों में भी लागू किया जाएगा। शुरुआती चरण में कक्षा तीन के छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन हाजिरी बनेगी। चेतना सत्र के दौरान टैबलेट से प्रतिदिन आगे और पीछे से एक-एक फोटो खींचकर पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

**संक्षिप्त समाचार**

### प्रशिक्षण लेने हैदराबाद जाएंगे छह आइपीएस

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार कैडर के छह आईपीएस अधिकारी मिड कॅरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम फेज तीन का प्रशिक्षण लेने राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 अप्रैल से 16 मई तक चलेगा। गृह विभाग ने प्रशिक्षण अवधि के दौरान संबंधित अधिकारियों के प्रतिस्थानी तय कर दिए हैं। आदेश के मुताबिक होमगार्ड सह अग्निशमन सेवाएं के डीआईजी सुधीर पोरिका, विशेष शाखा (जी) के एसपी विनीत कुमार और निगरानी ब्यूरो के एसपी मनोज कुमार की अनुपस्थिति में उनके प्रतिस्थानी आंतरिक व्यवस्था से तय किए जाएंगे।

### 179 सिपाही अभ्यर्थी मूल प्रमाणपत्र के साथ तलब

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने 21391 सिपाहियों की बहाली प्रक्रिया में शामिल और द्वितीय चरण की शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल 179 अभ्यर्थियों को उनके मूल प्रमाण पत्र के साथ तलब किया है। पर्षद ने इन अभ्यर्थियों की सूची अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करते हुए उनको 25 अप्रैल तक पर्षद कार्यालय में भौतिक रूप से उपस्थित होकर अभिलेखों के सत्यापन का निर्देश दिया है। अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने कहा कि सफल अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा के दौरान पाया गया कि उनके आवेदन में किए दावों से संबंधित प्रमाणपत्रों की कमी है।

### दुर्गावती नदी में मिला युवक का शव

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर के दुर्गावती नदी से युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान रामगढ़ थाना क्षेत्र के भेड़हरिया गांव निवासी स्वर्गीय भरत सिंह के पुत्र विश्वजीत सिंह के रूप में हुई है। मोहनिया थाना क्षेत्र के बम्हौर खास गांव के पास मछुआरे के जाल में शव फंस गया। मछुआरे ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। शुरुआत में रामगढ़ और मोहनिया के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर विवाद हुआ। बाद में मोहनिया डीएसपी ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भभुआ भिजवाया है।

### मंडल कारा में बंद कैदी की मौत

**अररिया(नबिटा ब्यूरो)।** मंडल कारा में बंद कैदी सोहराब खान की शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक पलासी थाना क्षेत्र का रहने वाला था। घटना के बाद सदर अस्पताल में मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि सोहराब खान को 16 अप्रैल को साधारण वारंट के तहत गिरफ्तार किया गया था।

## सड़क दुर्घटनाओं में दूल्हे के तीन दोस्तों समेत सात की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई/मुजफ्फरपुर/बिहारशरीफ।** बिहार के अलग-अलग जिलों में हुए सड़क दुर्घटनाओं में दूल्हे के तीन दोस्तों समेत सात की लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमुई जिले के वीर कुंवर सिंह कॉलोनी से अलीगंज प्रखंड निवासी विनोद सिंह की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होकर बारात से वापस लौटने के क्रम में बारातियों की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई है। इस हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। कार सवार सभी लोग दूल्हे के दोस्त थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। इस दर्दनाक हादसे में बौआ गुप्ता (कल्याणपुर), विक्रम यादव (सिरचंदनवादा) एवं रिशु सिन्हा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रोहित कुमार (अमरथ) गंभीर रूप से घायल हो गया है। इसी प्रकार मुजफ्फरपुर जिले में कांटी थाना क्षेत्र के कांटी एनएच फ्लाईओवर के पास भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि तीन वाहनों की आपस में हुई टक्कर के कारण घटना हुई है। इस घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कांटी थाने के प्रभारी रामनाथ प्रसाद ने बताया कि ट्रक और कार में टक्कर हुई। इसी दौरान पीछे से आ रही बाइक ने कार में टक्कर मारी, जिस कारण दो लोगों की मौत हुई है। मृतकों में महिला की पहचान कर ली गई है। पुरुष की पहचान की जा रही है। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए एसकेएमसीएस मेडिकल कॉलेज भेजा है। वहीं नालंदा जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र के मायापुर गांव के दो लोगों की एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मायापुर-लाल बिगहा मार्ग पर एक ईंट-भट्टा के पास बाइक और झरझरी की आमने-सामने हुई टक्कर में दोनों की मौत हुई है। मृतकों की पहचान कतरीसराय थाना क्षेत्र के मायापुर निवासी स्वर्गीय किशुन मिस्त्री के पुत्र गुड्डू शर्मा तथा शैलेन्द्र मिस्त्री के पुत्र रंजीत मिस्त्री के रूप में की गई है। दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजे थे।

## बीबी और दो बेटियों को जिंदा जलाने के मामले में पति को फांसी, सास को उम्रकैद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** जिले में एक महिला और उसके दो बच्चों को जिंदा जलाकर मारने के आरोपियों को कोर्ट ने कठोर सजा सुनाई है। हत्यारे कोई और नहीं बल्कि मृत महिला के पति और सास थे। कोर्ट ने आरोपी पति को फांसी की सजा सुनाई है जबकि उसकी मां (मृतका की सास) को कठोर उम्रकैद का आदेश किया है। घटना मार्च 2021 की है। कटिहार के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमंत कुमार त्रिपाठी ने यह फैसला सुनाया है। पत्नी एवं दो नाबालिग बच्चों को घर में बन्द कर जिन्दा जला कर हत्या करने से संबंधित मुकदमा प्राणपुर थाना कांड सं.-51/21 सह सत्रवाद सं.-132/22 की विचारण के पश्चात पति मो. ताहिर को सजा-ए-मौत की सजा सुनायी। वहीं मृतका की सास हदीशन खातून को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। दोनों आरोपी ग्राम रोशना (प्राणपुर थाना) कटिहार के निवासी हैं। दिल को दहला देनेवाली यह घटना 25 मार्च 2021 को कटिहार के प्राणपुर प्रखंड के रोशना गांव में घटी थी। सनकी पति मोहम्मद ताहिर ने अपनी मां के साथ मिलकर पत्नी हिना खातून और दो बेटियां आयात खातून और सानिया खातून को जिंदा जलाकर मार डाला था। ताहिर ने पत्नी और बच्चों पर किरासन तेल डालकर आग लगा दी और तीनों को कमरे में बंद कर दिया। ग्रामीणों से जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसी दिन पति को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में उसकी मां को भी पकड़ा गया था। इस घटना के बाद गांव में कई दिनों तक दहशत का माहौल कायम रहा।

## मनरेगा मजदूरों के लिए 2102 करोड़ रुपये जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार यात्रा से ठीक पांच दिन पहले केंद्र सरकार ने बिहार को 2102.24 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। यह राशि मनरेगा मजदूरों की मजदूरी भुगतान के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली किस्त के रूप में दी गई है। केंद्र सरकार ने 2102.24 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी है, जो विभिन्न श्रेणियों के मनरेगा मजदूरों के बीच वितरित की जाएगी। इस राशि से मजदूरों की मजदूरी का भुगतान शीघ्र किया जाएगा। श्री चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस सहायता के लिए मनरेगा मजदूरों की ओर से धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मनरेगा में 1 करोड़ 36 लाख 72 हजार 933 परिवार पंजीकृत हैं। केंद्र से प्राप्त राशि से एससी वर्ग के मजदूरों को 411.47 करोड़ रुपये, एसटी मजदूरों को 43.89 करोड़ रुपये और अन्य वर्ग के मजदूरों को 1646.88 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। सम्राट चौधरी ने यह भी कहा कि इस अनुदान से मनरेगा मजदूरों का बकाया भुगतान भी किया जाएगा।


## नीतीश सरकार की महिला संवाद यात्रा से होगा नया सवेरा : डॉ. निर्मल कुशवाहा

- **मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह पहल महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक नया अध्याय**
- **महिलाओं की भागीदारी से नीतियों को मिलेगा नया दृष्टिकोण, नीति-निर्धारण की प्रक्रिया में होगी भूमिका**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** बिहार में महिला सशक्तीकरण को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा प्रारंभ 'महिला संवाद यात्रा' को लेकर जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा ने कहा है कि यह अभियान गांव-गांव में महिलाओं को जागरूक करने और उन्हें नीति-निर्माण की प्रक्रिया में भागीदार बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि महिलाओं की सहभागिता के जरिए शासन और समाज के बीच एक नया संवाद स्थापित करने का माध्यम है। डॉ. कुशवाहा ने बताया कि महिला संवाद यात्रा 18 अप्रैल से 15 जून 2025 तक पूरे राज्य में आयोजित की जाएगी। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में निवासित महिलाओं को संवाद में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा ताकि वे अपने गांव या टोलों की समस्याओं, आकांक्षाओं और सुझावों को सरकार तक पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल मंचीय आयोजन नहीं है बल्कि महिलाओं को सीधे उनके परिवेश में जाकर सुना जाएगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वे केवल योजनाओं की लाभार्थी न रहकर उसके निर्माण और कार्यान्वयन में भी सक्रिय भूमिका निभाएं। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह पहल महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक नया अध्याय है। यह एक ऐसा प्रयास है जिसमें शासन, प्रशासन और समाज तीनों मिलकर महिलाओं की वास्तविक समस्याओं को समझेंगे और उनके समाधानों की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। राज्य सरकार द्वारा पहले से ही महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं-जैसे जीविका, स्वयं सहायता समूह, महिला आरक्षण नीति, छात्रवृत्ति योजनाएं, साइकल एवं पोशाक योजना आदि। अब महिला संवाद यात्रा के माध्यम से इन योजनाओं की प्रासंगिकता और उपयोगिता को जमीनी अनुभवों के आधार पर और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संवाद यात्रा के दौरान महिलाएं खुलकर अपनी बात रखें, इसके लिए उन्हें एक सुरक्षित, भरोसेमंद और सहयोगी माहौल प्रदान किया जाएगा। महिलाएं इस मंच के माध्यम से अपने स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा, सामाजिक न्याय और अन्य संबंधित मुद्दों पर भी अपना मंतव्य साझा कर सकेंगी। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि इस संवाद यात्रा का मूल उद्देश्य महिलाओं से सीधा, खुला और सार्थक संवाद कर उनकी आवाज़ को शासन तक पहुंचाना है। साथ ही इस संवाद के आधार पर आने वाले समय में नीतियों और योजनाओं में आवश्यक बदलाव या सुधार भी किए जा सकें, यही इसका दीर्घकालिक लाभ होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस यात्रा का विधिवत शुभारंभ कर यह स्पष्ट किया गया है कि बिहार सरकार महिलाओं की आकांक्षाओं को नीतियों में समाहित करने को लेकर पूरी तरह संकल्पित है। यह यात्रा निश्चित रूप से राज्य की महिलाओं को अधिकार, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की शक्ति देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध होगी।



## ओपहार बिहार ने किया तीन दिवसीय सतत शैक्षणिक पुनर्वास कार्यक्रम का आयोजन

# बिहार से दिव्यांगता को खत्म करने का लें संकल्प : नन्द किशोर यादव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ऑर्थोटिक एवं प्रोस्थेटिक प्रोफेशनल एसोसिएशन फॉर हेल्थ एंड रिहैबिलिटेशन, (ओपहार बिहार) के द्वारा जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान पटना में तीन दिवसीय सतत शैक्षणिक पुनर्वास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, विशिष्ट अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष ऑर्थोपेडिक्स, पीएमसीएच डॉ. आर आर कनौजिया, एनआईएलडी, कोलकाता के निदेशक डॉ. ललित नारायण, पीएमआर विभागाध्यक्ष, आईजीआईएमएस डॉ. राज कुमार, पीडियाट्रिक्स विभागाध्यक्ष, आईजीआईएमएस डॉ. आनंद कुमार गुप्ता, ओपहार बिहार के अध्यक्ष डॉ. युगल किशोर, उपाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार, सचिव डॉ. दीपेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। कार्यक्रम में निशक्तता के प्रबंधन में प्रारंभिक पहचान एवं हस्तक्षेप हेतु पार विशेषज्ञ दृष्टिकोण की आवश्यकता पर वैज्ञानिक सत्र, शैक्षणिक सत्र एवं संरक्षित वार्तालाप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित किया गया जिसमें देश - विदेश के मेडिकल चिकित्सा विशेषज्ञ, आर सी आई पंजीकृत स्वास्थ्य पुनर्वास एवं शैक्षणिक विशेषज्ञ सहित कृतिम अंग विशेषज्ञ सम्मिलित रूप से प्रतिभागी एवं ज्ञान साधन व्यक्ति ने योगदान दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने इस आयोजन के लिए ओपहार को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह तीन दिवसीय सतत शैक्षणिक पुनर्वास कार्यक्रम बिहार के लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने कहा लोग अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए बिहार से दिव्यांगता को खत्म करने का संकल्प लें। उन्होंने इस क्षेत्र में सरकार द्वारा किये गए कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और ओपहार को अपनी तरफ से यथासंभव मदद करने की बात कही। वहीं अन्य अतिथियों ने भी प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक से संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। ओपहार बिहार के उपाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हर प्रकार के रोगों जैसे दुर्घटना के कारण बच्चों, वयस्क एवं वृद्धजनों में होने वाली अस्थाई निशक्तता के निदान एवं स्थाई निशक्तता के प्रबंधन के लिए पार विषयक विशेषज्ञ द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान एवं अनुसंधान प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक करना है। कार्यक्रम के आयोजन में आयोजन समिति के डॉ. सुशील कुमार, डॉ. अचिन्त्य प्रकाश, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. शशि कुमार, डॉ. सत्यप्रकाश कुमार, डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, डॉ. राजेंद्र प्रवीण, डॉ. कन्हैया, डॉ. कुणाल, डॉ. अंजलि, डॉ. अनमोल, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. कोमल आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बाइक सवार युवक के पास से देसी पिस्तौल और गोली बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारी शरीफ।** राजधानी पटना के परसा बाजार थाना क्षेत्र में पुलिस ने देर रात वाहन जांच के दौरान एक युवक को देशी पिस्तौल और दो जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पटना एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष गश्ती एवं चेकिंग अभियान के तहत की गई। थानाध्यक्ष मेनका रानी ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान दो युवक बाइक से आते दिखे. पुलिस को देखकर एक युवक घबराकर बाइक से नीचे गिर पड़ा और भागने की कोशिश करने लगा जिसे घेराबंदी कर मौके पर ही दबोच लिया गया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी पिस्तौल और दो जिंदा गोली बरामद हुई। पकड़े गए युवक की पहचान अमित कुमार और सूरज कुमार दोनों पोठही, पुनपुन निवासी के रूप में हुई है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल युवकों से पूछताछ की जा रही है कि हथियार लेकर वे कहां और क्यों जा रहे थे। बरामद हथियार और गोली को जब्त कर लिया गया है और आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि गश्ती और चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके।

# राजद के मंसूबे पर कांग्रेस ने फेरा पानी : मंगल पाण्डेय

## तेजस्वी को संयोजक बना कांग्रेस ने खेला बड़ा सियासी दांव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस ने तेजस्वी यादव को बिहार में इंडी एलायंस का स्टेट को-ऑर्डिनेशन कमिटी का कन्वेनर बना कर एक तरह से राजद के मंसूबे पर पानी फेर दिया है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की प्रबल इच्छा पर कांग्रेस ने अपनी सियासी चाल से विराम लगा दिया है। कांग्रेस को बिहार की राजनीतिक हकीकत मालूम है। वर्षों पहले खिसक चुकी अपनी सियासी जमीन की तलाश के लिए बेचौन कांग्रेस यह भी अच्छी तरह से समझ रही है कि अगर उसने ''जंगल राज'' के वारिस का नेतृत्व स्वीकार कर लिया तो बिहार में उसका कोई नामलेवा नहीं बचेगा। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार के लोग पूरी तरह से एनडीए के साथ एकजुट है। न्याय के साथ विकास, कानून का राज और सुशासन एनडीए सरकार की यूएसपी है। डबल इंजन की सरकार की वजह से आज बिहार विकास के रास्ते पर तेजी से दौड़ रहा है। बिहार के तरक्कीपसंद जिम्मेवार मतदाता किसी भी कीमत पर बिहार को बेपटरी नहीं होंने देंगे। श्री पाण्डेय ने कहा कि धींगा - मुश्ती के बावजूद कांग्रेस और राजद की मंशा केवल भ्रष्टाचार, अराजकता, लूट-खसोट को बढ़ावा देने, वंशवाद, परिवारवाद को संरक्षित करने के लिए सत्ता हासिल करने की है। वहीं एनडीए की नीति, नीयत और निर्णय बिलकुल स्पष्ट है। बिना किसी भेदभाव के बिहार की 14 करोड़ जनता की सुख-समृद्धि एनडीए की प्राथमिकता है। इसलिए बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनना तय है।

# बी.डी. कॉलेज, पटना में 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन

## स्वच्छ और समावेशी शहरी परिवहन पर युवाओं ने रखे विचार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना में शनिवार को 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह संवाद बिहार में स्वच्छ और समावेशी शहरी परिवहन को लेकर युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेहत केंद्र, पटना द्वारा क्लाइमेट एजेंडा नामक गैर-सरकारी संस्था के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सेहत केंद्र के नोडल पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार साव ने किया जबकि मंच संचालन एएनओ राहुल कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर क्लाइमेट एजेंडा से मनीष कुमार सिन्हा और नेहा प्रवीण ने शहरी परिवहन, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों को संबोधित किया। वक्ताओं ने बताया कि पटना देश के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल है और यहां वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण वाहनों से निकलने वाला धुआं है। केवल 2022 में ही राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में 8900 से अधिक लोगों की जान चली गई। ऐसे में इलेक्ट्रिक बस, साइकिल ट्रैक और नॉन-मोटोराइज्ड ट्रांसपोर्ट जैसे वैकल्पिक परिवहन साधनों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। 'हरित सफर' अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को बताया गया कि किस प्रकार वर्तमान परिवहन ढांचा पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है और कैसे वैकल्पिक, स्वच्छ एवं समावेशी साधनों से न केवल प्रदूषण को रोका जा सकता है, बल्कि सड़क सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। इस अवसर पर बी.डी. कॉलेज की कई जानी-मानी शैक्षणिक हस्तियों की उपस्थिति रही। इनमें हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. लाडली कुमारी, डॉ. नीतू तिवारी, डॉ. वीरेंद्र मंडल, डॉ. सतेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. सुधीर कुमार, अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक विशाल विजय एवं सौरभ कुमार तथा डॉ. स्वर्णा कुमारी शामिल रहे। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स तथा बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्रों ने भाग लिया और पर्यावरणीय विषयों पर अपने विचारों की प्रस्तुति दी। आयोजन को सभी ने बेहद सकारात्मक बताया और भविष्य में भी ऐसे संवाद जारी रखने की आवश्यकता जताई।

# राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में व्याख्यान माला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में लाल बहादुर शास्त्री केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के न्याय वैशेषिक विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रोफेसर महानंद झा ने प्रमाण विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि मुख्यतः न्याय दर्शन में चार प्रमाण होते हैं- प्रत्यक्ष प्रमाण, अनुमान प्रमाण, उपमान प्रमाण और शब्द प्रमाण। इन प्रमाणों को जाने बिना हम किसी भी शास्त्र को जान ही नहीं सकते हैं। अतः इन प्रमाणों को हमें अच्छी तरह से पढ़ना चाहिए तथा शास्त्रों के प्रति श्रद्धा रखनी चाहिए। कार्यक्रम में संचालक के रूप में उपस्थित दर्शन विषय के सहायक प्रोफेसर डॉ.शशिकान्त तिवारी ने कहा कि अलग-अलग शास्त्रों ने अलग-अलग प्रमाणों की संख्या मानी है, यथा न्याय दर्शन ने चार प्रमाण, सांख्य दर्शन ने तीन प्रमाण तथा योग दर्शन ने तीन प्रमाण माने हैं। हम उन वस्तुओं को प्रत्यक्षीकरण अपने इंद्रियों से नहीं कर पाते हैं जिन इंद्रियों का मन के साथ संयोग नहीं होता है। अध्यक्ष के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार ने कहा कि हम प्रमाण को विशेष रूप से समझने के लिए कई और व्याख्यान कराएं जाएंगे जिनसे छात्र लाभान्वित होंगे। हमारा महाविद्यालय संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए सदा समर्पित है। यहां के विद्यार्थी संस्कृत बोलें, शास्त्रों को समझें तथा अपने क्षेत्र में यश कमाएं यही हमारा उद्देश्य है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए साहित्य विषय के सहायक प्रोफेसर डा. शिवानन्द शुक्ल ने कहा कि प्रमाण दर्शन का मूलभूत तत्व है जिसे हमें सूक्ष्मता से समझना पड़ता है।

# फीडबैक से स्वच्छता फीडबैक रैंकिंग में पटना को मिला चौथा स्थान

## ब्रांड एंबेस्डर नीतू नवगीत ने नागरिकों का जताया आभार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नागरिक फीडबैक श्रेणी में देशभर में पटना को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। इस पर पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेस्डर व चर्चित लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने नगर वासियों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है। नीतू नवगीत ने कहा कि ''पटना खुद में इतिहास समेटने के साथ स्वच्छता और नागरिक जागरूकता का भी गौरव बन गया है। यह उपलब्धि हर उस नागरिक की जीत है जिसने न केवल स्वच्छता को अपनाया, बल्कि अपने सुझाव और फीडबैक के माध्यम से नगर निगम को दिशा भी दी। यह जनभागीदारी की मिसाल है।'' उन्होंने कहा कि पटना नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पाराशर के निर्देश पर चलाए गए अभियान से प्रेरित होकर अधिक से अधिक लोगों ने फीडबैक दिया। पटना नगर निगम की मेयर सीता साहू और उपमेयर रेशमी चंद्रवंशी सहित सभी वार्ड पार्षदों के योगदान की सराहना करते हुए नीतू नवगीत ने कहा कि ''पटनावासी होने के नाते गर्व महसूस कर रही हूं कि मेरे शहर ने देश के टॉप 5 शहरों में अपनी जगह बनाई है। यह दिखाता है कि पटना के लोग बदलाव के वाहक बनते हैं।'' पटना के नागरिकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि ''यह चौथा स्थान सिर्फ एक शुरूआत है। हमें अब इसे पहला स्थान बनाना है। आइए हम सब मिलकर पटना को सबसे स्वच्छ, सबसे सुंदर और सबसे सजीव शहर बनाएं।'' पटना नगर निगम, 'चकाचक पटना' अभियान के तहत लगातार स्वच्छता के लिए नवाचार कर रहा है। इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देने में लोक गायिका नीतू नवगीत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वच्छता पर आधारित उनके जागरूकता गीतों ने शहर की गली-गली में स्वच्छता का संदेश पहुंचाया।

# ज्ञान विज्ञान रिकवरी शेल्टर में राशन और कपड़ों का वितरण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की ओर से दानापुर स्थित ज्ञान विज्ञान रिकवरी शेल्टर में राशन, कपड़ा व जरुरी सामानों का वितरण किया गया। जरुरत के सामानों को पाकर वृद्धजनों के चेहरे खिल उठे। वृद्धजनों ने रोटरी क्लब ऑफ मिलेनियम के सभी सदस्यों का दिल से आभार जताया और उन्हें आशीर्वाद दिया। मौके पर उपस्थित रोटरी क्लब ऑफ मिलेनियम की अध्यक्षा सोनल जैन ने बताया कि हमारा उद्देश्य हर जरुरतमंदों तक राहत पहुंचाना है। इसी कड़ी में हमने आज शेल्टर होम में लोगों के बीच खुशियां बांटने की कोशिश की है। मौके पर रोटरी क्लब ऑफ मिलेनियम के असिस्टेंट गवर्नर आशीष बंका, पूर्व अध्यक्ष चिंतन जैन, सचिव डॉ. अमिताभ बंका, कोषाध्यक्ष सीए अभिषेक लोहिया, अनुराधा सराफ सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

# मेंटर्स एडुसर्व के विद्यार्थियों ने लहराया जेइइ मेन 2025 में सफलता का परचम

## 4284 विद्यार्थी जेइइ एडवांस के लिए क्वालीफाई




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्वोत्तर भारत के प्रतिष्ठित एवं अग्रणी कोचिंग संस्थान मेंटर्स एडुसर्व के विद्यार्थियों ने जेईई मेन 2025 में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। संस्थान के 4284 विद्यार्थी जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई हुए हैं। संस्थान के रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम के विद्यार्थियों ने अलग-अलग कैटेगरी में सर्वोच्च रैंक हासिल किया है। टॉप परफोरमर्स में अंकु ने ऑल इंडिया रैंक 09, आशिष ने ऑल इंडिया रैंक 143, खुशी ने ऑल इंडिया रैंक 179, सुशांत ने ऑल इंडिया रैंक 309, सोनु ने ऑल इंडिया रैंक 328, सत्यम ने ऑल इंडिया रैंक 355, सौर्या ने ऑल इंडिया रैंक 833 एवं सौरव ने ऑल इंडिया रैंक 964 हासिल किया है। रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम से नीतीश ने भौतिकि में 100 परसेंटाईल हासिल किया है। संस्थान के निदेशक आनंद कुमार जायसवाल ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, उनकी टीम के अनुभवी अध्यापकों द्वारा की गई जी तोड़ परिश्रम एवं मेंटर्स की उच्च स्तरीय शिक्षण प्रणाली को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी और शिक्षक का जब बेहतरीन गठजोड़ होता है तो इस तरह के रिजल्ट होते हैं। साल दर साल मेंटर्स के विद्यार्थी जेईई और नीट दोनों में ही बेहतरीन रिजल्ट दे रहे हैं। मेंटर्स एडुसर्व द्वारा घोषित परिणामों में गुणवत्ता है एवं परिणामों की विश्वसनीयता मेंटर्स एडुसर्व की पहचान है। श्री जायसवाल ने बताया कि मेंटर्स एडुसर्व द्वारा जेईई मेन में सफल विद्यार्थियों को जेईई एडवांस्ड 2025 में अच्छे रैंक हेतु एक्सपर्ट शिक्षकों द्वारा स्पेशल क्लासेस के साथ ऑनलाइन टेस्ट सीरिज दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सभी टेस्ट का डिसक्शन, सभी टेस्ट का विश्लेषण एवं जेईई एडवांस्ड रैंक इंप्रूवमेंट पैकेज भी दिया जा रहा है। उन्होंने दूसरे सफल मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वो भी इस कोर्स में दाखिला लेकर लाभान्वित हो सकते हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि जिन विद्यार्थियों का जे.ई.ई. मेन 2025 का परिणाम संतोषजनक नहीं रहा या जिनका सेलेक्शन नहीं हुआ, उन्हें निराश नहीं होना चाहिए। उन्हें पूरे विशवास के साथ एक और प्रयास करना चाहिए। मेंटर्स एडुसर्व द्वारा जे.ई.ई. (मेन एवं एडवांस्ड) 2026 हेतु नया रीपिटर बैच 24 अप्रैल एवं 01 मई 2025 से प्रारंभ किया जायेगा।

# वक्फ कानून को लेकर विपक्ष भ्रांतियां फैला रहा : डॉ. दिलीप जायसवाल

## बिहार में भाजपा चलाएगी वक्फ सुधार जन जागरण अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा की ओर से शनिवार को प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में वक्फ कानून को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल सहित कई दिग्गजों ने शिरकत की और अपनी बात रखी। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में इसे गरीब मुसलमानों, बेवा महिलाओं के लिए लाभप्रद बताते हुए इसकी तारीफ की। डॉ. दिलीप जायसवाल ने अपने संबोधन में इस कानून की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस कानून को लेकर प्रदेश भाजपा द्वारा वक्फ सुधार जन जागरण अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। इसकी शुरूआत आज यहां से की जा रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार द्वारा वक्फ संशोधन कानून लाया गया। दूसरी ओर विपक्षी पार्टियों द्वारा इसको लेकर भ्रांतियां फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कानून को धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश की जा रही है और भ्रम का जाल फैलाया जा रहा है जबकि सरकार पारदर्शिता के साथ वक्फ के आय और संपत्ति के अल्पसंख्यकों और मुसलमानों का हक हो, इसकी चिंता करते हुए इस कानून को लाया। वक्फ की संपत्ति अल्लाह की संपत्ति है जिस पर जमात का हक है। गरीबों का भी हक है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग वक्फ की संपत्ति को अपनी जागीर मानकर चल रहे थे। उन्होंने सच्चर कमिटी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उसमें कहा गया है कि इस बोर्ड का प्रत्येक साल 12 हजार करोड़ रुपये आय होना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। इसी के लिए केंद्र की सरकार ने वक्फ की संपत्ति में पारदर्शिता लाने और इसकी संपत्ति का गरीब मुसलमानों पर खर्च करने के लिए यह कानून लाया गया। इसके लिए समाज के अंदर किसी प्रकार का भ्रम न फैले, इसको लेकर जन जागरण अभियान चला रही है। इस दौरान राष्ट्रीय अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल पर विपक्ष अफवाह फैला रही है। विपक्ष हमेशा मुस्लिम भाइयों को अपनी जागीर समझता है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर वक्फ में मुसलमानों के हित में क्या नहीं है, यह तो विपक्ष को बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि आम मुसलमान वक्फ कानून का समर्थन कर रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रिया कर रहे हैं। आज से बिहार भाजपा लोगों को इस कानून को लेकर जन जागरण अभियान की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि कोई भी माफिया अब वक्फ की एक इंच जमीन भी नहीं ले सकता है। जिन लोगों ने वक्फ की जमीनों पर कब्जा कर रखा है, उन्हें अब हिसाब देना होगा। उन्होंने दावा किया कि वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों के लिए अच्छे दिन लेकर आएगा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कार्यशाला में कहा कि नया वक्फ कानून मुस्लिम समाज के कमजोर तबके के हक में बड़ा कदम है।

# भगवान शांतिनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारम्भ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के प्रथम गणधर गौतम स्वामी की केवलज्ञान एवं मोक्ष स्थली 'श्री गुणांवा जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र के मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित श्री शांतिनाथ जिनालय में स्थापित श्याम पाषाण से निर्मित भगवान शांतिनाथ स्वामी की मनोज्ञ प्रतिमा का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित हो रहा है जिसका आज भगवान का गर्भ कल्याणक मनाया गया। अभिषेक, शांतिधारा, झंडोतोलन एवं देव आज्ञा के साथ हुई कार्यक्रम की शुरूआत। कार्यक्रम में पटना सहित अन्य प्रांतों से आये भक्तगणों ने पारम्परिक वस्त्र पहनकर प्रभु के गर्भ कल्याणक पर अभिषेक, शांतिधारा की।

# मेरा बिहार मुझे बुला रहा : चिराग पासवान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोजपा (रा) प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान केन्द्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर क्या बिहार में अपनी सियासत चमकाएंगे? सूबे के सियासी गलियारे में यह सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, चिराग पासवान ने कहा है कि उनका मन अब दिल्ली की राजनीति में नहीं लगता और वह केंद्र की राजनीति में ज्यादा दिन तक नहीं रहना चाहते हैं। उनका मन अब बिहार की ओर खींच रहा है। उन्होंने बिहार की राजनीति में अपनी अहम भूमिका को लेकर इच्छा जाहिर की है। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच चिराग पासवान का यह बयान बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मालूम हो कि चिराग पासवान लगातार 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' का अभियान चलाते रहे हैं। ऐसे में अब सवाल उठने लगा है कि क्या चिराग पासवान बिहार चुनाव में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं? क्या वह बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं? चिराग पासवान ने अपने बयान में कहा है कि उनके पिता रामविलास पासवान भले ही केंद्र में ज्यादा सक्रिए रहे हों, लेकिन उनकी खुद की पहली प्राथमिकता बिहार है। ऐसे में मुझे मेरा प्रदेश बुला रहा है। हालांकि उन्होंने ये भी साफ कर दिया कि वह इस साल के आखिरी में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनेंगे। लेकिन 2030 के चुनाव से पहले वे पूरी तरह से बिहार की राजनीति में लौट आएंगे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर कहा कि मुझे नहीं पता कि मैं मुख्यमंत्री बनूंगा या नहीं? लेकिन हां, अगर मुझे ऑप्शन मिलता है, तो जरुर मैं बिहार लौटना चाहूंगा। चिराग ने कहा कि बिहार में उनकी सभाओं में युवाओं की भारी भीड़ उमड़ती है और यह भीड़ बताती है कि बिहार में अभी मेरी जिम्मेदारी बाकी है। कार्यकर्ता भी चाहते हैं कि वे राज्य में ज्यादा वक्त बिताएं और वहां की राजनीति में सक्रिए होकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि ये संकेत हैं कि जनता उन्हें जिम्मेदारी सौंपना चाहती है तो वह पीछे नहीं हटेंगे। चिराग पासवान ने भरोसा जताया है कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन इस बार भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा और बहुमत के साथ सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को डबल इंजन सरकार पर भरोसा है, लेकिन उनके बयानों से ये साफ हो रहा है कि वे भविष्य में बिहार की राजनीति में बड़ी भूमिका निभाने की तैयारी में हैं। इसबीच चिराग पासवान के इस बयान ने जहां बिहार की राजनीति में सरगर्मी बढ़ा दी है, वहीं एनडीए के भीतर भी उथल-पुथल मच सकती है।

# युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, घटनास्थल पर मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेट हाईवे-78 पर मसाढ़ी गांव के पास शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मकसूदपुर गांव निवासी सूरज कुमार के रूप में हुई है जो हाईवे किनारे वॉशिंग सेंटर चलाता था। हाल ही में उसके ससुर की भी मौत हुई थी। पत्नी अपने मायके गई थी दोनों बच्चों के साथ घटना की जानकारी मिलते ही दोनों परिवारों में रोना पीटना कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि सूरज कुमार अपने गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होकर मसौढ़ी के एक समारोह में शामिल होने के लिए बुलेट बाइक से रात मे ही निकला था। इसी दौरान मसाढ़ी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त था कि सूरज की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची गौरीचक थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराई। मृतक की पहचान मकसूदपुर निवासी बुधन गोप के बेटे सूरज कुमार के रूप में हुई।

# सामाजिक और आर्थिक उन्नति में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक : मंजू चन्द्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के बस्तीपुर पंचायत भवन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन पंचायत के मुखिया मंजू देवी चंद्रवंशी की अध्यक्षता में किया गया। मुखिया ने कहा कि गांव की सामाजिक और आर्थिक उन्नति में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। मुखिया द्वारा बिहार सरकार द्वारा महिलाओं को मुख्य धारा से जोड़ने तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। महिला



सशक्तिकरण की दिशा में बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की ऋंखला में एक और पहल करते हुए मुखिया ने बताया कि महिलाओं को पंचायत चुनाव में पचास प्रतिशत आरक्षण, नौकरी में पैंतीस प्रतिशत के अलावा डीएसपी, बीडीओ, सीओ मुखिया, पंच, सरपंच, जिला परिषद के सदस्य के रूप में सुशोभित कर रही है। साथ ही पढ़ाई सहित कई अन्य सुविधाएं पर सरकार का ध्यान है। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी आनंद कुमार, जीविका से डीपीएम विपुल कुमार पाण्डेय, भीम कुमार, चन्दन कुमार, रूबी कुमारी, शशि कुमारी, ज्योति कुमारी, रीना कुमारी, गीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि बिन्दा चन्द्रवंशी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# कैमूर के पुसौली में महापुरुषों की जयंती मनायी गयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** प्रखंड के पुसौली में सामाजिक मानवाधिकार केंद्र द्वारा शनिवार को महापुरुषों की जयंती कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सम्राट अशोक महान, ज्योति राव फुले व संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महापुरुषों के जीवनी पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि इन महापुरुषों ने पिछड़े व महादलितों के विकास के लिए सदैव कार्य करते रहे। उन्होंने बताया कि इनके बताए रास्ते पर चलने से समाज व देश का



विकास होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीनदयाल सिंह कुशवाहा व संचालन संतोष रावत ने किया। मुख्यातिथि बीरेंद्र कुशवाहा थे। कार्यक्रम में हेडमास्टर संजय सिंह, बबन पासवान, रामेश्वर राम, रवि पासवान, शिवपरसन राम, रामाशंकर कुशवाहा, डॉ. विजय चंद्र सिंह, नथुनी चौबे, जगजीवन सिंह, कोमल राम, विजय राम, हरिनारायण राम, रामशंकर केशरी, मेघनाथ सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने डीडीयू स्टेशन का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** गर्मी के मौसम में यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने शनिवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर के सकुर्लेटिंग एरिया, पार्किंग, मुख्य यात्री हॉल, एटीएम, शौचालय, यात्री प्रतीक्षालय, फुट ओवरब्रिज, सभी आठों प्लेटफार्म, वाटरबूथ, वाटर वेंडिंग मशीन, फूड स्टॉल और रिजर्वेशन काउंटर आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंडल रेल प्रबंधक श्री मीना ने प्लेटफॉर्मों पर खड़ी ट्रेनों में उपलब्ध सुविधाओं की भी जांच की और यात्रियों की सुविधा व स्वच्छता की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान



उन्होंने लोको पायलटों और अन्य संबंधित रेलकर्मियों से संवाद किया और फीडबैक प्राप्त किया। मंडल रेल प्रबंधक ने स्वयं फूड स्टॉल, टिकट काउंटर और जल बूथ की सेवाओं का अनुभव भी लिया। उन्होंने गर्मी में यात्रियों की सुविधा के लिए खान-पान की उचित व्यवस्था, स्वच्छता और सभी यात्री सुविधाओं को उत्तम बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने साफ-सफाई, पीने के पानी की उपलब्धता और शौचालयों सहित अन्य सुविधाओं की नियमित निगरानी करने को भी निर्देशित किया। इस निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार सहित अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बहू के परिजनों ने की पिटाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** न्यू डिलिया निवासी कुसुम देवी ने अपनी बहू की मां, भाई व अन्य पर पिटाई कर घायल करने की प्राथमिकी कराई है। पुलिस के अनुसार कुसुम देवी के छोटे बेटे अनिल प्रसाद की शादी सासाराम के शोभागंज निवासी मुन्ना प्रसाद की पुत्री रिंकी कुमारी के साथ नवंबर 2024 में हुई थी। मैके आने पर कुछ दिन ठीक-ठाक रहने के बाद पति व अन्य से अनावश्यक विवाद करना गाली गलोज करना प्रारंभ किया। इसके बाद वह मायके चली गई 14 मार्च को वह मायके से यहां ससुराल आई। कुछ दिन ठीक रहने के बाद उत्पात मचाना शुरू किया। वह अपने पति को प्रतिदिन घूमने के लिए डिहरी बाजार चलने को बोलती थी। पति मजदूरी कर पालन पोषण में लगे रहने के कारण नियमित बाजार घुमाने में असमर्थता जताता था जिसे लेकर उसने ससुराल में अनावश्यक विवाद प्रारंभ किया। गुरुवार को उसने यहां अपनी मां और भाई को बुलाई। वे आते ही कुसुम देवी पर हमला बोल दिए। मारपीट करने लगे उसकी आवाज सुन बड़ी बहू कमलावती देवी बचाने आई उसको भी मारपीट किया गया। छोटी बहू ने भी सर पर मारा जिससे उसे काफी गंभीर चोट लगी है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# दुर्गावती नदी में मछुआरे के जाल में फंसा शव, सूचना पर पहुंची पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुर्गावती।** कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र के बम्हौर खास गांव के पास दुर्गावती नदी से मछुआरे द्वारा मछली पकड़ने के लिए लगाए गए जाल में एक व्यक्ति का शव फंस गया। इसके बाद मछुआरा डायल 112 को सूचना दिया। कुछ देर तक रामगढ़ और मोहनियां परिसीमन को लेकर विवाद रहा फिर मोहनियां डीएसपी पहुंचकर पोस्टमार्टम करने के लिए शव भभुआ भिजवाया। मृतक की पहचान रामगढ़ थाना क्षेत्र के भेड़हरिया गांव के स्वर्गीय भरत सिंह के 24 वर्षीय पुत्र विश्वजीत सिंह के रूप में हुई है। मृतक के चाचा बिट्टू कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक सुबह घर से बाहर शुक्रवार को निकला था। दिन भर नहीं लौटा शाम को उसकी काफी खोजबीन किया गया कहीं पता नहीं चला तो आज पता चला कि मछुआरा जाल मछली पकड़ने के लिए लगाया था। उसी में उसकी डेड बॉडी फंसी है। उसकी डेड बॉडी रामगढ़ थाना क्षेत्र के नदी में थी। मछुआरा द्वारा जाल खींचने के कारण मोहनियां क्षेत्र में चली आई। हम लोग चाहते हैं कि रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज हो इसका। जानकारी देते हुए मोहनियां डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि मछुआरा द्वारा मछली पकड़ने के लिए लगाए गए जाल में मोहनियां थाना क्षेत्र के बम्हौर खास के पास दुर्गावती नदी से एक युवक का शव बरामद हुआ है। अनुमान लगाया जा रहा है कि नदी पार करने के दौरान डूबकर उसकी मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले का खुलासा होगा। शव को पोस्टमार्टम करने के लिए भभुआ भेज दिया गया है। परिजन जहां चाहते हैं वहीं पर एफआईआर दर्ज करा सकते हैं।

# महिला सशक्तिकरण में बिहार फॉलोवर नहीं, देश भर में रॉल मॉडल : जदयू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जदयू की प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा एवं अनुप्रिया और मीडिया पैनलिस्ट पूजा पैट्रिक ने शनिवार को संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार के मॉडल को अनूठा बताया और कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने में बिहार देश भर में लीडर की भूमिका में है न कि फॉलोवर की भूमिका में। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार का महिला सशक्तिकरण मॉडल सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं है बल्कि पूरे देश के लिए सीख और प्रेरणा है। महिलाओं के सशक्तिकरण के मामले में बिहार कई पैमानों पर देश भर में आगे रहा है। साल 2005 से लेकर साल 2021 के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महिला सशक्तिकरण को लेकर लिए गए क्रांतिकारी फैसलों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल के दौरान 2001 में जहां महिला साक्षरता दर मात्र 33.57फीसद हुआ करती थी, वो साल 2021 में बढ़कर 61.8 हो गई। महिला श्रम शक्ति भागीदारी जो 2005 में महज 9.8: हुआ करती थी, वो 2021 में बढ़कर 16.2: तक पहुंच गई। ऐसा नीतीश सरकार की साइकिल योजना, बालिका प्रोत्साहन योजना और महिला शिक्षा मिशन जैसे फैसलों से ही संभव हो पाया है। कानूनी जागरूकता और महिला सुरक्षा की चर्चा करते हुए प्रदेश प्रवक्ताओं ने कहा कि साल 2005 में दहेज हत्या के मामले 1 हजार 195 से घटकर 2021 में 1 हजार 125 हो गए। मतलब है कि दहेज हत्या जैसे अपराध में 5.9: की गिरावट दर्ज हुई। दहेज उत्पीड़न की रिपोर्टिंग 2005 में 3,108 से बढ़कर 2021 में 7,287 हो गई। इस रिपोर्टिंग में 134: की बढ़ोतरी हुई जो कानूनी जागरूकता का अहम सबूत है।

महिला अपराध दर की बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में महिला अपराध दर में भी गिरावट दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि महिला अपराध दर में बिहार की रैंकिंग 2005 में 14वीं थी, जो 2021 में 23वीं हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल के दौरान बाल विवाह और मृत्यु दर में ऐतिहासिक गिरावट देखी गई है। साल 2005 बाल विवाह की दर 60.3: थी जो कि साल 2021 में घटकर से 40: हो गई। यानी कि इसमें 33.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि सामाजिक कुरीतियों को रोकने के लिए नीतीश कुमार सरकार कितनी संवेदनशील है। मातृ मृत्यु दर का उल्लेख करते हुए प्रदेश प्रवक्ताओं ने कहा कि साल 2004-06 में मातृ मृत्यु दर 312 थी, जो 2018-20 में घटकर 118 हो गई यानी कि 62.2 प्रतिशत की कमी हुई। शिशु मृत्यु दर 2005 में 61 थी जो कि 2021 में घटकर 29 हो गई और इसमें 52.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पार्टी की प्रदेश प्रवक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं का राजनीतिक सशक्तिकरण करने का भी काम किया।

# अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य टोलों में विशेष शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति टोला में रह रहे लोगों के विकास एवं योजनाओं से वंचित नहीं रहे इस लेकर शनिवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य टोले में विशेष शिविर का आयोजन किया। शिविर के आयोजन को सफल बनाने को लेकर विकास मित्र एवं टोला सेवकों द्वारा पंचायतों के विभिन्न गांवों में कैंप के बारे में पूर्व से सूचना दे दिया गया। बीडीओ दृष्टि पाठक ने बताया कि लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित अनुसूचित जाति अनुसूचित जाति के समुदायों के व्यक्तियों को लाभ दिलाने को लेकर सरकार के निर्देश पर 19 अप्रैल से प्रत्येक



बुधवार व शनिवार को अनुसूचित जाति बाहुल्य टोले और मोहल्ले में विशेष शिविर लगाया जा रहा है। इसी को लेकर रामपुर प्रखंड के चार पंचायत बड़कागांव, बेलाव, भीतरीबांध जलालपुर के विभिन्न गांव बड़कागांव, ईटवा, बराड़ीह, बखरम, गंगापुर, बासिनी गांवों में शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र के अलावा विधवा पेंशन एवं वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं से संबंधित प्रमाण पत्र बनाए हेतु आवेदन लिया गया। इस शिविर में उपस्थित अंचलाधिकारी अन्नु कुमारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तेजस्विनी आनंद, पंचायती राज पदाधिकारी दिव्य शक्ति, सीडीपीओ सुरेंद्र मोहन गिलानी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# जोगीपुर टोला में विशेष विकास शिविर आयोजित, योजनाओं का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** कल्याणपुर पंचायत के जोगीपुर टोला में शनिवार को डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा योजना के तहत एक विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का अनुश्रवण सासाराम अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा किया गया जबकि शिविर प्रभारी के रूप में करगहर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की उपस्थिति रही। शिविर के दौरान पात्र लाभुकों के बीच राशन कार्डों का वितरण किया गया। साथ ही नल-जल योजना के कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। पंचायत क्षेत्र में अवस्थित सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली



दुकानों का जायजा लिया गया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और युवाओं को किसी भी प्रकार के व्यसन से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही निर्देश दिया गया कि जोगीपुर टोला को शत-प्रतिशत सरकारी योजनाओं के लाभ से जल्द से जल्द अच्छादित किया जाए। शिविर में स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति उत्साहजनक रही और लोगों ने विभिन्न योजनाओं से जुड़ी समस्याएं भी अधिकारियों के समक्ष रखीं। मौके पर कई विभागों के कर्मी भी उपस्थित रहे।

# अनीति, अन्याय व अधर्म से अर्जित संपदा में कलयुग का वास : लक्ष्मी प्रपन्न श्रीमद् जीयर स्वामी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** अनीति, अन्याय व अधर्म से अर्जित संपदा में कलयुग का वास होता है। उक्त बातें प्रखंड के नेवरास में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में प्रवचन कर रहे महान संत लक्ष्मी प्रपन्न श्रीमद् जीयर स्वामी जी ने कहा। स्वामी जी के पावन सानिध्य में आयोजित महायज्ञ के अनुष्ठान में एक तरफ जहां विद्वान ब्राह्मणों की देखरेख में यज्ञशाला में मंत्रोचार के साथ आहुति दी जा रही है वहीं देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों से पधारे संतों के प्रवचन से उपस्थित जन समुदाय लाभान्वित हो रहा है। अपने प्रवचन के क्रम में श्रीमद् जियरस्वामी जी महाराज ने निवेदन किया कि अनीति अन्याय तथा अधर्म से अर्जित धन में कलयुग का वास होता है जबकि न्याय संगत तथा नीति पूर्ण एवं विवेक से अर्जित किए गए धन में भगवान का निवास होता है। प्रवचन के दौरान अनेक उदाहरण के द्वारा स्वामी जी ने इसे सिद्ध किया। स्वामी जी महाराज ने कहा कि अहंकार के करण जीवन भर के अर्जित किए हुए पुण्य यश तथा कीर्ति धूमिल हो जाते हैं तथा उसका प्रतिफल मनुष्य को भोगना पड़ता है। महाभारत कथा के दृष्टांतों के द्वारा स्वामी जी महाराज ने अहंकार तथा अविवेक से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से चर्चा की। मालूम हो कि लक्ष्मी नारायण यज्ञ का पूर्णाहूति 22 अप्रैल 2025 को सुनिश्चित है। महान संत स्वामी जी महाराज शुक्रवार की शाम महायज्ञ स्थल पहुंचे जिसके बाद आगे का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में पधारे बैकुंठ नाथ स्वामी चतुर्भुज स्वामी तथा मुक्तिनाथ स्वामी की भक्तिमय एवं संगीतमय कथा से श्रोता आत्म विभोर हो रहे हैं। बड़ी संख्या में माताएं तथा अन्य श्रद्धालु भक्तजन यज्ञशाला की परिक्रमा कर रहे हैं।

# 12वीं पास करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** एसवीएम मैथमैटिक्स क्लासेस चकबंदी बाईपास रोड भभुआ में शनिवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एसवीएम डायरेक्टर सुशील जयसवाल एवं मंच का संचालन मैनेजिंग डायरेक्टर अतुल पटेल के द्वारा किया गया। इस दौरान 12वीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी स्कूल के डायरेक्टर दिनेश सिंह, सुधाकर, वेद, मनोज श्रीवास्तव, विवेक, उपेंद्र कुशवाहा उपस्थित रहे। वहीं मुख्य अतिथि दिनेश सिंह ने सभी छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि



12वीं कक्षा में शानदार अंक लेकर इन विद्यार्थियों ने कैमूर का नाम रोशन किया है, यह सभी के लिए गर्व की बात है। वही एसवीएम के डायरेक्टर सुशील जयसवाल ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं और उनके साथ खड़े होकर उनका मनोबल बढ़ाते रहना चाहिए। बच्चे गलत संगत में न पड़े इसके लिए जरूरी है कि यह निगरानी में रहे अभिभावक स्वयं उन्हें अच्छे बुरे की पहचान करे ताकि वह गलत दिशा में जाने से बचे। उन्होंने कहा कि नशे की गर्त में जाने वाले युवा पीढ़ी को बचाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर ऐसे प्रयास करना चाहिए कि जिससे युवा मार्ग न भटके और सही दिशा में अग्रसर रहे। हर छोटी बड़ी उपलब्धियां के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें।

# अंबेडकर जयंती पर फुटबॉल मैच का आयोजन

## मेहतर सेवा संघ द्वारा कार्य सराहनीय : अमित पटेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर मेहतर सेवा संघ बिहार जिला शाखा रोहतास के तत्वावधान में डिहरी पड़ाव मैदान में बक्सर एलेबन टीम एवं डिहरी एलेबन टीम के बीच शानदार मुकाबला हुआ। अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व संघ के मुख्य संरक्षक मोहन राम एवं संचालन संघ के जिलाध्यक्ष शशि कुमार ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष कपिल कुशवाहा, उद्घाटनकर्ता मुख्य पार्षद शशि कुमारी, विशिष्ट अतिथि मुख्य पार्षद प्रतिनिधि व राजद के वरिष्ठ नेता गुड्डु चंद्रवंशी एवं विशिष्ट अतिथि बीजेपी नेता अमित पटेल रहे। अतिथियों ने बाबा साहब के तैल चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा संघ के पदाधिकारियों नें आगत अतिथियों को अंग



वस्त्र व फूलों की माला से स्वागत किया। संघ के मुख्य संरक्षक मोहन राम ने कहा कि बाबा साहब शोषितों के महानायक थे जो जीवन पर्यंत गरीबों के हक व हकूक की लड़ाई लड़ते रहे। बीजेपी नेता अमित पटेल ने कहा कि मेहतर सेवा संघ बिहार द्वारा समाज हित में किये जा रहे कार्य प्रशंसनीय व कबीले तारीफ है। उन्होंने कहा कि संघ के लिए जब भी हम लोगों की जरूरत पड़ेगी हम लोग सदैव तैयार रहेंगे। साथ ही लोगों ने बाबा साहब के बताये रास्ते पर चलने का अपील किया। धन्यवाद ज्ञापन संघ के कानूनी सलाहकार वरिष्ठ अधिवक्ता रवि कुमार ने किया। अतिथियों द्वारा डिहरी के विजयी टीम को ट्रॉफी दिया तथा दोनों टीम के खिलाड़ियों के मनोबल बढ़ाने के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रोहन लाल मेहता, वीर बसंत लाल, नीलम कुमारी, रमेश राम, प्रिय रवि रंजन रावत, विनोद राम, राम केवल राम, चंदन कुमार (कैमूर) जनार्दन पासवान, अरविंद सिंह, धनंजय सिंह, इं. उत्तम कुमार, अनिरुद्ध सिंह, राज कुमार, धीरज कुमार, मुन्ना सिंह, विनय गुप्ता, बनारसी सिंह, नरेश राम सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग व दर्शक उपस्थित थे।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक................../दिनांक....................

**आम सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (BLC) घटक– IV हेतु मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। शहरी स्थानीय निकाय में रहने वाले आवास विहिन वैसे योग्य लाभुक जो विभिन्न कारणों से योजना के लाभ से वंचित रह गये है, ऐसे सभी लाभुको को सूचित किया जाता है कि यदि वे योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक हैं तो सभी दस्तावेजो के साथ मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में सम्पर्क कर आवेदन पत्र दिनांक 20.02.2025 तक समर्पित कर सकते हेतु निर्धारित थी।

लाभुको के निवेदन पर पुनः एवं अंतिम तिथि दिनांक 28.04.2025 तक निर्धारित की जाती है।

**कौन कर सकते है आवेदनः–**

- आवेदक अथवा उसके परिवार के सदस्य के नाम पर भारत में कहीं भी पक्का घर नहीं होना चाहिए।
- योजना से संबंधित लाभुको के परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
- लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होंगे, जिनकी वार्षिक आय अधिकतम रू0 3 लाख हो।
- लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से केवल एक घटक का ही लाभ ले सकते है।

**आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों का होना आवश्यक हैः–**

- स्थल सहित परिवारिक फोटो।
- आवेदक/आवेदिका एवं उनके पति/पत्नी के आधार कार्ड की छायाप्रति।
- आवेदक/आवेदिका के मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति।
- आवेदक/आवेदिका के बैंक आकाउंट हेतु पासबुक की छायाप्रति।
- आवेदक/आवेदिका के आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
- भारत वर्ष में कही भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ–पत्र।
- भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र, जमीन संबंधित दस्तावेज।
- अद्यतन होल्डिंग रसीद।
- आवेदन हेतु लाभुक का Active मोबाईल नम्बर आधार कार्ड से लिंक्ड हो।

Link to apply/QR code
https://pmaymis.gov.in/PMAYMIS2_2024/PmayDefault.aspx

लाभुक के द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु निर्धारित लिंक– https://pmaymis.gov.in/pmaymis2_2024/PMAY_SURVEY/Applicant_Login.aspx पर अपलोड कर प्राप्त, आवश्यक कागजात के साथ लाभुक स्वयं आवेदन पत्र PMAY(U) कोषांग में जमा कर निबंधन पंजी में हस्ताक्षर करना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें PMAY(U) कोषांग, मेदिनीनगर नगर निगम से सम्पर्क किया जा सकता है।

**नोटः– सभी आवश्यक कागजात जाँचोपरान्त स्थलीय जाँच की प्रक्रिया की जायेगी।**

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 350663 District(25-26)#D

# चोरों ने आभूषण सहित लाखों रूपए चुराए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** इसलामपुर थाना क्षेत्र के इचहोस गांव में शुक्रवार की रात्रि में सुनसान घर को देखकर पूर्व रिटायर शिक्षक सियाशरण प्रसाद, मनोज साव एवं स्व. सिद्धेश्वर चौधरी का घर ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने घर मे घुसकर करीब सात से आठ लाख रूपये का सोने-चांदी का आभूषण समेत अन्य कीमती सामान चुरा लिया। इस घटना के संबंध में इसलामपुर थाना क्षेत्र के इचहोस गांव निवासी सियाशरण प्रसाद ने बताया कि हमारा पुत्र झारखंड टाटा में रहता है। हमारा तबियत खराब रहने के कारण हम घर में ताला लगाकर अपने पुत्र के यहां टाटा चला गया था। शनिवार को सुबह टाटा से जब वापस आया और घर के मेन गेट का ताला



खोलकर अंदर गया तो हमारे होश उड़ गए घर के अंदर तीन कमरों मे लगे ताला मे किसी तरह का स्क्रैच नहीं है लेकिन ताला खुला हुआ है। उसके अंदर रखें गोदरेज मे लॉक एवं बक्से मे भी लगे ताला भी खुला है। उसके अंदर रखें करीब चार लाख रूपये का सोने चांदी का आभूषण समेत घर के अंदर रखे कंासा पीतल का बर्तन एवं कीमती सामान को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। इसी गांव के मनोज साव के मकान के छत के सहारे घर के अंदर प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने घर मे सो रहे गृहस्वामी का कमरे का कुंडी बाहर से लगाकर चोरों एक कमरे एवं उसके अंदर रखे बक्सा का ताला तोड़कर उसमे बेटी के शादी के लिए बनाकर रखे एक लाख पचास हजार रूपये का सोने चांदी का आभूषण को अज्ञात चोरों चुरा लिया है। अज्ञात चोरों ने इसी गांव में तीसरे घर स्व. सिद्धेश्वर चौधरी को निशाना बनाया स्व. सिद्धेश्वर चौधरी के पुत्र अमर चौधरी ने बताया कि हम पूरे परिवार के साथ पटना सिटी में रहते हैं। शुक्रवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने हमारे घर का में गेट का ताला तोड़कर घर में घुसकर उसके अंदर रखें बक्सा का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब दो लाख रूपये का सोने चांदी का आभूषण समेत कंासा पीतल का बर्तन एवं अन्य जरूरतमंद सामान को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया है। घटना के सूचना मिलते ही इसलामपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए आगे की कार्रवाई करने में लगी हुई है। हालांकि गांव में एक ही रात में तीन घरों में चोरी होना ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ था।

## पुरानी रंजिश को ले गोलीबारी

**बिहारशरीफ।** इसलामपुर थाना क्षेत्र के सुकरण बिगहा गांव में पुरानी रंजिश को ले दो गुटों के बीच शुक्रवार की रात्रि कई राउंड गोलियां चली। इतना ही नही गोलीबारी का मामला अभी शांत भी नही हुआ था कि शनिवार की सुबह भी आपसी वर्चस्व को ले तीन से चार चक्र गोलियां चली। इस गोलीबारी में किसी के घायल होने की सूचना नही है। सुकरण बिगहा गांव में पुरानी रंजिश को ले काफी दिनों से दो गुटों के बीच तनाव व्याप्त है। इधर घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस गांव पहुंच मामले की तहकीकात करने में जुटी थी।

# श्रीराम कथा व श्रीमद्भागवत कथा सुन भक्तिरस से विभोर हो रहे श्रोता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** श्री रामकृष्ण सारदा आश्रम राजगीर के तहत बंगाली पाड़ा स्थित शारदा गेस्ट हाउस परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा तथा श्री रामकथा के भव्य आयोजन में लोग भक्ति रस से खूब सराबोर हो रहे हैं, जो पिछले गुरुवार से शुरू है। 17 से 21 अप्रैल के बीच आयोजित इस पांच दिवसीय कथा समारोह में लोगों की भीड़ दिन व दिन बढ़ने लगी है। जहां रोजाना शाम 04 से 05 बजे के बीच श्रीराम कथा तथा शाम 05 से 08 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा जारी है। कथामंच से श्रीराम कथा का वाचन कर रहे पश्चिम बंगाल स्थित बेलूड़ मठ के स्वामी प्रदानंद जी महाराज तथा गुजरात स्थित राजकोट के श्री रामकृष्ण आश्रम से स्वामी गुणेशानन्द जी महाराज को सुनने लोग बड़ी भक्ति भाव से पहुंच रहे हैं। जिसमें सपरिवार शिरकत कर रहे लोग खूब धार्मिक लाभ उठा रहे हैं। श्री रामकथा में स्वामी प्रदानंद जी महाराज ने बताया कि राम नाम की महिमा अपरंपार है। राम नाम की शक्ति अनंत है और इसकी कोई सीमा नहीं है। राम नाम के उच्चारण से तीनों लोक पवित्र हो जाते हैं। स्वामी गुणेशानन्द जी महाराज ने श्री मद्भागवत कथा की महिमा में नारद और भक्ति देवी प्रसंग का वर्णन किया। जिसमें उन्होंने भक्ति के माध्यम से ही भगवान की प्राप्ति संभव है। नारदजी को भगवान का परम भक्त माना जाता है, जो सदैव भगवान के नाम का प्रचार करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा सुनने से आध्यात्मिक विकास होता है और भगवान के प्रति भक्ति गहरी होती है। इस दौरान श्री रामकृष्ण मठ राजगीर के मठाधीश स्वामी रामतत्वानंद जी महाराज, पटना श्री रामकृष्ण मठ के मठाधीश स्वामी सर्व विद्यानंद जी महाराज, मुजफ्फरपुर श्री रामकृष्ण मठ के मठाधीश स्वामी कृष्णामूर्ति जी महाराज के अलावे श्री रामकृष्ण मठ राजगीर के सहायक प्रबंधक सेवक जितेन्द्र कुमार उर्फ जीतू सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जनता दरबार में निजी कब्रिस्तान पर अतिक्रमण का हुआ समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में तीन मामले का निपटारा किया गया। इसका नेतृत्व सीओ गुफरान मजहरी व थानाध्यक्ष राजेश कुमार के द्वारा किया गया।जमीन विवाद से मामलों के निष्पादन के दौरान थाने में तैनात पुलिस बल तथा क्षेत्र के चौकीदार गण तथा अंचल कार्यालय में तैनात राजस्व कर्मचारी चन्दन कुमार भी मौजूद रहे। बताते चलें कि सरकार के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को जमीन संबंधी मामलों का निष्पादन के लिए सभी थाने में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।जहां जमीन संबंधी छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान सीओ और थानाध्यक्ष द्वारा प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी द्वारा किया जाता है।वहीं जटिल समस्याओं का निष्पादन नहीं होने पर लोगों को ऊपरी अदालत में जाने की सलाह दी जाती है। जमीन संबंधित विवाद के निपटारे को लेकर सीओ



गुफरान मजहरी ने बताया कि फरका बुजुर्ग पंचायत के माथाडीह गांव, बहादुरपुर पंचायत के ग़ैरिबा गांव एवं रजौली के करबला नगर से जनता दरबार में कुल तीन मामला आया था। उक्त मामलों में दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद मामले का निष्पादन किया गया वहीं इस बार के जनता दरबार में फर्जी सहमति पत्र के द्वारा निजी भूमि पर बने निजी कब्रिस्तान की भूमि पर अतिक्रमण का मामला छाया रहा। कुंडला मोहल्ला निवासी मो. कैश खान ने बताया कि कुंडल मोहल्ला के अंसारी टोला के प्लॉट नंबर 3350 पर निजी कब्रिस्तान है, जिसमें सिर्फ अंसारी जाति के लोगों का ही अंतिम क्रिया कर्म होता है। जिसे मो. इस्लाम, मो.कामरान,मो. नौशाद आलम, मो. शमशेर आलम, अख्तर हुसैन एवं मो. कासिम आदि द्वारा झूठा कागज बनाकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था वहीं अंचलाधिकारी के सूझबूझ एवं दोनों पक्षों की उपस्थिति से मामले को सुलझा लिया गया साथ ही अंचलाधिकारी ने कहा कि जमीन से संबंधित विवाद होने पर आपस में झगड़ा न करें, इसे जनता दरबार में लाएं और निराकरण कराएं।

# विभिन्न पंचायतों के आठ महादलित टोलों में विकास शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** बिहार महादलित विकास मिशन के अंतर्गत व डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत नवादा डीएम रवि प्रकाश के निर्देश पर शनिवार को कौआकोल प्रखंड के विभिन्न आठ पंचायतों में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दरम्यान विभिन्न विभागों के कर्मियों द्वारा लाभुकों को आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र,आवास हेतु सर्वे, जॉब कार्ड सहित कई जरूरी सेवाएं मौके पर ही प्रदान की गईं। कौआकोल सीओ सह प्रभारी बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य सरकार द्वारा सर्वांगीण विकास के लिए उठाए गए लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सर्व सुलभ करना है तथा साथ ही उक्त योजनाओं से वंचित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय समुदाय के परिवारों के बीच लाभ पहुंचाना है। शिविर में राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का दाखिला,जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड, रोजगार कार्ड बनवाना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बास भूमि बंदोबस्ती, सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजना, बिजली कनेक्शन, सतत जीविकोपार्जन योजना, मुख्यमंत्री टोला संपर्क योजना, प्रधानमंत्री स्वच्छ ग्रामीण योजना, लोहिया स्वच्छता योजना सहित 22 विभागों के योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर को सफल बनाने में कौआकोल सीडीपीओ अंजली कुमारी, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लोकेशनाथ चौधरी, मनरेगा पीओ प्रमोद मिस्त्री, बीपीआरओ शमा बानो, एमओ राजीव कुमार के अलावे विकासमित्र जितेंद्र मांझी, राधा कुमारी, रेखा कुमारी,जवाहर मांझी, रामवृक्ष मांझी, शोभी मांझी आदि ने योगदान दिया।

## विशेष विकास शिविर आयोजित कर दी गई सरकारी याजनाओं की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के 8 पंचायतों के 8 महादलित टोलों में लगा एससी-एसटी विशेष विकास शिविर का आयोजन बीडीओ संजीव झा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष शिविर में आधारकार्ड के साथ पहुंचकर सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए। बीडीओ ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विशेष विकास शिविर हेतु तय माइक्रो प्लान के अनुसार पंचायत स्तरीय टीम का गठन कर शनिवार को फरका बुजुर्ग के माथाडीह गांव में बीसीओ राजकमल भारती, अमावां पूर्वी के लक्ष्मीबिगहा गांव में बीसीओ राकेश कुमार, लेंगुरा में आवास पर्यवेक्षक चंदन कुमार, अंधरवारी में जीविका बीपीएम मनीष कुमार, बहादुरपुर के रजवार टोला में एमओ राजेश कुमार गुप्ता,अमावां पश्चिमी के दरियापुर गांव में मनरेगा पीओ नीरज कुमार त्रिवेदी, धमनी के धमनी टोला में प्रखंड उद्यान पदाधिकारी नवीन कुमार एवं मुरहेना में पंचायती राज के कनीय अभियंता शंकर कुमार के देखरेख में संपन्न हुआ। बीडीओ ने बताया कि इस शिविर में राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना,आधार, नल जल, मनरेगा, शिक्षा, आंगनबाड़ी, जीविका सहित कुल 22 योजनाओं से पात्र लाभुकों को जोड़ने के लिए दर्जनों आवेदन प्राप्त हुए हैं। महादलित टोलों में आयोजित शिविर में दर्जनों पुरुष एवं महिलाओं को सरकारी योजनाओं के बारे जागरूक करते हुए, जरूरतमंद लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया साथ ही बताया कि आगामी 23 और 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले शिविर को संशोधित करते हुए अगले माह में किया जाएगा।

# विधायक ने दलित टोलों का दौरा कर जानी वस्तुस्थिति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नवादा। शनिवार को डॉ अंबेडकर समग्र विकास सेवा अभियान के तहत नवादा एवं नारदीगंज प्रखण्ड के कुल 13 एससी एसटी टोलों में शिविर लगाया गया। इन शिविरों का दौरा करते हुए सदर विधायक विभा देवी ने बताया कि किसी भी शिविर में सभी 22 योजनाओं के पदाधिकारी मौजूद नहीं पाये गए जिसके कारण एससी एसटी टोले में मूल समस्या यथावत रह गई। मुख्य रूप से आधार कार्ड, नल-जल , मुख्यमंत्री आवास योजना, नली -गली जैसी योजनाओं के लिए शिविर में प्रतिनियुक्त अधिकतर टेक्नीशियन या अधिकारी गायब पाये गए। उन्होंने बताया कि मैं स्वयं करीब आठ सेंटर पर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की जबकि शेष पांच




सेंटर पर समयाभाव के कारण अपने प्रतिनिधि को भेजना पड़ा। शिविर में उपस्थिति पंजी पर सभी प्रतिनियुक्त सहायकों का नाम दर्ज था किन्तु उपस्थिति नही थी। उन्होंने यह भी बताया कि नारदीगंज के पड़रिया शिविर में हाजरी बनाकर भी लोग उपस्थित नहीं थे जिसके कारण सभी 22 योजनाओं पर काम नहीं हुआ। इन दलित बस्तियों में मुख्य समस्या पेय जल की है किन्तु इससे संबंधित कोई भी अधिकारी किसी भी शिविर में मौजूद नहीं थे। सदर प्रखण्ड के पहाड़पुर, अमौनी, बलोखर, कादिरगंज मुसहरी, आंती मुसहरी, पौरा, भगवानपुर पंचायत के बीहर चक, महुली के किंजल बिगहा शिविर की जानकारी भी विधायक ने प्राप्त की जबकि नारदीगंज प्रखण्ड के परमा, भटबिगहा, भेलू बिगहा, पड़रिया और पेश के शिविरों का भी दौरा कर जायजा लिया गया। कई महीने से खराब नल जल योजना को दुरुस्त करने में किसी भी अधिकारी की कोई दिलचस्पी नहीं देखी गई। विधायक ने कहा कि शिविर के नाम पर केवल खानापूर्ति करने से यह अभियान सफल नहीं कहा जा सकता है। इसके लिए गंभीरता से समग्र विकास के कॉन्सेप्ट को पूरा करना होगा।

# 44 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 18 अप्रैल 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में 1, अवैध खनन में 3, मद्य निषेध में 2 एवं अन्य गिरफ्तारी 38 कुल 44 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 349 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वाहन जॉच के क्रम में कुल 1100 वाहनों की जॉच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि एक लाख 26 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत दो मोटरसाइकिल, दो टैक्टर, नकद- 1,96,000 रूपया, चांदी का थाली-02, चांदी का छिपली-01, चांदी का कटोरी-03, चांदी का प्लेट-01, चांदी का गलास-02, चांदी का चम्मच-01, चांदी का पायल-01, चांदी का सिंदुर का किया-01, अंगुठी-03, मूर्ति-02 (चांदी के कुल समानो का वजन- 01.649 केजी), सोना धातु का वचन- 21 ग्राम 45 मिलीग्राम, मोटरसाइकिल- 01, लैपटॉप-01, चांदी का बुरादा वजन-620 ग्राम, तसला-03, चुलाई मशीन-02, महुआ घोल विनष्ट-350 ली बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।

# सोनसिहारी पैक्स निर्वाचन-2025 हेतु निषेधाज्ञा लागू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सदर अनुमंडल क्षेत्रांतर्गत सोनसिहारी पैक्स, प्रखंड नवादा सदर के मतदान की तिथि 21 अप्रैल 2025 को प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक निर्धारित की गई है। मतदान के तुरंत बाद नवादा प्रखंड कार्यालय में मतगणना कार्य संपन्न कराया जाएगा। जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश के निदेश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अखिलेश कुमार द्वारा सोनसिहारी पैक्स निर्वाचन-2025 हेतु मतदान एवं मतगणना कार्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने तथा शांतिपूर्ण विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। संबंधित सभी मतदान केंद्रों के आस-पास 200 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार की सभा/ जुलूस/नारेबाजी की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, वाहन तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। उक्त क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति आग्नेयास्त्र, तीर-धनुष, लाठी, भाला, गड़ासा, ईंट-पत्थर एवं मानव शरीर के लिए घातक हथियार लेकर नहीं जा सकेगा। स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान प्रक्रिया के संचालन में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न करना अथवा अशांति फैलाना वर्जित रहेगा। सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में निर्धारित अवधि में सघन गश्ती करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि यातायात तथा विधि-व्यवस्था की कोई समस्या उत्पन्न न हो। उपरोक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 163 एवं अन्य प्रासंगिक अधिनियम/नियमों की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सभी विधि-व्यवस्था संधारण में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस बल पर लागू नहीं रहेगा।

# टॉप-10 बदमाश अमन डॉन समेत 63 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अपराध पर नकेल कसने के लिए नालंदा पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के निर्देश पर पिछले 24 घंटे में जिलेभर में एक साथ कार्रवाई कर कुल 63 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि बिहारशरीफ शहर के टॉप-10 बदमाशों में शुमार अमन उर्फ अमन डॉन की गिरफ्तारी रही। नगर थाना क्षेत्र के गढ़पर मोहल्ला निवासी और कुख्यात पप्पू यादव का पुत्र अमन, शस्त्र अधिनियम समेत कई गंभीर धाराओं में नामजद था और उसके खिलाफ कुल 9 मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। नगर थानाध्यक्ष सम्राट दीपक के नेतृत्व में चली कार्रवाई में पुलिस ने अमन को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। इसी के साथ शस्त्र अधिनियम के तहत वांछित दो सगे भाई सारे थाना क्षेत्र के भैरों बिगहा निवासी संतोष कुमार और विक्रम कुमार तथा रुदल पासवान को भी गिरफ्तार किया गया। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में तीन आरोपितों को पकड़ा गया, जबकि शराब से संबंधित मामलों में 25 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, वाहन चेकिंग अभियान के तहत कुल 228 वाहनों से 2,47,500 का जुर्माना वसूला गया, जिससे यातायात नियमों के पालन को लेकर भी सख्ती देखने को मिली।

# जनसंपर्क यात्रा में डॉ. अनुज ने की अपील- एक मौका मुझे भी देकर देखिए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला के शिक्षाविद व समाजसेवी सह जन जागृति फाउंडेशन के संयोजक डॉ अनुज सिंह के द्वारा लगातार लोगों से मिलने का सिलसिला जारी है। वे लगातार नवादा विधानसभा के विकास के लिए चलाए जा रहे जनसंपर्क यात्रा के द्वारा नागरिकों से मिलकर आने वाले विधानसभा चुनाव में सहयोग करने की अपील करते दिख रहे हैं। लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास कर रहे हैं और समस्याओं को दूर करने के लिए उन्होंने लोगों से कहा कि एक मौका मुझे भी देकर देखिए। कहीं न कहीं नवादा विधानसभा में किसी जनप्रतिनिधि के द्वारा चुनाव के पूर्व लोगों से घर घर जाकर और उनसे





मिलकर उनकी स्थिति को जानने का प्रयास करना यह पहली बार देखा जा रहा है। यह जनसंवाद मुख्य रूप से नवादा को विकसित क्षेत्र के रूप में बनाने के लिए समर्पित है। इस जनसंवाद में लोगों का अपार समर्थन देखने को मिल रहा है। बीते शुक्रवार को जन जागृति फाउंडेशन के द्वारा नवादा प्रखंड के भगवानपुर पंचायत के घंघौली, बेलदरिया एवं महुली पंचायत के सोहजाना, कलेक्टर बीघा, सामाटांड़ सहित कई गांवों में लोगों से मिलकर जन संपर्क अभियान चलाया गया। जहां फाउंडेशन के संयोजक डॉ अनुज ने घर-घर जाकर लोगों से आशीर्वाद लिया साथ ही साथ उनकी समस्याओं से भी वाकिफ हुए। लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को दूर करने का वचन भी दिया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह अभियान नवादा विधानसभा के जन कल्याण हेतु समर्पित है हम इस यात्रा के द्वारा आपकी समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं और अगर आप सबों का सहयोग आने वाले विधानसभा चुनाव में मिला तो इसका सार्थक परिणाम आप तमाम जन समूह को देखने को मिलेगा।

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम में बच्चों को सिखाये गये आपदा से बचाव के गुर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत में अवस्थित रामलाल इंटर विद्यालय के प्रांगण में छात्र-छात्राओं के बीच मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक राणा रंजीत आजाद ने बताया कि विद्यालय में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है जो बच्चों को आपदाओं से बचाने और उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने पर केंद्रित है। इस कार्यक्रम के तहत, विद्यालयों में मॉक ड्रिल, प्रशिक्षण कार्यक्रम और 'सुरक्षित शनिवार' जैसी गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम सजग के तहत स्कूल में छात्र छात्राओं को लू से बचने एवं गृह विज्ञान के तहत लंच व अचार का निर्माण करने के लिए प्रैक्टिकल विद्यालय के प्रांगण में कराया गया। प्रैक्टिकल में शामिल विद्यालय के निशु कुमारी, पूनम कुमारी, सुहानी कुमारी, सोनी कुमारी, ज्योति कुमारी, अंजली कुमारी, सुहानी कुमारी, ऋतु कुमारी, रानी कुमारी, स्वीटी कुमारी, रिया कुमारी, चांदनी कुमारी, माही कुमारी, शिंपी कुमारी, प्रियांशु कुमारी, मुस्कान कुमारी, प्रवीण नाज, रेशमी खातून समेत अन्य कई छात्राएं शामिल हुई। प्रधानाध्यापक ने बताया कि अगले शनिवार को सजग कार्यक्रम के अंतर्गत नवम, दशम एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं के बीच आग लगने से बचाव, निबंध, भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# दिवंगत इंस्पेक्टर नीलेश कुमार नीलू की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के पाली पंचायत के कटनी गांव निवासी व दिवंगत सीआरपीएफ अधिकारी नीलेश कुमार नीलू की पुण्यतिथि उनके पैतृक आवास पर शनिवार को मनाई गई। प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में पूर्व जदयू विधायक कौशल यादव, भाजपा के जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, डॉ. केपी सिंह, मोहन सिंह चंद्रवंशी, मिलन सिंह चंद्रवंशी, जिला पार्षद सह भाजपा नेता अजित यादव,पूर्व जदयू जिलाध्यक्ष जीवन लाल चंद्रवंशी, पैक्स अध्यक्ष सह प्रमुख प्रतिनिधि संजय यादव, स्थानीय पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, समाजसेवी सह स्वदेशी संस्कार संस्थान के प्रबंधक निदेशक योगी त्यागनाथ, भगवान चंद्रवंशी समेत दर्जनों जनप्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लेकर उन्हें याद किया। इस अवसर पर मौजूद सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में संयुक्त रूप से दिवंगत सीआरपीएफ अधिकारी नीलेश कुमार नीलू की प्रतिमा सह शहीद स्मारक का अनावरण किया गया। इस अवसर पर लोगों ने दिवंगत सीआरपीएफ अधिकारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प चढ़ाकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर मौजूद पूर्व विधायक कौशल यादव समेत अन्य वक्ताओं ने शहीद नीलेश कुमार नीलू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए उनके जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला।

# लोन दिलाने का झांसा दे ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** साइबर थाना और कतरीसराय थाना की संयुक्त टीम ने शनिवार को साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में गोरियाबिगहा गांव निवासी रंजीत कुमार सिन्हा का पुत्र गौरव कुमार और प्रिंस राज उर्फ गुलशन कुमार है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से पुलिस ने 6 मोबाइल फोन और 1 लाख 56, 300 नकद बरामद किया है। छापेमारी में साइबर डीएसपी ज्योति शंकर, विकास कुमार, अबू तालिब अंसारी, रवि कुमार, आदित्य कुमार और दोनों थानों पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी भोले-भाले जरूरतमंद लोगों को आसान लोन दिलाने का झांसा देकर उनसे ठगी किया करते थे। वे पहले लोगों को विश्वास में लेते और फिर लोन प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न शुल्कों के नाम पर मोटी रकम ऐंठ लेते थे। इस तरह कई लोगों को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाया गया। डीएसपी ने बताया कि सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि जरूरतमंद लोग किसी भी प्रकार के लोन या आर्थिक मदद के लिए सीधे बैंक से संपर्क करें। किसी भी अनजान व्यक्ति या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के झांसे में न आएं, नहीं तो मेहनत की कमाई भी ठगी का शिकार बन सकती है।

# मुखिया को पत्नी शोक लोगों ने जताया दुख


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के मंझिला पंचायत के मुखिया व बिन्दीचक गांव निवासी इसराईल मियां की पत्नी नाजमा खातून का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष की थीं तथा पिछले कई दिनों से बीमार चल रहीं थी। पैक्स अध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मुखिया इसराईल मियां की पत्नी नाजमा खातून का निधन अचानक हृदयगति रुक जाने से हो गई। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चली गई। उनके निधन पर पैक्स अध्यक्ष नरेंद्र सिंह,पंचायत समिति सदस्य रेणु कुमारी, प्रखण्ड प्रमुख रीना राय,जदयू के जिला उपाध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह सहित दर्जनों लोगों ने गहरा शोक जताते हुए मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है।

# संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने की सार्वजनिक शौचालय की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के होरीला एवं रजौली में शनिवार को महिला संवाद का आयोजन प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी धनंजय कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान संवाद में महिलाओं ने रजौली बाजार में सार्वजनिक शौचालय बनवाने की मांग की साथ ही दर्जनों महिलाओं ने बताई कि रजौली बाजार जाने पर घंटों का समय बाजार में व्यतीत करना पड़ता है।इस दौरान सार्वजनिक शौचालय नहीं रहने पर उन्हें काफी शर्मिंदगी महसूस होती है। महिलाओं ने कहा कि रजौली नगर पंचायत समेत प्रखंड एवं अनुमंडल मुख्यालय है,बावजूद स्थानीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण एक सार्वजनिक शौचालय का



निर्माण नहीं किया गया है। इससे प्रतिदिन बाजार जाने वाली हजारों महिलाओं एवं बच्चों को काफी समस्या होती है। सार्वजनिक शौचालय के अलावे महिला संवाद में महिलाओं ने अपने गांव में उच्च विद्यालय,बैंकों से मिलने वाला ऋण सस्ते ब्याज दर का हो, गली-नली की व्यवस्था सुदृढ़ीकरण, नल-जल एवं स्वास्थ्य सेवा बेहतर बनाने की मांग की है। बीडीओ संजीव झा ने बताया कि वाहन में लगे एलइडी द्वारा महिला सशक्तिकरण नीति 2015, शराबबंदी, आरक्षण, दहेज उन्मूलन, बाल विवाह निषेध, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, छात्रा पोशाक योजना,जीविका जैसी अनेक योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही बताया कि यह अभियान न सिर्फ महिलाओं को जानकारी देने का माध्यम बनेगा, बल्कि उन्हें अपनी सामाजिक भूमिका और अधिकारों के प्रति जागरूक कर सशक्त समाज की नींव रखने में मदद करेगा। सरकार महिलाओं के सुझाव पर आनेवाले समय में बेहतर कार्यक्रम बनाएगी और समस्याओं का निवारण किया जाएगा।

# महिलाओं को पंचायती राज में पचास प्रतिशत आरक्षण देने वाला देश का पहला राज्य बिहार : अमृत लाल मीणा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा चलाए जा रहे जिले के प्रखंडों में महिला संवाद यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने आए नगर प्रखंड के ग्राम पंचायत रसलपुर के डुमरी गांव में मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, मगध प्रमंडल आयुक्त डॉ सफीना ए एन,डीएम डॉ त्याग राजन एस एम ने जीविका दीदी के बीच में महिला संवाद कार्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के बीच में चलाए जा रहे योजनाओ के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने जीविका समूह से कहा कि सरकार महिलाओं को पंचायती राज में पचास प्रतिशत आरक्षण, सरकारी नौकरियों में एवं अन्य विभागों में आरक्षण देने वाले देश का पहला राज्य बिहार है। स्वयं सहायता समूह से उन्हें जानकारी प्राप्त की और हर हाल में होने वाले कठिनाइयों को दूर करने का अश्वासन दिया। आयुक्त ने महिलाओं को समूह में ज्यादा से ज्यादा जुड़कर लाभान्वित की बात की। डीएम डॉ त्याग राजन एस एम ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में महिला संवाद कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, एडीएम परितोष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी कृष्लय श्रीवास्तव, जीविका डीपीएम, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति बीस सूत्री के सदस्य सह सामाजिक कार्यकर्ता डॉ जितेंद्र कुमार सहित सैकड़ों महिला शामिल थे।

## खिलाड़ियों के ठहराव स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सीटी एसपी रामानंद कुमार कौशल ने शनिवार को सीटी डीएसपी टु धर्मेन्द्र भारती एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों के साथ बिपार्ड बोधगया में आयोजित होने वाले बिपार्ड मिनी ओलंपिक स्पोर्ट्स मीट 2025 के लिए निर्धारित आयोजन स्थल एवं खिलाड़ियों के ठहराव स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान सीटी एसपी ने सुरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए बिपार्ड, बोधगया के सुरक्षा उपायों, जैसे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, प्रवेश और निकास बिंदुओं की सुरक्षा एवं अन्य सभी आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा कर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## एक नजर

### मुख्य सचिव से मिले जदयू नेता

**गया (नबिटा ब्यूरो)।** शनिवार को नगर प्रखंड के ग्राम पंचायत रसलपुर के डुमरी गांव में मुख्यमंत्री द्वारा संचालित महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल होने आए मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा को जदयू नेता सह सदस्य जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य डॉ जितेंद्र कुमार ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

### थानाध्यक्ष ने किया जनता दरबार आयोजित

**गुरारू (नबिटा सं.)।** शनिवार को थाना परिसर में सीओ श्रीमती नुपुर एवं थानाध्यक्ष चाहत कुमार द्वारा जनता दरबार आयोजित किया गया। इस जनता दरबार में दर्जनों लोग अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित रहे। सीओ श्रीमती नुपुर ने बताया कि तीन भूमि संबंधी विवादों की सुनवाई की गई तथा कई विवादों में एक पक्ष की अनुपस्थिति के कारण अगली तिथि निर्धारित की गई। अन्य प्राप्त आवेदनों में विपक्षी पक्षकारों की उपस्थिति हेतु नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया। गौरतलब है कि अंचल कार्यालय में कर्मचारियों की घोर कमी के कारण कई आवेदनों में विपक्षी पक्ष तक नोटिस नहीं भेजा जा सका।

### मनरेगा कार्यालय में शोक सभा आयोजित

**गुरारू(नबिटा सं.)।** शनिवार को प्रखण्ड कार्यालय स्थित मनरेगा कार्यालय में पीआरएस आशुतोष कुमार का गुरुवार की रात्रि हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो जाने पर शोक सभा आयोजित किया गया। शोक सभा का आयोजन प्रोग्राम पदाधिकारी के कक्ष में हुआ। इस मौके पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया गया। शोक सभा में पी.ओ. मिथिलेश कुमार सिंह, कार्यालय सहायक रामबाबू, पंचायत रोजगार सेवक अनुप कुमार, विनीत कुमार, विकास कुमार, मिथिलेश कुमार, राकेश कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, कार्यपालक सहायक कुमारी आंचल शर्मा, पंचायत तकनीकी सहायक जननंदन कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर पीआरएस संघ के अध्यक्ष विनीत कुमार ने सरकार से मृतक की पत्नी को अनुकंपा के आधार पर शीघ्र नियुक्ति का मांग किया है।

### भीम रथ सह संवाद यात्रा कार्यक्रम आज से

**गया(नबिटा सं.)।** आगामी 20,21,22 अप्रैल को भीम रथ सह संवाद यात्रा कार्यक्रम 20 अप्रैल को बेलागंज के बेलहाडी 21 अप्रैल को अतरी के गहलौर, 22 को शेरघाटी विधान सभा के डोभी में अनुसूचित जाति बहुल इलाके में कार्यक्रम आयोजन कल से शुरूआत होगी जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है। जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कराए जा रहे योजनाओं के बारे में प्रचार प्रसार के लिए कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। डॉ जितेंद्र कुमार ने कहा कि रथ में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार त्यागी सहित कई लोग शामिल रहेंगे। डॉ जितेंद्र कुमार ने बेलागंज में विधायक मनोरमा देवी, अतरी विधान सभा में पूर्व एमएलसी संजीव श्याम सिंह, पूर्व विधायक डॉ कृष्णनंदन यादव, शेरघाटी में पूर्व मंत्री विनोद कुमार यादव, जिलाध्यक्ष द्वारका प्रसाद सहित प्रदेश सचिव प्रभात राउत व वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। बेलागंज प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, अनुसूचित जाति अध्यक्ष अनुज मांझी कार्यक्रम की सफलता के लिए लगे हुए हैं।

### सौतेली मां ने की फांसी लगाकर चार साल के बच्चे की हत्या

**गया(नबिटा सं.)।** मंझार खुर्द गांव के दलित टोला में हत्यारन मां किरण देवी ने महज 4 साल के सौतेले बच्चे की फांसी लगाकर हत्या कर दी। यह घटना शुक्रवार की शाम की बताई जा रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि शाम में इस बात का खुलासा हुआ जब बच्चे की सगी मां रिया देवी मजदूरी कर घर लौटी। उसने बताया कि जब वह अपने बच्चे सत्यम को जगाने कमरे में ई तो बच्चा नहीं उठ रहा था। उसकी मां ने उसे खूब दुलारा प्यार से उठाया परंतु बच्चा यूं ही लेटा हुआ था उस पर मां के प्यार का कोई असर नहीं हो रहा था तब उसने बच्चे को गोद में उठा लिया। बच्चा का कोई सुगबुगाहट नहीं देख कर वह जोर जोर से रोने चिल्लाने लगी। तभी आसपास के लोग जमा हुए लोगों ने देखा बच्चा मां की गोद में पड़ा है। लोगों को बच्चे की सगी मां ने बताया कि मेरे बच्चे की हत्या की गई है। तब जाकर ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्चे के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल गया भेज दिया। वहीं हत्यारन बनी सौतेली मां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी सौतली मां को गिरफ्तार कर लिया है जबकि पुलिस घटना को बारीकी से छानबीन कर रही है।

## पूर्व कुलपति और परिवार की 20 करोड़ से अधिक की काली कमाई का पदाफार्श

### एबीवीपी के आंदोलन के बाद हुआ बड़ा खुलासा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार की उच्च शिक्षा प्रणाली एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में है। मगध विश्वविद्यालय और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में करोड़ों रुपये के वित्तीय घोटाले ने राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था की साख को गहरी चोट दी है। विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और उनके परिवार पर 2.66 करोड़ की आय से अधिक संपत्ति और 20 करोड़ रुपये से अधिक के भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप है। यह गंभीर मामला उस समय सामने आया जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने इन अनियमितताओं के खिलाफ आवाज बुलंद की और पूरे राज्य में आंदोलन चलाया। एबीवीपी द्वारा दायर जनहित याचिका (पीआईएल) के बाद ही सरकार ने संज्ञान लिया, जांच समिति गठित की गई और बिहार की विजिलेंस टीम ने मामले की गहन जांच शुरू की। एबीवीपी ने विश्वविद्यालय में हो रहे वित्तीय घोटाले और प्रशासनिक लापरवाहियों को लेकर आरटीआई, जन जागरूकता अभियान और जबरदस्त आंदोलन चलाए। इन प्रयासों के चलते सरकार को विवश होकर कार्रवाई करनी पड़ी जिसके फलस्वरूप मगध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, रजिस्ट्रार, शिक्षक और कई प्रशासनिक कर्मचारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि कुलपति ने अपने पद और अधिकारों का दुरुपयोग कर अपने बेटे अशोक कुमार, पत्नी और अन्य पारिवारिक सदस्यों के नाम पर अवैध संपत्ति अर्जित की। उनके खिलाफ दर्ज चार्जशीट में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने, फर्जी कंपनियों के माध्यम से पैसे की हेराफेरी करने और विश्वविद्यालय को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के तथ्य सामने आए हैं। पटना हाईकोर्ट ने इस मामले में शामिल 8 आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद पहले ही न्यायिक हिरासत में हैं और अब उनके बेटे एवं अन्य आरोपी प्रशासनिक अधिकारी भी गिरफ्तारी के दायरे में हैं।

**छात्र नेताओं की प्रतिक्रियाएं**

एबीवीपी के छात्र नेता सूरज सिंह ने कहा कि यदि एबीवीपी समय पर हस्तक्षेप न करती, तो यह घोटाला पर्दे के पीछे ही रह जाता। एबीवीपी की ताकत और छात्र शक्ति की सजगता ने इस भ्रष्टाचार को सामने लाया है। आने वाले समय में भी भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी है।

## जेवर दुकान में सेंधमारी कर साढ़े सात लाख की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** तरवां बाजार के लक्ष्मी मोड़ पर स्थित रामजन्म ज्वेलर्स में बीते शुक्रवार की देर रात दिवार में सेंधमारी कर चोरों ने लगभग आठ लाख रुपए के जेवरात उड़ा लिये। चोरी की जानकारी दुकानदार को तब मिली जब मार्केट के अन्य दूसरे दुकानदार शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे दुकान खोलने पहुंचे। दीवार टूटा देखकर उसकी सूचना संबंधित दुकानदार को दी। पीड़ित दुकानदार रामजन्म प्रसाद ने बताया कि वे रोज की तरह ही शुक्रवार को भी दुकान बंद कर रात्रि को घर गये थे, रात में चोर दुकान के पीछे से छत पर चढ़ गये और नीचे उतरकर दीवार काटकर अंदर घुसे और तिजोरी में रखे सोने - चांदी के आभूषण चुराकर चंपत हो गये। चोर दस इंच मोटी एवं दो फीट चौड़ी दिवार काटकर अंदर घुसे थे। चोरी गये सामग्री में सोना के तीन बालियां, लरियां, टेप, अंगूठी सहित चांदी की पायल, सिकड़ी, पंजा, चूड़ी एवं अन्य सामान शामिल था। दुकानदार ने बताया कि शादी - ब्याह का समय चल रहा है, ऐसे में कुछ सामान ग्राहकों के ऑर्डर का भी था। चोरी से लगभग 7 लाख 50 हजार रुपए के लगभग नुकसान हुआ है जिसकी लिखित सूचना पुलिस को दी गई है एवं पुलिस ने भी आकर स्थल का जायजा लिया।

## बाइक की चोरी, थाना में की शिकायत

**कोंच(नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के ढिबरी गांव से स्पलेंडर बाइक चोरी होने की घटना शनिवार के सुबह 7 बजे सामने आई और स्थानीय पुलिस को शिकायत किया गया है। पीड़ित बसंत कुमार ने बताया कि बीते दिनों गुरुवार के सुबह जगे तो दरवाजे पर से बाइक गायब थी। आसपास के इलाके में बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद कोंच थाने में बाइक चोरी की लिखित शिकायत दी गई है। उल्लेख किया गया है कि बाइक उनके साले राजू रंजन के नाम पर पंजीकृत है, लेकिन वह स्वयं इसका उपयोग करते थे।

## जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक में बूथ कमेटी बनाने पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कोंच।** जदयू कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक में बूथ कमिटी बनाने पर चर्चा शनिवार के दोपहर हुई। बैठक की अध्यक्षता जमीलू रहमान व संचालन मो. मोइन अंसारी ने किया। मुख्य अतिथि जदयू जिला प्रभारी अरुण कुशवाहा ने बताया कि बूथ कमिटी बनाने का उद्देश्य पार्टी को मजबूत करना और संगठन को बढ़ावा देना है। बैठक में आगामी चुनावों के लिए रणनीति पर भी चर्चा हुई। विशिष्ट अतिथि जदयू जिला महासचिव मो. आकिब आलम ने बताया कि जदयू बूथ कमिटी का निर्माण पार्टी के संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर पर पार्टी की उपस्थिति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाएगा। पार्टी नेताओं की देखरेख में सदस्य चयन और पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। बूथ कमिटी के कार्यों में सदस्यता अभियान, प्रचार और जनसंपर्क शामिल होंगे। वहीं, जदयू कार्यकर्ताओं ने जमीलू रहमान को बीस सूत्री उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अभिनंदन समारोह किया तथा मो. वकीलुर रहमान को अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बुके देकर सम्मानित किया गया। वकीलुर रहमान ने कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी दी गई है उसे बखूबी निभाऊंगा और उन्होंने पार्टी के प्रति आभार जताया। मौके पर रणधीर कुमार चंद्रवंशी, चंद्रदीप पासवान, विशुनपत राम, उदय प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## टिकारी प्रखण्ड के विभिन्न टोलों में कैम्प का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** सरकार की जन कल्याणकारी व विकास योजना को अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को आच्छादन करने को लेकर प्रखण्ड के विभिन्न टोला में कैम्प का आयोजन किया गया। बीडीओ योगेंद्र पासवान के नेतृत्व में आयोजित कैम्प में टोला के लोगों को योजना से आच्छादित किया गया। क्षेत्र के संडा, चैता ग्राम पंचायत कर उर विशुनपुर, जलालपुर ग्राम पंचायत के चितौखर, नोनी, छठवां पंचायत के तेतरिया राजपुर, शिवनगर ग्राम पंचायत के धोबी बिगहा, केसपा ग्राम पंचायत के इटहोरी, डिहुरा ग्राम पंचायत के मीरा बिगहा, मखदुमपुर ग्राम पंचायत के भैरवा, लाव ग्राम पंचायत के लाव रविदास टोला में कैम्प का आयोजन किया गया। बीडीओ श्री पासवान ने बताया कि डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत सरकार आपके द्वार विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में टोला के स्कूली बच्चों को विद्यालय किट उपलब्ध कराया गया। वहीं अन्य कल्याणकारी योजना से आच्छादित किया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि से जुड़े मामले का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में आये लोगों को सरकार की विकास योजनाओं से अवगत कराते हुए पात्रता बताई गई। विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविर में पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, महिला पर्यवेक्षिका, आवास सहायक, पीआरएस, शिक्षा सेवक, विकास मित्र, स्वच्छता पर्यवेक्षक सहित कई लोग शामिल थे।

## राष्ट्रीय किसान मोर्चा के पदाधिकारियों का राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन कार्यालय में भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन बिहार प्रदेश के कार्यालय नूतन नगर कालीबाड़ी में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह का शनिवार आगमन हुआ जिसमें भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. शंभू कुमार एवं राष्ट्रीय महामंत्री बाबु भाई, जवेरिया अमूल कंपनी के डायरेक्टर भोला भाई, बिहार भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह तथा अन्य प्रमुख पदाधिकारीगण शामिल हुए। इन सभी अतिथियों के आगमन पर संगठन के सभी सदस्यगण अत्यंत उत्साहित एवं गौरवान्वित महसूस किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा किसान मोर्चा के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने अतिथियों को अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं सम्मान चिह्न प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। इस मुलाकात का उद्देश्य किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करना और मानवाधिकारों की रक्षा में किसानों की भूमिका को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने किसान कल्याण, जैविक खेती, न्यूनतम समर्थन मूल्य और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। इस मुलाकात ने एक सकारात्मक कदम बताया और भविष्य में किसान हित और मानवाधिकार के संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने का संकल्प लिया। अंत में सभी उपस्थित राष्ट्रीय नेताओं के द्वारा डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा को धन्यवाद दिया गया एवं आशीर्वाद के रूप में भाजपा एवं संगठन में और आगे बढ़े। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, कुंदन कुमार सिंह, शशांक मिश्रा, महेश यादव, बबलू गुप्ता, मंटू कुमार आदि उपस्थित रहे।

## तुलसी बिगहा गांव मूलभूत सुविधाओं से है वंचित, सड़क का पता नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड के काबर पंचायत अंतर्गत तुलसी बिगहा गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, यहां सड़क का पता नहीं है। विकास की बाट जोहता यह गांव जहां के ग्रामीण आजादी के 78 वर्षों बाद भी सड़क, गलियों में पीसीसी ढलाई और स्वच्छ पेयजल सहित सभी तरह के सरकारी लाभ जैसी मूलभूत सुविधाओं से आज भी वंचित हैं। यहां नल जल का पाइप तो लगा, लेकिन विगत कई माह से फटा हुआ है और उससे लोगों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। यह गांव काबर बाजार से दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जो प्रधाना इसमाइलपुर मुख्य पथ से एक किलोमीटर की दूरी पर है। गांव के डॉ रामाशीष कुमार, अभिषेक, विजय यादव, महेंद्र यादव, रामदेव यादव आदि ने बताया कि वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। गांव पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। पगडंडियों के सहारे एक किलोमीटर चलकर ग्रामीण मुख्य सड़क तक पहुंचते हैं। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल तक नसीब नहीं है। बीते छः माह पूर्व पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ अनिल कुमार ने कहा था कि टेंडर हुआ है नवंबर माह तक सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत होगी। लेकिन अब तक नहीं हुआ है। वहीं, काबर मुखिया प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया था कि उस गांव में बरसाती पानी सूखने के बाद शीघ्र ही पीसीसी पथ का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। जो वह भी नहीं हुआ है। नल जल के संबंध में बताया कि यह कार्य पीएचईडी का है। विभाग को जानकारी दी जाएगी। परन्तु, अबतक कुछ न हुआ। उसी गांव के रहने वाले राजद प्रखंड प्रभारी डॉ रामाशीष कुमार ने कहा कि मेरे गांव की आबादी पांच सौ से ऊपर है और लोग खेती पर मुख्य रूप से निर्भर हैं। यहां बीते 9 वर्ष पूर्व निवर्तमान जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद यादव के द्वारा दो सौ फीट गली में सोलिंग का एक कार्य हुआ था। उसके बाद कोई कार्य नहीं हुआ है। यहां विद्यालय तक नहीं है। जिला पार्षद रेणु कुमारी के द्वारा पुस्तकालय खोलने की बात कही गई थी। वह भी पूरा नहीं हुआ है। अब देखना है कि नेताओं का आश्वासन, कब जनहित में पूरा होता है।

## शब्दवीणा कर्नाटक प्रदेश समिति द्वारा मासिक काव्यगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** राष्ट्रीय साहित्यिक-सह-सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की कर्नाटक प्रदेश समिति द्वारा प्रथम मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शामिल शब्दवीणा कर्नाटक प्रदेश समिति के सभी पदाधिकारी, शब्दवीणा की राष्ट्रीय समिति, विभिन्न प्रदेश एवं जिला समितियों के रचनाकारों ने एक से बढ़कर एक स्वरचित कविताएं पढ़ीं। काव्य गोष्ठी का संयोजन शब्दवीणा की संस्थापक-सह-राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी, कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष सुनीता सैनी गुड्डी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विजयेन्द्र सैनी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शब्दवीणा विजयेन्द्र सैनी ने की तथा संचालन सुनीता सैनी ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शब्दवीणा कर्नाटक प्रदेश समिति द्वारा आयोजित प्रथम मासिक काव्य गोष्ठी के आयोजन को शब्दवीणा की अन्य प्रदेश तथा जिला समितियों के लिए अनुकरणीय बताते हुए अहिन्दी भाषी प्रदेशों में भी हिन्दी का परचम शान से लहराने हेतु शब्दवीणा परिवार के संकल्प को दुहराया। काव्यगोष्ठी में शब्दवीणा कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष सुनीता सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष विजयेन्द्र सैनी, प्रदेश सचिव आनंद दधीचि, प्रदेश संगठन मंत्री ब्रजेन्द्र मिश्र ज्ञासु, प्रदेश कोषाध्यक्ष पूनम शर्मा, प्रदेश साहित्य मंत्री निगम राज एवं प्रदेश प्रचार मंत्री संध्या निगम के अलावा शब्दवीणा महाराष्ट्र प्रदेश संरक्षक प्रो. डॉ. कनक लता तिवारी, उत्तर प्रदेश समिति से संस्कृत प्रवक्ता रमेश चंद्र, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार जाखड़, बिहार के गया से जैनेन्द्र कुमार मालवीय, डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ रवि प्रकाश, पंकज मिश्र, बेगूसराय से गोविंद कुमार, नवादा से डॉ विनीता प्रिया एवं औरंगाबाद से जिला अध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी शामिल हुए। सभी रचनाकारों ने प्रकृति, प्रेम, देशभक्ति, भारत के इतिहास, राजनीतिक परिवेश, मानवीय व्यवहार आदि विविध विषयों पर रचनाएं पढ़ीं। कार्यक्रम का शुभारंभ शब्दवीणा कर्नाटक प्रदेश प्रचार मंत्री वंदना निगम द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने प्रकृति के विविध रूपों को मुखरित करती अपनी रचना आज प्रातः नींद जब मेरी खुली का सस्वर पाठ किया। गरमी की दाहकता को चित्रित करती डॉ रश्मि की कविता चहुंदिश गरमी ही गरमी की लहक रही है धरती सारी, दहक रही ज्वाला-सी धूप। मन आकुल, तन व्याकुल, धरा सूर्य ने कैसा निर्दय रूप। सूखी नदियां, सूखे पोखर, सूख गये जीवों के प्राण। बन निर्मोही कैसे दिनकर मार रहा किरणों के बाण' पंक्तियों को खूब सराहना मिली। काव्यगोष्ठी में सुनीता सैनी के गीत मां की पायल की घर आंगन में घूमती-फिरती, न्यारी लगती है। मां की पायल बड़ी प्यारी लगती है जैसी हृदयस्पर्शी पंक्तियां सुन श्रोतागण भावुक हो उठे। पूनम शर्मा की सिर्फ बेटियां ही परायी नहीं होतीं, बेटे भी पराये होते हैं, निगम राज की 'मेरा ये ख़्वाब नया है, साथी बेताब नया है, प्यार मोहब्बत का दिल में सैलाब नया है, संध्या निगम की अब अर्चना का वक्त नहीं, वंदना का वक्त नहीं, बहादुरी से दुश्मनों का सामना करो, ब्रजेन्द्र मिश्र की गौरी में सामर्थ्य कहां था कि पृथ्वीराज को मारे! पृथ्वीराज तो अपने कुल के जयचंदों से हारे' पंक्तियों पर भी खूब वाहवाहियां लगीं। महाराष्ट्र प्रदेश संरक्षक डॉ. कनक लता तिवारी की बेहतरीन गजलों ने सभी का दिल जीत लिया। शब्दवीणा गया जिला अध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार मालवीय ने प्रकृति पर रचित गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी। कवि आनंद दधीचि एवं रमेश चंद्र की रचनाएं भी अति सुंदर थीं। कार्यक्रम के समापन में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कवि विजयेन्द्र सैनी ने काव्यगोष्ठी की समीक्षा की। काव्यगोष्ठी का सीधा प्रसारण शब्दवीणा केन्द्रीय पेज से किया गया जिससे जुड़े पुरुषोत्तम तिवारी, अजीत अग्रवाल, पी. के. मोहन, हीरा लाल साव महावीर सिंह वीर, प्रो. सुबोध कुमार झा, प्रो सुनील कु. उपाध्याय, प्रो. शैलेन्द्र श्रीवास्तव सहित सभी दर्शकों ने रचनाकारों का उत्साहवर्द्धन किया।

## अंबेडकर समग्र सेवा अभियान ने किया शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कोंच।** शनिवार को अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत प्रखण्ड के नौ पंचायतों के अनुसूची जाति टोलों में शिविर का आयोजन किया गया। नेतृत्व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने की। शिविर में सभी अनुसूची जाति के गरीबों के लिए हर टोला, हर परिवार व हर सेवा के तहत आवेदन प्राप्त किया गया जिसमें राशन कार्ड से वंचित, आधार कार्ड, शौचालय, आवास आदि से वंचित परिवारों से आवेदन लिया गया है। शिविर में विभिन्न सेवाओं के 1751 परिवारों से आवेदन प्राप्त किया गया है जिसमें 986 परिवारों के आवेदनों का ऑन द स्पाट निष्पादन किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने कहा कि प्रखण्ड के सभी पंचायतों में अनुसूची जाति टोलों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सरकार के सभी प्रकार के योजनाओं का लाभ मिलने के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं और ऑन द स्पाट निष्पादन किया जा रहा है। वहीं, सभी वर्गों के महिलाओं के लिए संवाद का आयोजन का शुभारंभ किया गया है जिसमें जीविका द्वारा संवाद में सरकार के कार्यों का महिलाओं तक संवाद पहुंचाए जा रहे हैं। प्रखण्ड के सिमरा, परसावां, उतरेंन, खजुरी, काबर, असलेमपुर, मंझियावां, श्री गांव, अदई पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। वहीं, महिला संवाद के तहत ग्राम पंचायत केर के निसुरपुर व गौहरपुर पंचायत के ग्राम मखदमपुर में आयोजन किया गया।

CMYK

संपादकीय

# उर्दू पर नफीस फैसला !

सुप्रीम कोर्ट ने उर्दू भाषा को लेकर एक नफीस और दो टूक फैसला यह कहकर दिया है कि उर्दू भारत की ही भाषा है तथा भाषा का कोई धर्म नहीं होता। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने यह टिप्पणी महाराष्ट्र के अकोला जिले के पातुर की पूर्व पार्षद वर्षाताई संजय बागड़े की याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के एक नगर परिषद के साइन बोर्ड पर उर्दू के इस्तेमाल को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए कहा कि भाषा को मज़हब से जोड़ना गलत है। कोर्ट ने ये भी साफ किया कि उर्दू को मुसलमानों की भाषा मानना असलियत और विविधता में एकता से दूर जाने जैसा है। याचिकाकर्ता वर्षाताई बागड़े ने नगर परिषद के साइन बोर्ड या नेमप्लेट पर मराठी के साथ उर्दू के इस्तेमाल को चुनौती दी थी। उनका तर्क था कि नगर परिषद का काम केवल मराठी में ही होना चाहिए और उर्दू का उपयोग, यहां तक कि नेमप्लेट पर भी सही नहीं है। इससे पहले, नगर परिषद और बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि भाषा कोई मज़हब नहीं होती और न ही यह किसी मज़हब का प्रतिनिधित्व करती है। भाषा एक समुदाय, क्षेत्र और लोगों की होती है। भाषा संस्कृति है और सभ्यता की प्रगति को मापने का पैमाना है। उर्दू उत्तरी और मध्य भारत की मिली-जुली सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। कोर्ट ने उर्दू के प्रति भेदभाव को खारिज करते हुए कहा कि यह धारणा गलत है कि उर्दू भारत के लिए विदेशी है। उर्दू एक इंडो-आर्यन भाषा है, जो भारत में ही जन्मी और यहीं पर फली-फूली. कोर्ट ने बताया कि सदियों से उर्दू ने कई प्रसिद्ध कवियों की पसंदीदा भाषा बनकर अपनी शुद्धता हासिल की। कोर्ट ने यह भी कहा कि रोज़मर्रा की हिंदी में बिना उर्दू शब्दों के बातचीत संभव नहीं है। कोर्ट ने कहा कि हिंदी और उर्दू का मिश्रण तब रुक गया, जब दोनों पक्षों ने हिंदी को संस्कृतनिष्ठ और उर्दू को फारसी की ओर ले जाना शुरू किया। कोर्ट ने 2022 के महाराष्ट्र स्थानीय प्राधिकरण (आधिकारिक भाषा) अधिनियम का हवाला देते हुए कहा कि इसमें उर्दू के इस्तेमाल पर कोई रोक नहीं है। इसमें दो राय नहीं कि उर्दू की वाक्य रचना और कुछ हद तक व्याकरण भी हिंदी जैसा है। दोनों आपस में इतनी घुली मिली हैं कि दोनों भाषाओं से एक दूसरे के शब्दों को अलग करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। फर्क है तो केवल लिपि का। भाषा विज्ञान के अनुसार उर्दू भी उसी इंडो यूरोपियन भाषा परिवार की सदस्य है, जिसकी हिंदी है। लेकिन पिछले कुछ समय से कुछ राजनीतिक दल और संगठन उर्दू को विदेशी भाषा के रूप में पेश करके इसका विरोध करते रहे हैं। यह कहकर कि इसे विदेशी आक्रांताओं ने भारत पर थोपा। विदेशी आंक्राता मुसलमानों की भाषा कभी उर्दू थी ही नहीं। वह या तो तुर्की थी, फारसी थी या फिर दारी थी। अरबी आदमी उर्दू नहीं समझ सकता और न ही उसे पढ़ सकता है। दरअसल भाषा के शुद्धतावादियों से दोनों ही भाषाओं को समान रूप से खतरा है। उर्दू की नफासत से हिंदी समृद्ध होती है और हिंदी की प्रांजलता उर्दू में लोकप्रियता और सहजता का रंग भरती है। बिना हिंदी के उर्दू बेमजा है और बिना उर्दू के हिंदी बेरंग है। उर्दू को समृद्ध करने में मुसलमानों के साथ हिंदुओं, सिखों का भी योगदान है। यानी उर्दू सर्वसमावेशी है। भाषा की इसी आत्मा को सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले से संतृप्त किया है।

# आठवें वेतन आयोग के गठन में इतना विलंब क्यों?

**जनवरी 2025 में जब केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की, तो देश भर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। यह घोषणा उनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं थी, क्योंकि वेतन आयोग का गठन न केवल उनकी आय को बढ़ाने का वादा करता है, बल्कि उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने और महंगाई के दबाव को कम करने का भी एक अवसर प्रदान करता है। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, यह उत्साह धीरे-धीरे निराशा और बेचैनी में बदलने लगा। अप्रैल 2025 भी आधा बीत गया, मगर अभी तक न तो वेतन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की गई है, न ही इसका कोई अध्यक्ष घोषित किया गया है, और न ही इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए जनता या विशेषज्ञों से सुझाव मांगे गए हैं। यह देरी न केवल कर्मचारियों की उम्मीदों पर खरा उतरने में बाधा बन रही है, बल्कि यह सवाल भी उठा रही है कि क्या सरकार इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को समय रहते पूरा कर पाएगी।**

**बलदेव राज भारतीय**

वेतन आयोग भारत में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन, भत्तों और अन्य सुविधाओं की समीक्षा करने के लिए गठित किया जाता है। यह प्रक्रिया स्वतंत्रता के बाद से नियमित रूप से चली आ रही है, जिसमें हर दस साल में एक नया वेतन आयोग गठित किया जाता है। सातवें वेतन आयोग, जिसका गठन फरवरी 2014 में हुआ था, ने अपनी सिफारिशें नवंबर 2015 तक दे दी थी। जिससे सातवां वेतन आयोग जनवरी 2016 से अपने समय पर लागू हो गया था। अब आठवां वेतन आयोग जिसको जनवरी 2026 से लागू किया जाना है, के गठन की घोषणा हुए भी चार महीने बीतने को हुए, परन्तु अभी तक सरकार द्वारा घोषणा के अतिरिक्त अन्य कोई कदम इस दिशा में नहीं उठाया गया। आठवां वेतन आयोग जिससे अपेक्षा की जा रही है कि वो न केवल वेतन संरचना में बदलाव लाएगा, बल्कि महंगाई, जीवन यापन की लागत और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों के लिए एक नया ढांचा तैयार करेगा। आठवें वेतन आयोग की घोषणा के साथ ही कर्मचारी संगठनों ने इसे एक स्वर्णिम अवसर के रूप में देखा। बढ़ती महंगाई, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की लागत ने कर्मचारियों के मासिक बजट पर भारी दबाव डाला है। विशेष रूप से मध्यम और निम्न वेतन वर्ग के कर्मचारियों के लिए यह वेतन वृद्धि किसी वरदान से कम नहीं होगी। लेकिन इस प्रक्रिया में हो रही देरी उनकी उम्मीदों पर अनिश्चितता की काली घटाओं की तरह मंडरा रही है।



आठवें वेतन आयोग के गठन में देरी के कई संभावित कारण हो सकते हैं। सबसे पहले, सरकार को इस आयोग के लिए उपयुक्त अध्यक्ष और सदस्यों का चयन करना होगा, जो न केवल अनुभवी हों, बल्कि विभिन्न हितधारकों के बीच संतुलन बनाए रखने में सक्षम हों। दूसरा, आर्थिक स्थिति भी इस देरी का एक कारण हो सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था हाल के वर्षों में कई चुनौतियों से गुजरी है, जिसमें वैश्विक मंदी, महामारी के प्रभाव और मुद्रास्फीति शामिल हैं। वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने में सरकार को भारी वित्तीय बोझ उठाना पड़ता है, और संभवतः सरकार इस प्रक्रिया को शुरू करने से पहले अपनी आर्थिक स्थिति का आकलन कर रही है। तीसरा, वेतन आयोग की प्रक्रिया में समय लगना स्वाभाविक है। आयोग को न केवल वेतन संरचना की समीक्षा करनी होती है, बल्कि विभिन्न कर्मचारी संगठनों, विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से सुझाव लेने, डेटा विश्लेषण करने और फिर अपनी सिफारिशें तैयार करने में भी महीनों लग सकते हैं। इसके बाद सरकार को इन सिफारिशों की समीक्षा करनी होती है, जिसमें कई बार संशोधन और कटौती भी शामिल होती है। यह पूरी प्रक्रिया इतनी जटिल है कि यदि वेतन आयोग का काम समय पर शुरू न हो, तो जनवरी 2026 तक इसे लागू करना मुश्किल हो सकता है। कर्मचारी संगठनों ने इस देरी पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। उनका कहना है कि सरकार ने घोषणा तो कर दी, लेकिन उसका कोई ठोस रोडमैप सामने नहीं आया है। कई संगठनों ने मांग की है कि सरकार जल्द से जल्द आयोग के सदस्यों की घोषणा करे और इस प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से शुरू करे। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि अगर देरी और बढ़ी, तो उनकी वित्तीय स्थिति और खराब हो सकती है, क्योंकि महंगाई का दबाव लगातार बढ़ रहा है। आठवां वेतन आयोग न केवल कर्मचारियों के लिए, बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। सरकारी कर्मचारी देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और उनकी खर्च करने की क्षमता बाजार को गति देती है। वेतन वृद्धि से न केवल उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, बल्कि इससे उपभोक्ता मांग में भी वृद्धि होगी, जो अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। इसके अलावा, वेतन आयोग का गठन कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने और उनकी कार्यक्षमता में सुधार लाने में भी मदद करता है। यह आयोग विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों की विशिष्ट जरूरतों को भी ध्यान में रखता है। उदाहरण के लिए, रक्षा कर्मियों, रेलवे कर्मचारियों, शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों की अलग-अलग चुनौतियां होती हैं, और वेतन आयोग इन सभी पहलुओं पर विचार करता है। इसके अलावा, पेंशनभोगियों के लिए भी यह आयोग महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनकी आय को भी महंगाई के अनुरूप समायोजित करने की आवश्यकता होती है।

यदि आठवें वेतन आयोग के गठन में और देरी होती है, तो इसके कई नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। सबसे पहले, कर्मचारियों का सरकार के प्रति विश्वास कम हो सकता है। दूसरा, यह देरी कर्मचारियों की वित्तीय योजनाओं को प्रभावित कर सकती है, क्योंकि कई कर्मचारी इस वेतन वृद्धि के आधार पर अपने भविष्य की योजनाएं बनाते हैं। तीसरा, अगर आयोग को अपनी सिफारिशें तैयार करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता, तो उसकी गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है, जिससे कर्मचारियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिलेगा। इसके अलावा, देरी से सरकार पर भी दबाव बढ़ेगा। यह सरकार की छवि को प्रभावित करेगा। इससे कर्मचारियों का विश्वास प्रभावित होगा जिससे उनकी कार्य के प्रति अभिरुचि पर प्रभाव पड़ सकता है।

आठवें वेतन आयोग को समय पर लागू करने के लिए सरकार को तत्काल कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले, आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया को तेज करना होगा। इसके लिए सरकार को अनुभवी और निष्पक्ष व्यक्तियों का चयन करना चाहिए, जो इस जटिल प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक संचालित कर सकें। दूसरा, सरकार को कर्मचारी संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ संवाद शुरू करना चाहिए, ताकि उनकी मांगों और सुझावों को प्रक्रिया के शुरुआती चरण में ही शामिल किया जा सके। तीसरा, सरकार को इस प्रक्रिया के लिए एक स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करनी चाहिए। उदाहरण के लिए, अगर आयोग को अपनी सिफारिशें 2025 के अंत तक प्रस्तुत करनी हैं, तो इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। इसके अलावा, सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि आयोग को सभी आवश्यक संसाधन और डेटा समय पर उपलब्ध हों, ताकि वह अपनी जिम्मेदारी को प्रभावी ढंग से निभा सके। आठवां वेतन आयोग न केवल सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा, बल्कि अर्थव्यवस्था को गति देने और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा। लेकिन इस प्रक्रिया में हो रही देरी ने कर्मचारियों की उम्मीदों पर अनिश्चितता का साया डाल दिया है। सरकार को इस दिशा में तत्काल कदम उठाने होंगे, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आठवां वेतन आयोग अपनी सिफारिशें समय पर प्रस्तुत कर सके और इसे जनवरी 2026 से लागू किया जा सके। कर्मचारियों की यह उम्मीद अब सरकार की जिम्मेदारी है, और इसे पूरा करने के लिए समय कम बचा है।

अध्यात्म

## आलोचना से घबराकर धैर्य नहीं खोना चाहिए

आलोचना से कोई भी मनुष्य बच नहीं सकता। जो मनुष्य जितना बड़ा होता है, उसकी आलोचनाएं भी उतनी ही बड़ी होती हैं। इसलिए आलोचना से घबराकर धैर्य नहीं खोना चाहिए। अपने द्वारा व्यक्त प्रतिक्रिया पर ही हमारा सम्मान, भावनात्मक, दृढ़ता और प्रसन्नता निर्भर रहती है। आलोचना दो प्रकार की होती है-रचनात्मक व विध्वंसात्मक। प्रत्येक मनुष्य को जीवन में किसी न किसी समय आलोचना का शिकार होना ही पड़ता है। आलोचना सम्मान पर प्रत्यक्ष हमला करती है। इसलिए क्रोध आना भी स्वाभाविक है। आलोचक को कभी शत्रु नहीं मानना चाहिए कि वह बदनाम करने के लिए लांछन लगा रहा है। ऐसा सदैव नहीं रहता।

भ्रांतियां भी कारण हो सकती हैं। घटना का उद्देश्य सही रूप से न समझ पाने पर लोग मोटा अनुमान यही लगा लेते हैं कि शत्रुतावश ऐसा कहा जा रहा है, जबकि उसकी भूल इतनी सी होती है कि वस्तुस्थिति को समझे बिना किसी प्रसंग का मनमाफिक भाव लगा लेता है और जांच-पड़ताल या प्रतीक्षा किए बिना जो मन में आया, वह कहने लगता है। निंदा करने वालों का इसमेंघाटा ही रहता है। यदि उसकी बात सत्य है तो भी लोग चौकन्ने हो जाते हैं कि कहीं हमारा कोई भेद इसके हाथ तो नहीं लग गया, जिसे यह सर्वत्र बकता फिरे।

झूठी निंदा बड़ी बुरी मानी जाती है फिर विद्वेष उसका कारण माना जाता है। निंदा सुनकर क्रोध आना और बुरा लगना स्वाभाविक है, क्योंकि इससे स्वयं के स्वाभिमान को चोट लगती है, पर समझदार लोगों के लिए उचित है कि ऐसे अवसरों पर संयम से काम लें, आवेश में आकर विग्रह न खड़ा करें। यह देखें कि ऐसा अनुमान लगाने का अवसर उसे किस घटना या कारणवश मिला।यदि उसमें व्यवहार-कुशलता संबंधी भूल रही हो तो भी विचार करना चाहिए कि अटपटे व्यवहार भी कई बार दोष-दुगरुण जैसे ही खतरनाक होते हैं। यदि बात सर्वथा मनगढ़ंत सुनी-सुनाई है तो अवसर पाकर यह उन्हीं से पूछा जाना चाहिए कि उसने इस प्रकार गलतफहमी क्यों उत्पन्न की, एक बार कारण तो पूछ लिया होता। इतनी छोटी बात से उसका मुख भविष्य के लिए बंद हो जाएगा और यदि कही बात सत्य है तो आत्मसुधार की बात सोचनी चाहिए। आलोचना की गई बातों को सत्यता की कसौटी पर कसें।

# मुर्शिदाबाद हिंसा कांड पर कुछ अनुत्तरित सवाल

**मुर्शिदाबाद घटना के गर्भ से कुछ बेहद गंभीर सवाल उठे हैं, जो सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों को कठघरे में खड़े करने की ताकत रखते हैं। जरा सोचिए, कि कहां तो हम बांग्लादेश के हिंदुओं की चिंता करते नहीं अघाते थे, लेकिन हम तो अपने ही घर बंगाल के हिंदुओं की रक्षा कर पाने में असमर्थ साबित होने लगे हैं। और तो और, अब जांच एजेंसियां बता रही हैं कि मुर्शिदाबाद हिंसा की योजना तुर्की में बनाया गया था, जिसे बांग्लादेश के रास्ते बंगाल तक पहुंचाया गया। यह भी, कि इसके लिए बाकायदा 02 महीने पहले ही ट्रेनिंग दी गई थी, जिसमें पुलिस से बचकर दंगा भड़काने और स्थानीय मदरसों से मदद लेने की भी बातें शामिल हैं।**

**चेतनादित्य आलोक**

पश्चिम बंगाल के हिंसाग्रस्त मुर्शिदाबाद के धुलियान कस्बे में वैसे तो वक्फ कानून का विरोध 08 अप्रैल से चल रहा था, लेकिन शुक्रवार 11 अप्रैल को जुमे की नमाज के बाद इलाके में माहौल अचानक तब बिगड़ गया, जब लगभग 150 लोगों ने मोहल्ले के निहत्थे और मासूम निवासियों जोरदार हमला कर दिया। जब 51 साल की बेबस और लाचार महिला जानकी मंडल ने फूट-फूट कर रोते हुए अपनी आंखों के सामने घटी घटना का टीवी पर वर्णन किया तो सचमुच बहुत दुःख हुआ। वह बता रही थीं कि बेकाबू भीड़ ने हिंदुओं के घरों और दुकानों में आग लगा दी। पुरुषों को मारा-पीटा और सबकी आंखों के सामने ही उनकी बेटी-बहुओं और माताओं का मान लूटने की कोशिश की। उग्र भीड़ में शामिल आतताइयों ने मोहल्ले वालों को धमकी दी कि भाग जाओ, वरना मारे जाओगे और लाचार मोहल्ले वाले चुपचाप यह सब देखते-सुनते रहे। फिलहाल, अपने ही देश में मालदा के वैष्णव नगर स्थित एक स्कूल में शरणार्थी बनकर रह रहीं जानकी मंडल ने यह भी बताया कि कैसे वह अपनी इज्जत और जान बचाकर बच्चों के साथ वहां से भागी थीं। बता दें कि यह पीड़ा केवल जानकी मंडल की नहीं, बल्कि वैष्णव नगर के स्कूल में शरणार्थी बनकर रह रहे लगभग 04 दर्जन हिंदू परिवारों की भी है, लेकिन ऐसा सोचना मूर्खता होगी कि मुर्शिदाबाद हिंसा कांड के सबसे अधिक पीड़ित और दुखी धुलियान कस्बे के लोग ही हैं।

और ऐसा सोचने की भूल तो कदापि नहीं करनी चाहिए कि इस भयावह पीड़ा और संत्रास वाली निमर्म घटनाओं की चौहद्दी धुलियान कस्बे तक ही सीमित है, बल्कि सच तो यह है कि मुर्शिदाबाद के विभिन्न इलाकों से आने वाली इस पीड़ा और संत्रास की आर्त चीखें दूर-दूर तक किसी भी संवेदनशील व्यक्ति के लिए हृदय विदारक रही हैं। जाहिर है कि दुःख-दर्द, निराशा, हताशा, बेबसी, लाचारी और आक्रोश से भरी बिल्कुल धुलियान के लोगों जैसी ही कहानियां कई अन्य इलाकों की भी है। टीवी चैनलों की भीड़ में एक चैनल पर शमशेरगंज इलाके के प्रसेनजीत दास ने भी रोते-कलपते हुए अपनी आपबीती तथा आंखों देखी घटनाएं टीवी पर बताई। गौरतलब है कि मुर्शिदाबाद हिंसा के मृतकों में से दो लोग प्रसेनजीत दास के परिवार से ही थे। मृतकों में एक उनका चचेरा भाई हरगोविंद दास और दूसरा भतीजा चंदन था। प्रसेनजीत ने जैसा टीवी पर बताया उसके अनुसार 10 अप्रैल की रात में लगभग 400 लोगों की भीड़ तलवार और छुरियां लहराते हुए मोहल्ले में घुसी। भीड़ में शामिल आतताइयों ने 25 से 30 घरों, होटलों, दुकानों आदि में तोड़-फोड़ की और उन्हें आग के हवाले कर दिया। आंखों में भय भरकर प्रसेनजीत ने बताया कि भीड़ बहुत उग्र थी, इसलिए हमलोग उनसे भीड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाए और जो कुछ वे करते रहे हमलोग चुपचाप देखते रहे।

उक्त घटना के संबंध में एक अन्य बेहद खौफजदां व्यक्ति ने बताया कि भीड़ की उग्रता और



आतंक इतना था कि कोई कुछ भी करने में असमर्थ महसूस कर रहा था। इसलिए सभी अपनी-अपनी जान बचाकर भागने में ही लगे रहे। जाहिर है कि ये सभी आपबीती तथा आंखो देखी पीड़ा-व्यथाएं बिल्कुल सच्ची हैं। इनके अलावा, एक और सच, जिसे अब पूरी दुनिया जान और समझ चुकी है, वह यह कि इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी बंगाल सरकार की मुखिया ममता बनर्जी की 'ममता' अब तक नहीं जाग पाई है। जरा सोचिए, कि बंगाल के मुर्शिदाबाद के सुती, धुलियान, शमशेरगंज और जंगीपुर इलाकों में हुई हिंसा में कम-से-कम 03 लोगों की जान चली गई, 15 पुलिसकर्मी घायल हुए और सैकड़ों लोग बेघर हो गए। हालांकि, इस मामले में अब तक 300 से भी ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं, कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश के बाद हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय सुरक्षा बलों के 1600 जवान भी तैनात किए जा चुके हैं। हिंसा प्रभावित शमशेरगंज के एक निवासी हबीबउर रहमान ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि बीएसएफऔर सीआरपीएफकी तैनाती के बाद इलाके में माहौल शांत है। वैसे, खबरें यह भी आ रही हैं कि प्रशासन ने लोगों से दुकानें खोलने और अनुशासन बनाए रखने की बात कही है। वहीं, पीड़ित हिंदू परिवारों ने बीएसएफ की स्थायी तैनाती की मांग की है। उनके भीतर उस उग्र भीड़ का ऐसा खौफ समाया है कि उन्हें लगता है कि यदि बीएसएफ हटी तो फिर से स्थितियां खराब हो सकती हैं। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा प्रतीत होता है कि ममता बनर्जी मृतकों और घायलों से मिलने उनके आंसू पोंछने के बजाए लगभग एक वर्ष के बाद होने वाले बंगाल चुनाव की गोटियां बिछाने में लगी हैं। जाहिर है कि यदि ऐसा नहीं होता तो वह कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम पहुंचकर इमामों से मिलने के बजाए मुर्शिदाबाद हिंसा कांड के पीड़ित-प्रताड़ित, खौफजदां, बेबस और लाचार भुक्तभोगी परिवारों से मिलने, उनको मदद पहुंचाने और उनका दुःख-दर्द बांटने जातीं। यदि यह भी मान लें कि उनकी कोई राजनीतिक मजबूरी रही होगी, तो कम-से-कम पीड़ितों को सांत्वना देने और ढाढ़स बंधाने के लिए वह अपना एक प्रतिनिधि ही भेज देतीं, लेकिन अब तक उन्होंने ऐसा भी नहीं किया है। हां, मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा उन्होंने अवश्य की है। बहरहाल, उक्त घटना के गर्भ से कुछ बेहद गंभीर सवाल उठे हैं, जो सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों को कठघरे में खड़े करने की ताकत रखते हैं। जरा सोचिए, कि कहां तो हम बांग्लादेश के हिंदुओं की चिंता करते नहीं अघाते थे, लेकिन हम तो अपने ही घर बंगाल के हिंदुओं की रक्षा कर पाने में असमर्थ साबित होने लगे हैं। और तो और, अब जांच एजेंसियां बता रही हैं कि मुर्शिदाबाद हिंसा की योजना तुर्की में बनाया गया था, जिसे बांग्लादेश के रास्ते बंगाल तक पहुंचाया गया। यह भी, कि इसके लिए बाकायदा 02 महीने पहले ही ट्रेनिंग दी गई थी, जिसमें पुलिस से बचकर दंगा भड़काने और स्थानीय मदरसों से मदद लेने की भी बातें शामिल हैं।

इस पर दो बेहद गंभीर सवाल बनते हैं। पहला, यह कि हम हिंदुओं को प्रताड़ित करने के लिए किस मुह से यूनुस को दोष दें। उनसे कैसे कहें कि बांग्लादेश में हिंदू असुरक्षित और पीड़ित हैं, जबकि सच तो यह है कि हिंदू बंगाल में भी सुरक्षित नहीं हैं। दूसरा सवाल, यह कि राज्य और केंद्र की हमारी सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां क्या कर रही थीं कि तुर्की में बनी और बांग्लादेश के रास्ते मुर्शिदाबाद तक पहुंची योजना को हम विफल नहीं कर पाए। जब हिंसा के दौरान बांग्लादेश से भारत में 71-150 कॉल किए गए, तब हमने उन्हें इंटरसेप्ट क्यों नहीं किया। वास्तव में ये कुछ सवाल हैं, जिनके उत्तर मिलना अभी शेष हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
परीक्षाओं में प्रदर्शन काफी अच्छा हो सकता है। बिजनेस डील के लिये थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। लोग आपके व्यक्तित्व से काफी आकर्षित रहेंगे।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र की परेशानियाँ स्वतः समाप्त होंगी। कारोबार में वृद्धि के लिये आप लोन ले सकते हैं। धर्म और अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी।

**मिथुन**
आपको एक साथ अनेक कार्य करने पड़ सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति मन में आदर भाव जागृत होगा। अपने भोग-विलास पर आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कर्क**
पुराने व्यापारिक समझौतों से लाभ होगा लेकिन वह धन तुरन्त खर्च भी हो सकता है। आप जिन लोगों का हित करेंगे, वे लोग ही आपका अनादर कर सकते हैं।

**सिंह**
कसंल्टेंसी वाले व्यवसाय में लाभ की स्थिति बनेगी। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी। सन्तान के विवाह की सम्भावना बन रही है।

**कन्या**
नयी नौकरी की शुरुआत कर सकते हैं। मन में दान-पुण्य की भावना जागृत होगी। अपने जीवनस्तर को सुधारने का प्रयास करेंगे।

**तुला**
बौद्धिक कार्यों में आपका मन लगेगा। रुके हुये कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। बच्चे घरेलू कामकाज में रुचि लेंगे। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक रहेंगे।

**वृश्चिक**
यदि आपका वजन बढ़ रहा है तो अपनी जीवनशैली में तुरन्त परिवर्तन कर लें। अनुसन्धान सम्बन्धी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व मजबूत होगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**मकर**
पैतृक सम्पत्ति को लेकर चल रहे मामलों में समझौता हो सकता है। रुके हुये कार्यों को आप समय पर पूर्ण कर लेंगे। समाज में आपकी ख्याति बढ़ेगी। आपकी निर्णय क्षमता की प्रशंसा होगी।

**कुंभ**
अपनी योजनाओं को लेकर आत्मविश्वास में कमी रहेगी। लोग आपके सहयोग की उपेक्षा कर सकते हैं। लेकिन फिर भी आप लोगों की मदद करते रहेंगे।

**मीन**
आज का दिन तनावपूर्ण रहने वाला है। जीवनसाथी का स्वास्थ्य आपको परेशान कर सकता है। कार्यक्षेत्र में लोग आपके ऊपर अधिक निर्भर रहेंगे।

# पांच जिलों में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का होगा आयोजन

## 28 राज्यों से 10 हजार प्रतिभागी लेंगे भाग : खेल मंत्री



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारी को लेकर खेल मंत्री, बिहार सरकार सुरेन्द्र मेहता द्वारा शनिवार को पत्रकारों को संबोधित किया गया।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए खेल मंत्री श्री मेहता ने बताया कि बिहार खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसमें 28 राज्यों के लगभग 10 हजार प्रतिभागी भाग लेंगे। यह बिहारवासियों के लिए गर्व की बात है। बिहार में भी खेल अब गांव-गांव तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिनांक 04 मई को पटना में किया जायेगा। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी द्वारा मेडल लाओ, नौकरी पाओ का नारा दिया गया है, जो खिलाड़ियों को खेल के प्रति नई उर्जा प्रदान कर रही है। श्री मेहता ने बताया कि बिहार के पांच जिले नालंदा, पटना, गया, भागलपुर एवं बेगूसराय में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। बेगूसराय जिले के बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम एवं यमुना भगत स्टेडियम, तेघड़ा में फुटबल का मैच आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 8 बालक एवं 8 बालिकाएं की कुल 16 टीमें भाग लेगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सोमेश माथुर द्वारा बताया गया कि मंत्री एवं जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन कार्यक्रम की पिछले एक माह से लगातार तैयारी कर रहा है तथा मैदानों का भी निरीक्षण किया जा रहा है ताकि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टफ, अफिसियल सहित लगभग 472 प्रतिभागी भाग लेंगे। श्री माथुर ने बताया कि प्रतिभागियों के भोजन एवं ठहरने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 7 अच्छे होटलों की व्यवस्था की गई है। साथ ही परिवहन पदाधिकारी द्वारा प्रतिभागियों के लिए अच्छे वाहनों की भी व्यवस्था की गई है। खिलाड़ियों के प्रैक्टिस करने के लिए केन्द्रीय विद्यालय के मैदान, बीएमपी 8 के मैदान एवं गांधी स्टेडियम को तैयार कराया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए कुल 22 कोषांगों का गठन किया गया है। सभी कोषांग का एक-एक नोडल पदाधिकारी का गठन किया गया है। प्रत्येक दिन जिला पदाधिकारी द्वारा सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों से तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। डीडीसी ने बताया कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स के साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण के लिए नगर आयुक्त, नगर निगम, नगर परिषद बरौनी, बीहट, तेघड़ा, एनएचएआई, आरसीडी एवं प्रचार-प्रसार के लिए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को जिम्मेवारी दी गई है।होस्ट सिटी एक्टिवेशन में नगर आयुक्त नगर निगम को जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें यूनिपोल ड्रप डाउन फलेक्स, वाल पेंटिंग, बस, टैंपो, टोटो में स्टीकर आदि लगाया जायेगा। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा जगह-जगह पर हडिंग, बैनर लगाये जाने की बात कहीं गई।मंत्री ने खेलों इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन की सक्रियता की सराहना की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं पत्रकार उपस्थित थे।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरचक।** आज मंसूरचक प्रखंड क्षेत्र के आगापुर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी की ओर से बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारी हेतु राष्ट्रीय पर्यवेक्षक पुष्पेंद्र साहु के गरिमामई उपस्थिति में बछवाड़ा, मंससूरचक तथा भगवानपुर प्रखंड के पदाधिकारियों की बैठक आहुत की गई। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय पर्यवेक्षक पुष्पेंद्र साहु ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान व बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव -2025 में कांग्रेस पार्टी के परंपरागत सीटों में से एक बछवाड़ा विधानसभा सीट से इंडिया गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का चुनाव लड़ने पर गठबंधन में आपसी सहमति हो जाने के स्पष्ट निर्देश के उपरांत मुझे आलाकमान के द्वारा बछवाड़ा विधानसभा का चुनाव प्रभारी नियुक्त कर भेजा गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के हर घर झंडा अभियान, संविधान लीडरशिप अभियान में अधिकाधिक संख्या में दलित, पिछड़े, अतिपिछड़ा तथा समान्य वर्गों के साथ-साथ महिलाओं को भी संगठन में 50 प्रतिशत सहभागिता आदि कार्यक्रमों में तेजी लाने का निर्देश दिया तथा अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक बछवाड़ा विधानसभा के प्रत्येक प्रखंड में प्रखंडस्तरीय वृहत कार्यकर्ता सम्मेलन करने का निर्देश दिया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश से नामित कार्यक्रम प्रभारी भी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय पर्यवेक्षक ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने बछवाड़ा विधानसभा में अपने अलग-अलग कार्यक्रम व चुनाव की तैयारी हेतु दिल्ली से कुल 41 पर्यवेक्षकों की टीम की नियुक्ति किया गया है। उक्त बैठक में बेगूसराय युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, मंसूरचक प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर महतो, भगवानपुर प्रखंड अध्यक्ष यशवंत चौधरी, बछवाड़ा प्रखंड अध्यक्ष संजय चौधरी, मंडल अध्यक्ष मो युनीश, इन्द्रदेव राय, मंडल अध्यक्ष सुरेश राय, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष उमेश दास,चंदन कुमार यादव, चन्द्रमणि कुमार, पूर्व प्रमुख कृष्ण कुमार राय, ओबीसी के जिला अध्यक्ष राम स्वार्थ साह, पूर्व मुखिया रामाशीष सहनी,अशोक महतो, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार, अरविंद शर्मा,मो अहमद, राजीव पोद्दार, राम कल्याण महतो,संजय पासवान, श्याम नंदन महतो, युवा कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष निखिल कुमार सहित दर्जनों सांगठनिक पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालेश्वर महतो ने किया तथा संचालन राम कल्याण महतो ने किया।

# शान्ति सभा में शामिल हुए राजनेता, समाजसेवी व जनप्रतिनिधि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूसा।** प्रखण्ड के चंदौली पंचायत स्थित जगदीशपुर निवासी सह व्यापार मंडल पूसा अध्यक्ष प्रेमकुमार झा उर्फ मुन्ना झा की माता स्मृति शेष योगमाया देवी के शांति भोज में सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, पूर्व प्रखण्ड प्रमुख सह पूर्व जिला पार्षद संजय कुमार सिंह, पुर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष ध्रुव पाठक, वर्तमान मंडल अध्यक्ष रंजन शर्मा, चंदौली मुखिया शैलेश झा, कमलधारी पटेल, मुकेश पटेल, विनय पटेल, सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, पैक्स अध्यक्ष, जन प्रतिनिधि, व समाजसेवी ने पहुंच कर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को आयोजित शान्ति सभा में दिवंगत आत्मा की शान्ति केलिए प्रार्थना भी की गई। मौके पर जवाहर झा, अरूण कुमार झा, अशोक कुमार झा, केदार झा, पप्पू कुमार झा, शिक्षक नेता विमलेन्दु कुमार झा, सहित सैकडों लोग मौजूद थे। वहीं शनिवार को भी श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। जिसमें मीडिया कर्मी देवेन्द्र झा, अभय कुमार, सुभाष चंद्र कुमार, पूर्णेदु कुमार, सचिन भारद्वाज, अरविंद पाठक, आदि शामिल थे।

# जेईई मेंन में अधिकांश छात्रों ने हासिल किए 90 फीसद से अधिक अंक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जीईई मेन 2025 की परीक्षा में शानदार परिणाम हासिल कर एक बार फिर छात्रों ने शहर के काशीपुर स्थित शिक्षाकुंज की श्रेष्ठता साबित कर दी है। इस परीक्षा में शिक्षा कुंज के छात्रों का परफॉर्मेंस एक बार फिर से शानदार रहा है। इस परिणाम से उत्साहित निदेशक ई अनिरूद्ध प्रताप ने बताया कि एनटीए की ओर से आयोजित जीईई मेंन की परीक्षा के हालिया घोषित परिणाम में शिक्षाकुंज से सौरव 98.73, राहुल 98.67, देवेश 97.81, प्रकाश 97.25, अभिषेक 96.97, भूषण 96.06 वही लड़कियों में अंजली कुमारी ने 92.64 परसेंटाइल हासिल किया। साथ ही शिक्षाकुंज के 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल कर अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज की है। इस परीक्षा परिणाम से शिक्षाकुंज परिसर में हर्ष व जश्न का माहौल है। अपने शिक्षकों व उपस्थित छात्रों को मिठाई खिला कर बधाई देते हुए श्री प्रताप ने कहा कि सीनियर स्टूडेंट्स के साथ-साथ शिक्षाकुंज के सभी फैकेल्टी हर समस्या और डाउट्स के समाधान के लिए 24 घंटे तत्पर रहते है। संस्थान के द्वारा ऑफलाइन के साथ साथ-साथ ऑनलाइन क्लासेस, रिकॉर्डे ड लेक्चर से भी स्टूडेंट्स के डाउट्स को क्लियर किया जाता है। इतना ही नहीं वन बाई वन हर स्टूडेंट्स के निजी समस्या को ध्यान में रखते हुए उनका समुचित मार्गदर्शन भी हमारा दायित्व है। जिसका यह परिणाम है कि जेईई बैच के अधिकांश स्टूडेंट्स ने 90 परसेंटाइल से अधिक रिजल्ट हासिल किए हैं। इस शानदार सफलता का श्रेय छात्रों की कठिन मेहनत, निरंतर अथक अभ्यास, उनके माता-पिता का विश्वास व सहयोग एवं हमारे अनुभवी शिक्षकों के नवाचारी प्रयोगों को जाता है। श्री प्रताप ने बताया कि अब आगामी जेईई एडवांस की परीक्षा में बेहतरीन परिणाम के लिए शिक्षाकुंज टीम एक-एक बच्चों पर वन बाई वन विशेष मेहनत करेगी।

# प्रतिभा सम्मान समारोह सह अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर/विभूतिपुर।** जिले के विभूतिपुर प्रखंड स्थित जगतारणी उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह सह अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरूण कुमार ठाकुर, माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य कार्यकारिणी सदस्य निलय कुमार, रामदेव राय एवं गणित शिक्षक सुरेश कुमार, विज्ञान शिक्षक मनोज कुमार साह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। स्वागत सम्मान एवं उद्घाटन की औपचारिकता के बाद विधायक



ने बच्चों से लगन के साथ अपने पढाई करने तथा बडा होकर जिम्मदेरी के साथ दायित्व का निर्वाहन करने की अपील की। साथ ही अपना लक्ष्य हासिल कर विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने का आवाह्न किया। विशिष्ट अतिथि सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा नरेंद्र कुमार सिंह ने बच्चों से नियमित विद्यालय आने एवं अध्ययन के समय का सदुपयोग करने का आवाह्न किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं मंच संचालन गणित शिक्षक सुरेश कुमार ने किया। शिक्षक नेता रामदेव राय ने विद्यालय प्रबंध समिति के पूर्व दानदाता सदस्य राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक स्वर्गीय हरिश्चंद्र चैधरी के शिक्षा के क्षेत्र में बताए रास्ते पर चलने का आवाह्न किया। इस दौरान विभिन्न कक्षाओं में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को विधायक एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। साथ ही विज्ञान एवं गणित के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। आईएसईआर पुणे एवं आरआईई भुवनेश्वर से प्रशिक्षण प्राप्त नवाचारी शिक्षा हेतु गणित शिक्षक सुरेश कुमार को डीपीओ ने सम्मानित किया। साथ ही विधायक ने डीपीओ श्री सिंह को स्व हरिश्चन्द्र चैधरी द्वारा लिखित पुस्तक एवं मिथिला शॉल से सम्मानित किया।


# भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह पर कोर्ट ने किया सम्मन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला व्यवहार न्यायालय से भोजपुरी एक्टर अक्षरा सिंह के खिलाफ सम्मन जारी किया गया है। दरअसल अक्षरा सिंह पर इवेंट के नाम पर 5 लाख रुपए लेने और कार्यक्रम में 3 घंटे के बदले आधे घंटे में गुस्सा कर छोड़ कर चले जाने का आरोप लगाते हुए बेगूसराय के लोग गायक शिवेश मिश्रा ने 2023 में एक परिवाद पत्र दाखिल किया था। जिस पर शनिवार को बेगूसराय न्यायालय के प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी ओमप्रकाश के न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए सम्मन जारी किया है। बेगूसराय के मंसुरचक थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव निवासी लोक गायक शिवेश मिश्रा ने समस्तीपुर में दुर्गा पूजा के दौरान अक्टूबर 2023 में अक्षरा सिंह को 5 लाख रुपए देकर सांस्ःतिक कार्यक्रम का आयोजन किया था। आरोप है की सांस्ःतिक कार्यक्रम 3 घंटे के लिए बुक किया गया था। लेकिन अक्षरा सिंह ने आधे घंटे में ही कार्यक्रम में किसी बात से नाराज होकर माइक फेंक कर चली गई थी। जिसे आयोजक को काफी नुकसान हुआ था। और वहां हंगामा हुआ था। इसी को लेकर लोक गायक शिवेश मिश्रा ने बेगूसराय न्यायालय में एक परिवार पत्र अक्षरा सिंह और उनके पिता विपिन सिंह पर दर्ज कराई थी। अब इस मामले में न्यायालय में संज्ञान लिया और प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी ओम प्रकाश के न्यायालय से सम्मन किया गया है। इस मामले में शिवेश मिश्रा के अधिवक्ता प्रमोद कुमार ने बताया कि समस्तीपुर के सिंधिया नगमा गांव में दुर्गा पूजा समिति के द्वारा सांस्ःतिक कार्यक्रम के लिए अक्षरा सिंह को सांस्ःतिक प्रोग्राम पेश करने के लिए 5 लाख की राशि देकर बुक किया था। यह प्रोग्राम 3 घंटे तक होना था। लेकिन अक्षरा सिंह ने आधे घंटे में ही प्रोग्राम छोड़कर चली गई । इसी को लेकर शिवेश मिश्रा ने परिवार पत्र दाखिल किया था। जिसमें आज कोर्ट ने संज्ञान लिया और अक्षरा सिंह के खिलाफ सम्मन जारी किया गया है।

# स्वर्णिम अतीत के बावजूद अपना अस्तित्व तलाशती महाकवि विद्यापति की कर्मस्थली

**डॉ संजय कुमार राजा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**ओईनी।** वह धरती जहां की माटी महाकवि के बाल्यकाल की अठकेलियों की साक्षी है, जहां के कण-कण ने मैथिल कोकिल, कविकुल शिरोमणी विद्यापति के यौवन की अंगराई बसी है, जहां का जर्रा-जर्रा उनके मौजूदगी के मधुर अहसास को अपने स्मृतियों में संजोये है, वह धरती जहां महाकवि ने कीर्ति लता, कीर्ति पताका, लिखनावली ही नहीं अपनी कालजयी रचना पदावली के अधिकांश हिस्सों को कलमबद्ध किया था, वही धरती जहां की हवाओं ने युवराज शिवसिंह एवं विद्यापति की निष्कपट एवं अलौकिक मित्रता को फलते-फूलते देखा, महारानी लखिम दई एवं विद्यापति के सुकोमल, सात्विक एवं निश्छल प्रेम को महसूस किया, वह धरती है समस्तीपुर जिले के पूसा प्रखण्ड स्थित ओईनी। विडंबना देखिए कि कविकुल शिरोमणी मिथिला कुलभूषण विद्यापति की जन्म स्थली मधुबनी जिले के बिस्फी को तो इतिहास में जगह मिल गया, उनकी प्रयाण स्थली भी भक्त और भगवान की मिलन स्थली विद्यापतिधाम के रूप में स्थापित हो गया, किन्तु महाकवि के जन्म एवं प्रयाण के बीच की अवधि करीब 32 वर्ष की अवधि का साक्षी सबसे महत्वपूर्ण स्थल, जहां उन्होंने कई कालजयी रचनाओं का सृजन किया अर्थात उनकी कर्मस्थली ओईनी का उल्लेख करने में भी कुछ ही साहित्यकारों ने शब्द खर्च किए। और आज यह स्थली अपने स्वर्णिम अतीत के सहारे अपने अस्तीत्व को तलाश रहा है। विभिन्न रचनाकारों, लेखकों के मुताबिक विद्यापति के जन्म, कार्यकाल आदि में परस्पर मतभेद होने के बावजूद जो निर्विवाद एवं समान संयोग है उसके मुताबिक 1352 में जन्में महाकवि विद्यापति के पिता पंडित गणपति ठाकुर, ब्राह्मणों के (संभवतः) प्रथम राजवंश ओईनवार वंश के परम प्रतापी राजा गणेश्वर ठाकुर के दरबार में राज पुरोहित हुआ करते थे। उन दिनों ओईनवार वंश की चारो ओर तूती बोलती थी। यह उन चंद राजवंश में से एक था जिसकी तरफ आंख उठाने का साहस दिल्ली की सल्तनत को भी नहीं था। दिल्ली सल्तनत समय-समय पर इनसे सामरिक, आर्थिक सहयोग लेती थी मगर भाव मित्रवत होता था। इस राजवंश ने कभी दिल्ली सरकार को लगान नहीं दिया। कई बार इस वंश के राजाओं ने दिल्ली दरबार की मदद की। करीब 5 वर्ष की आयु में विद्यापति ठाकुर संभवतः 1357-58 में पिता की उंगली थामे ओईनी पहुंचे थे। जहां करीब-करीब अपने हम उम्र युवराज शिवसिंह के साथ खेलते कूदते विद्यापति केलिए राजदरबार घर आंगन जैसा था। इनसे पिता के निधन के बाद कुशाग्र बुद्धि के स्वामी, विद्यापति के वाक्चातुर्य, उनके बुद्धिमता, एवं प्रतिउत्पन्नमतित्व से प्रभावित महाराजा कीर्ति सिंह ने उन्हें अपने राजदरबार में राजकवि बना लिया। इसी दौरान उन्हों ने कीर्ति लता, कीर्ति पताका की रचना की थी। इसी दरम्यान युवराज शिव सिंह के साथ बचपन बिताने वाले युवा कवि विद्यापति की मित्रता भी पल्लवित-पुष्पित होती रही। जब कीर्ति सिंह के बाद युवराज शिवसिंह की ताजपोशी हुई तो महाकवि विद्यापति राजकवि के साथ-साथ राज सलाहकार भी बन गये। इसी दरम्यान महारानी लखिमा दई और महाकवि के बीच सुकोमल, निश्च्छल, सात्विक प्रेम भी प्रस्फुटित हुआ। लिखनावली, और कालजयी काव्य पदावली के अधिकंाश हिस्सों की रचना महाकवि ने इस अवधि में की थी। कहते हैं कि एक बार सुलतान अलसान जब राजा शिवसिंह को परास्त कर अपने संग ले गया तो महाकवि विद्यापति ने अपने बुद्धिकौशल एवं वाक चातुर्य से न सिर्फ महाराज शिव सिंह को आजाद कराया बल्कि उनका राज्य भी वापस दिला दिया था। इस घटना के बाद ही राजा शिव सिंह का मन उचाट रहने लगा और व राजधानी ओईनी से अलग ले गये। संभवतः यही वह समय था जब महाकवि विद्यापति अपने गांव लौट गये थे। जहां जीवन के चौथे पन में इनकी अनन्य भक्ति से प्रभावित देवाधिदेव महादेव ने उगना वेश धारण कर उनकी चाकरी की। एक घटना क्रम में महादेव ने उनका साथ छोड दिया तो कवि शिरोमणी विद्यापति विह्वल हो गये, इसी बीच उनकी पत्नी ने उनका साथ छोड दिया। अब अपने जीवन की यात्रा में थका महसूस करने के बाद 1448 में महाकवि विद्यापति गंगालाभ की कामना को लेकर गंगादर्शन केलिए प्रस्थान किए। मान्यता है कि गंगा दर्शन की कामना से चले विद्यापति आखिरी बार अपनी कर्मस्थली ओईनी में भी अपने परिचितों से मिलते आगे बढते गये। आज तो आलम यह है कि कुछेक पुस्तकों और प्रखण्ड के कुछ साहित्य सेवियों, साहित्या प्रेमियों एवं चुनिंदा बुजुर्ग लोगों के अलावा नई पीढी को पता भी नहीं ओईनी का यह ऐतिहासिक हिस्सा। पुर्व में तत्कालीन पर्यटन मंत्री आलोक मेहता, पूर्व सांसद स्व रामचंद्र पासवान, ने समय समय पर लोगों के बीच इस स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का आश्वासन तो दिया मगर वह आश्वासन से आगे बढ नहीं सका। विगत कुछ वर्षों से ग्रामीण युवाओं व मिथिला सेवी रमेश कुमार झा की पहल पर धनन्जय कुमार झा आदि के प्रयास से उक्त स्थल को धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से जीवन्त रखने का प्रयास जारी है। विगत वासंती नवरात्र के दौरान पधारे सुचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री महेश्वर हजारी ने इस जगह को समुचित विकसित रूप देने का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने थाना कांड संख्या 136द24 के अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पहसारा पूर्वी पंचायत के पीर नगर वार्ड संख्या 08 के जगदीश राम का पुत्र रणवीर कुमार है। पीर नगर चौक पर दो अगस्त 2024 को पिकअप भान की ठोकर से पवित्री देवी की मौत हो गई थी। आक्रोशित ग्रामीणों ने पिकअप भान चालक को कमरे में बंद कर पिटाई कर दी तथा उसके पास के 50 हजार रुपए छीन लिया तथा सड़क जाम कर यातायात अवरूद्ध कर दिया था। थानाध्यक्ष ने 14 व्यक्तियों को नामजद तथा अन्य 50 व्यक्तियों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अप्राथमिकी नामजद बनाया था। इस गिरफ्तारी में एसआई मनोज प्रसाद तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### जनता दरबार का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स सवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्राम में उत्पन्न भूमि विवाद के समाधान के लिए शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें दो नए आवेदन सुनवाई के लिए दर्ज किए गये तथा एक मामले को निष्पादित किया गया। दर्ज मामले में नावकोठी के रेखा देवी, मुकेश शर्मा एवं बेगमपुर के चांदनी देवी, श्रवण महतो का है। निष्पादित मामले समसा के रघुनंदन महतो वो खलटू महतो का है । इसमें द्वितीय पक्ष के अभिरूचि नहीं लेने के कारण मामले को निष्पादित किया गया। जनता दरबार में कुल 7 मामले लंबित है। इस दौरान बभनगामा के योगेंद्र सहनी वो लक्ष्मी सहनी, छतौना के रामनारायण महतो वो मिथिलेश कुमार अब्बूपुर के दामोदर महतो वो सोनी देवी, चक्का के नारायण महतो वो राजकुमार पोद्दार, नावकोठी के विशेश्वर पासवान वो सावित्री देवी, समसा के ज्ञानलता देवी वो गणेश तांती,देवपुरा के मो अयूब वो मो अकबर के मामले की सुनवाई की गयी। मौके पर सीओ सूरज कुमार, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, राजेश अधिकारी अखिलेश्वर राम एवं अंचल कर्मी अमरजीत कुमार आदि मौजूद थे।

### अतिक्रमण हटाने में भेदभाव का आरोप

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अतिक्रमण हटाने के नाम पर छोटे और प्रतिदिन अपना सामान बेचकर घर परिवार चलाने वाले गरीब दुकानों पर बुलडोजर चलाकर खाली करता है तो वही धन बल और ताकतवर लोगों बड़े दुकान को सिर्फ खानापूर्ति कर छोड़ दिया जाता है। दरअसल शनिवार को नगर परिषद बरौनी मिर्चीया से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान की नेतृत्व नगर परिषद बरौनी के कार्यपालक रणबीर कुमार ने की। प्रशासन ने फुटपाथ पर दुकान लगाकर अपना और अपने परिवार का जीवन चलते हैं। अस्थाई दुकान पर बुलडोजर चला दिया। मकान और आगे बने छज्जे को तोड़ दिया गया। वही उसी लाइन बने बड़े व्यापारी और प्रभावशाली लोगों की दुकान पर सिर्फ खानापूर्ति कर छोड़ दिया गया। प्रशासन की इस दोहरे रवैया से छोटे दुकानदारों के बीच आक्रोश देखने को मिला।

### घर पर चिपकाया इश्तेहार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने न्यायालय से निर्गत वारंट व कुर्की के वांछितों के घर इश्तेहार चिपकाया। इसमें वभनगामा वार्ड नंबर दस के मो अनीश के पुत्र मो शमशेर है। इसी प्रकार महेशवाड़ा के राम बालक सिंह के पुत्र विजय कुमार पर सीआरबी दर्ज हैं। पहसारा के राम शंकर सिंह के पुत्र नीरज कुमार तथा बालों सिंह के पुत्र प्रभु सिंह के घर भी पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर पुलिस अधिकारी अनिल कुमार सिंह व सशस्त्र बल ने इनके घरों पर इश्तेहार चिपकाया।

### सड़क दुर्घटना में महिला जख्मी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के बेगमपुर में हुई बाइक दुर्घटना में महिला समेत बच्ची घायल हो गई। घायल नावकोठी की बबली कुमारी तथा उसकी पुत्री स्नेहा कुमारी है। इसकी चिकित्सा पीएचसी नावकोठी में की गई। परिजन कन्हैया कुमार ने बताया कि वह अपनी बाइक से बबली कुमारी तथा स्नेहा कुमारी के साथ सवार होकर घर नावकोठी आ रहा था। बेगमपुर कृष्ण मंदिर से पश्चिम एक महिला बकरी लेकर सड़क पार कर रही थी। सड़क पार करने के क्रम में अचानक बाइक के सामने आ गई। उसे बचाने के चक्कर में बाइक में अचानक ब्रेक लगाया गया। ब्रेक लगाने के बाद वे सड़क पर गिर गये। जिससे माँ, बेटी दोनों चोटिल हो गयें। ग्रामीणों ने इलाज के लिए पीएचसी नावकोठी में भर्ती कराया गया।

### जनता दरबार में सुने गये मामले

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए भूमि विवाद को निपटारे को लेकर पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को थाना परिसर स्थित प्रतीक्षालय भवन में अंचल के राजस्व कर्मचारी राधेश्याम कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि नया कोई आवेदन नहीं आया। पूर्व के 12 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें एक मामले को आपसी समझौता के आधार पर निष्पादित किया गया। मौके पर थाना के एएसआई कुमारी प्रियंका अर्श सहित दर्जनों फरियादी मौजूद थे।

### दुर्घटना में युवक की मौत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के हसनपुर बागर के 40 वर्षीय युवक मनटुन सहनी की मौत वाहन दुर्घटना में शुक्रवार की रात गढ़पुरा थाने क्षेत्र के भंसी बुढ़िया गाछी के समीप हो गयी। हरिगिरिधाम धाम से शादी समारोह के बाद अपनी पत्नी मीरा देवी और लगभग ग्यारह वर्षीय छोटे पुत्र के साथ बाइक से घर को लौट रहा था।इसी क्रम में बुढ़िया गाछी के समीप गिरे पेड़ से टकराकर तीनों जख्मी हो गये। मंटून गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। उसकी पत्नी मीरा देवी कम चोटिल हुई जबकि पुत्र राजेश गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गढ़पुरा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया गय। इधर हसनपुर बागर में मंटून की मौत के बाद मातमी सन्नाटा छा गया। मंटून गांव का मिलनसार युवक था।वह मछली बेचने का काम करता था। चार भाइयों मे विनोद सहनी, मंटून सहनी,लव सहनी और कुश सहनी में मंझला भाई था। मंटून मछली का कारोबार कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसे चार सन्तानों में तीन पुत्र और एक पुत्री थी। पत्नी मीरा देवी का तो रो रो कर बुरा हाल हो गया है। परिवार का भरण-पोषण कैसे होगा। परिजनों पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा। ढांढस बंधाने वाले भी अपने आंसुओं को रोक नहीं पा रहे थे। पंचायत के मुखिया विजय पासवान ने पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाया तथा सरकार से मिलने वाले अनुदान दिलाने का आश्वासन दिया।

### पेयजल केलिए आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

**पूसा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के हरपुर गांव से गुजरने वाली समस्तीपुर मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग के हरपुर चैक पर इस गर्मी में पीने की पानी नहीं मिलने से आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया। स्थल पर मौजूद लोगों ने कहा कि पंचायत के वार्ड 10 में कई दिनों से नल जल योजना के तहत मिलने वाली पानी नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचे, वहीं बीडीओ रवीश कुमार रवि भी पहुंचकर लोगों को समझाया, और इससे जुड़े विभाग के अभियंता से बात की और लोगों को जल्द से जल्द पानी सुचारू रूप से मिलने का आश्वासन दिया। उसके बाद जाम हटाया गया उसके बाद आवागमन सुचारू रूप से बहाल हो पाया।

# नगरीय सुविधा विस्तार के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री

## रक्सौल को मिला 76 करोड़ की सिवरेज योजना का तोहफ़ा, मंत्री जीवेश मिश्रा ने की कई परियोजनाओं की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** रक्सौल शहरवासियों को सिवरेज सिस्टम की समस्या से राहत दिलाने की दिशा में बड़ी पहल करते हुए बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री जीवेश कुमार मिश्रा ने शनिवार को 76 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजना की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने रक्सौल में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। मंत्री जीवेश मिश्रा के रक्सौल आगमन पर पुराने नगर परिषद कार्यालय (अब जनसुविधा केंद्र) में नगर परिषद की सभापति धूरपति देवी और उपसभापति पुष्पा देवी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष एवं स्थानीय सांसद डॉ. संजय जायसवाल और स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



**सिवरेज सिस्टम के लिए मिले 76 करोड़**

मंत्री ने कहा कि रक्सौल शहर में सिवरेज की गंभीर समस्या को देखते हुए 76 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। यह योजना नगरीय जीवन को सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नगर परिषद की अनुशंसा पर हर ज़रूरी योजना को वित्तीय सहायता देगी और योजनाओं को ज़मीन पर उतारने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। मंत्री ने कहा कि नगर निकाय संवैधानिक व्यवस्था के अंतर्गत एक अलग सरकार है और इसकी भूमिका जनकल्याण में अहम है। उन्होंने कहा कि पहले देश की कुल आबादी का मात्र 11% नगरों में निवास करता था, जो अब बढ़कर 16% हो चुका है और लक्ष्य है कि इसे 30% तक पहुंचाया जाए। उन्होंने भारत सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि बीते दो दशकों में नगरीय विकास की गति में अभूतपूर्व तेजी आई है। इस अवसर पर एसडीएम शिवाक्षी दीक्षित, एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार, स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यगण, सभी वार्ड पार्षद एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह ने योजनाओं का स्वागत करते हुए मंत्री का आभार प्रकट किया।

# वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ आवामी अदालत में जाएगी जमायत-ए- इस्लामी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जमायत-ए- इस्लामी ने वक्फ संशोधन बिल जो अब कानून बन चका है, उसे पूरी तरह से असंवैधानिक करार दिया है और अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अवामी अदालत में पहुंचने का फैसला लिया है। शनिवार को औकाफ बचाओ,संविधान बचाओ कार्यक्रम के तहत स्थानीय उर्दू लाइब्रेरी के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जमायत के अमीर-ए-हल्का बिहार रिजवान अहमद इस्लाही, इमारत-ए- शरिया के काजी मुफ्ती रेयाज अहमद, अमीर-ए-मुकामी अब्दुल रशीद बर्क, प्रो. इकबाल हुसैन आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निर्देशन में वक्फ कानून का विरोध किया जा रहा है। सरकार पर वक्फ ट्रिबुनल को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिला कलेक्टर को पावर देकर वक्फ की मूल भावना के साथ खिलवाड़ किया गया है। केवल मुस्लिम समाज ही नहीं, बल्कि संविधान में आस्था रखने वाले हर नागरिक इस कानून का विरोध कर रहे हैं। इस दौरान वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिमों के प्रतिनिधित्व पर भी सवाल उठाया और कहा कि देश के मुसलमानों के साथ एक बड़ी साजिश चल रही है। इस अवसर पर खुर्शीद इमाम, जियाउल कमर, हसन शाहिद, एसआईओ के शाहिद आलम, मौलाना उमर फारूक नदवी राशीद फरहान समेत जमाअत के अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।



# बिहार का बेटा फिर से मुख्यमंत्री बने, कार्यकर्ताओं का आस्था भरा संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित जदयू कार्यालय में सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने किया, जिसमें प्रदेश महासचिव विजय विकास, मधुबन विधानसभा प्रभारी विजय प्रकाश तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रांत महासचिव विजय विकास ने बैठक का शुभारंभ करते हुए जोर देकर कहा कि आज से पूरे बिहार में एक साथ जदयू सदस्यता अभियान का जोरदार प्रयास किया जाएगा। उन्होंने इस अभियान में मिलकर कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि हम सभी का उद्देश्य पकड़ीदयाल का नाम प्रदेश स्तर पर रौशन करना है। प्रखंड महासचिव उत्सव विशुत्री ने बैठक में मुखिया नीतीश कुमार के कार्यों की सराहना की और कहा कि सदस्यता अभियान को तेजी से आगे बढ़ाते हुए हमें प्रण लेना है कि विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाए जाएंगे।



**सदस्यता अभियान में सक्रियता की आवश्यकता**

जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सदस्यता अभियान के दौरान उत्पन्न होने वाली विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए अधिक से अधिक क्रियाशील सदस्यों को संगठन में शामिल करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को सदस्यता रसीद भरने की प्रक्रिया की बारीकी से समझाया गया और आग्रह किया गया कि सभी मिलकर इस अभियान को जल्द से जल्द सफल मुकाम तक पहुँचाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हम सब को अपने सरकार के कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुँचानी है, जिससे आम जनता सरकार के प्रयासों को समझ सके। बैठक के अंत में अभिषेक कुमार सिंह, बाल्मीकि कुमार, हृदय नंदन, महेंद्र पटेल, शंकर प्रसाद शहीद समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सदस्यता रसीद ग्रहण की। मधुबन विधानसभा प्रभारी विजय प्रकाश, प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, प्रखंड महासचिव उत्सव विशुत्री, सदस्य दिलीप कुमार सहित सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का प्रदर्शन किया। इस बैठक ने न केवल जदयू के सदस्यता अभियान को नई दिशा दी है बल्कि यह संदेश भी दिया है कि एक जुट होकर ही बिहार का बेटा एक बार फिर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान हो सकता है।

# आंगनबाड़ी केंद्र की शिकायत करने पर कर दी पिटाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** थाना के कुड़ियां गांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन में अनियमितता की शिकायत करने पर उसके साथ मारपीट की गई। इस बाबत उक्त गांव के सामाजिक कार्यकर्ता सुजीत कुमार सिंह के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें गांव के हरेन्द्र सिंह, मंजीत कुमार, सेविका पति गुड्डू सिंह, धीरज कुमार, शंकर राम को आरोपित किया है। बताया है कि चकिया प्रखण्ड अंतर्गत कुड़ियां गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र सं-56 के पोषक क्षेत्र के लोगों ने अनियमितता की शिकायत लेकर आये थे। जिसकी लिखित शिकायत चकिया बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से की गई थी। जिसके आलोक में सीडीपीओ द्वारा केन्द्र की जांच व लोगों से पुछताछ की गई। जिसमें काफी अनियमितता पाई गई। जिसपर कार्रवाई करते हुए सीडीपीओ ने सेविका के घर पर चल रहे केन्द्र को कुड़िया-बंगरी स्थित प्राथमिक विद्यालय में संचालित करने का आदेश दिया। जिससे सेविका कुमकुम देवी के पति गुड्डू सिंह नाराज होकर उसके विरूद्ध साजिश रचा। जब वह अपनी गाड़ी से पिपराकोठी से घर जा रहे थे। इस दौरान जब वह कुड़ियां रेलवे फाटक के पास पहुंचे तो उक्त सभी लोग पहले से वहां बांस बाल्ला बांध घात लगायें बैठे थे। और देखते हीं लाठी डंडा लोहे के रॉड से हमला कर घायल कर दिए। थानाध्यक्ष खालिद अख्तर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### 87 किसानों का किया गया ई-केवाईसी

**संग्रामपुर(पूर्वी चम्पारण)।** प्रखण्ड क्षेत्र के उत्तरी बरियरिया पंचायत के आरटीपीएस भवन के प्रांगण में शिविर आयोजित कर जमाबंदीदार किसानों का फार्मर आईडी खोला गया। जानकारी देते हुए प्रखंड कृषि समन्वयक राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि वैसे किसान जो पीएम किसान योजना का लाभ लेते आ रहे हैं वैसे सभी किसानों का जिनके नाम से जमीन की जमाबंदी है उनका ई केवाईसी किया जा रहा है ताकि भविष्य में सरकार द्वारा संचालित सभी प्रकार की योजनाओं का किसानों को लाभ मिल सके। श्री पाण्डेय ने यह भी बताया कि गुरुवार को 12 किसानों का रजिस्ट्री किया गया जबकि 87 किसानों का ई केवाईसी किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए 8 अप्रैल से प्रमुखता के आधार पर प्रखंड के दो राजस्व ग्राम पंचायत संग्रामपुर और बरियरिया के हर वार्ड में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। निकट भविष्य में इसे और पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में आज उत्तरी बरियरिया पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। वही बहुत सारे किसान जिनके नाम से जमाबंदी रसीद नहीं होने के कारण उनका रजिस्ट्री नहीं हो पाया और उनका केवाईसी भी नहीं हो पाया है और वे सब शिविर से निराश होकर लौट गए। शिविर में किसान सलाहकार मणि भूषण कुमार, महेंद्र ठाकुर, कार्यपालक सहायक प्रिंस कुमार, किसान राजकुमार सिंह, चंदेश्वर प्रसाद कुशवाहा, मुकुल कुमार पाण्डेय, सुरेश सिंह, उमेश कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि पप्पू महतो सहित कई किसान मौजूद थे।

### सभी किसानों को फार्मर आईडी कार्ड बनवाना अनिवार्य

**तेतरिया (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड के मघुआहां वृत्त में सीएसपी आवास स्थित स्थान पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत लाभार्थी किसानों का फार्मर आईडी कार्ड बनाया जा रहा है। जिसमें आंचल व कृषि विभाग के पदाधिकारी के उपस्थिति मेंमधुआहां वृत्त पंचायत के वार्ड संख्या दस में कैंप लगाकर किसने की फार्मरआईडी कार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए तेतरिया प्रखंड कृषि पदाधिकारी मुनेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि सभी कृषकों को फार्मर आईडी कार्ड बनवाना मुख्य रूप से अनिवार्य है जो किसान के श्रेणी में आते हैं उनके लिए सरकार की सोच है कि सरकार की द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधा उनके फार्मर आईडी कार्ड के द्वारा ही सभी किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी इसलिए सभी किसानों से आग्रह है कि फार्मर आईडी कार्ड आवास बनवा ले। मौके पर प्रखंड उद्यान पदाधिकारी श्याम किशोर मिश्रा, आलोक कुमार श्रीवास्तव, कृषि समन्वयक सुरेश कुमार, कृषि समन्वयक धीरज कुमार, कृषि समन्वयक जितेंद्र कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक चंद्र किशोर, सहायक तकनीकी प्रबंधक विनोद कुमार विक्रम, कृषि सलाहकार चंद्रभूषण कुमार, कृषि सलाहकार मोतीलाल शाह, कृषि सलाहकार संजय कुमार कृषि सलाहकार दीनानाथ झा कृषि सलाहकार रीना कुमारी व राजस्व कर्मचारी मंटू कुमार नीरज कुमार राजस्व कर्मचारी मौके पर उपस्थित थे। किसानो की जमाबंदी व खाता खेसरा के जांच किया बताते चले की 37 लोगों का फार्मर आईडी का सत्यापन किया गया।

### पोषण पखवाड़ा का किया आयोजन

**नरहट (नवादा)।** पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को शेखपुरा एवं छोटी पाली गांव के आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। सीडीपीओ ज्योति सिन्हा ने बताया कि इस दौरान अनप्राशन संस्कार भी सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुपोषण से बचाव और पोषण के महत्व को जनजन तक पहुचाना है। कार्यक्रम में गर्भावस्था से लेकर बच्चों के जन्म के पहले 1000 दिनों पर विशेष ध्यान दिया गया जो पोषण के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं।सीडीपीओ ने पोषण के लिए जगरूकता पर बल दिया। गर्भवती महिलाओं को साग शब्जी और पौष्टिक आहार सेवन करने के साथ साथ अन्य जरूरी सलाह दी। पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित होगा।

### लू से बचाव की दी गई जानकारी

**पकरीबरावां (नवादा)।** महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली में शनिवार को सुरक्षित शनिवार के तहत प्रभारी प्रधानाध्यपक डॉ. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित की गई। मौके पर विद्यालय के +2 के शिक्षक डॉ. रंजन आर्य ने सुरक्षित शनिवार के तहत बच्चों को गर्म हवाएं लू से जुड़ी विविध जानकारियां दी। लू लगने के कारण, इसके लक्षण एवं इससे बचाव की जानकारी दी गई। लू के लक्षण जैसे लाल शुष्क त्वचा, सिर दर्द, चक्कर आना, कमजोरी, गला सूखना, अधिक पसीना आना आदि के बारे में बताया गया। लू के कारण शरीर पर प्रभाव पर बच्चों को जानकारी मॉक ड्रिल के माध्यम से दी गई। इस अवसर पर शिक्षक मदन मोहन प्रसाद, आरोही, श्वेता कुमारी, अजीत कुमार, प्रिंसेस प्रियंका, जीडी मिश्रा, छात्रा सोनाली कुमारी, नेहा कुमारी, संजना कुमारी, अंजली कुमारी, चन्द्रगुप्त कुमार आदि उपस्थित थे।

### चार अभियुक्तों को सात-सात साल की सजा

**मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के एक मद्यनिषेध कांड में चार अभियुक्तों को विशेष न्यायालय उत्पाद-2 के प्रभारी एडीजे-13 के न्यायालय द्वारा सात-सात वर्ष का सश्रम कारावास तथा एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि मशरक थाना कांड संख्या 95/23 में दोषी पाए गए अभियुक्तों में निकुंभ सेमरी निवासी रोहित कुमार उर्फ बब्लू सिंह, सिमरी बथानी मेला निवासी सत्येंद्र सिंह, सेमरी निवासी तेजू साह और बनियापुर के धोबवल निवासी नंदलाल मांझी उर्फ नंदलाल पासवान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में अभियुक्तों को अतिरिक्त छह-छह माह का साधारण कारावास भुगतना होगा। एसपी ने कहा कि गंभीर मामलों में सारण पुलिस त्वरित न्याय दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

### मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण

**छपरा (सारण)।** सारण जिले के मांझी प्रखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम बरेजा में शुक्रवार को 20 फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। साथ ही मरीजों को स्वच्छता, सेल्फ केयर एवं व्यायाम से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत प्लानिंग एंड फैसलिटेशन फोरम का गठन किया गया तथा 'स्वस्थ पंचायत' विषय पर महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया राजेश पांडेय ने की।

# समाहरणालय में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** डॉ राधाकृष्णन सभागार में आज जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना की ओर से एक विशेष सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 120 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने किया। इस अवसर पर एडीएम मोतिहारी, सिविल सर्जन मोतिहारी, एसीएमओ मोतिहारी, डॉ. अजय कुमार सिन्हा, डॉ. अशुतोष शरण, डॉ. सौरभ, ओएसडी टू डीएम श्री अमरेश समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने हृदय रोग से अचानक पीड़ित व्यक्ति को आपातकालीन स्थिति में जीवन रक्षक तकनीक सीपीआर देने के सही तरीके पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने हाथों से सीपीआर देने की विधि को सीखा और समझा कि कैसे समय रहते उचित हस्तक्षेप किसी की जान बचाई जा सकती है। डीएम सौरभ जोरवाल ने अपने संबोधन में कहा कि, सीपीआर एक ऐसी जीवन रक्षक तकनीक है, जिसे हर व्यक्ति को सीखना चाहिए। आपातकालीन स्थिति में यह कौशल किसी की जान बचाने में निर्णायक साबित हो सकता है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता को सीपीआर की तकनीक सिखाकर उन्हें आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाना था। जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की टीम ने प्रशिक्षण के दौरान वास्तविक जीवन पर आधारित उदाहरण भी साझा किए, जिससे प्रतिभागियों को गहन जानकारी मिली।जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना निरंतर ऐसे सामाजिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में जीवन रक्षक तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।



# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटना में शनिवार को दो लोगों की मौत हो गई। जिसमें एक बच्ची समेत दो घायल हो गए। एनएच-28 पर तरनिया गांव के निकट अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक चार वर्षीय बच्ची सहित दो घायल हो गए। मृतका की पहचान शिवहर जिला के श्यामपुर भटहा गांव निवासी काजल यादव के रूप में की गयी है। घटना से गुस्साए लोगों ने घटना स्थल पर ही कुछ देर के लिए सड़क जाम कर अपना आक्रोश प्रकट किया। वही सूचना पर पहुंची एसडीओ शिवानी शुभम व पुलिस तथा गणमान्य लोगों के समझाने बुझाने पर नाराज लोग शांत हुये तो जाम समाप्त हुआ। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतिका अपने देवर लालू यादव तथा चार साल के बच्ची रूसी कुमारी के साथ बाइक से जा रही थी कि उक्त स्थान पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ठोकर मार कर फरार हो गया। जिस कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दूसरी ओर बृंदावन गॉव के निकट बाइक व साइकिल की टक्कर में साइकल चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सिसवा बसंत गॉव वार्ड एक निवासी 55 साल के मौजे लाल के रूप में बताई जाती है जबकि बाइक चालक बाइक छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाईक को जब्त कर लिया। वहीं पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया।



# सरस्वती जीविका ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** जिले के कोटवा प्रखंड स्थित बरहरवा कला पूर्वी के सरस्वती जीविका ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान, प्रबंधक मानव संसाधन सौरभ कुमार, बीपीएम जीविका अंशिका आर्य सहित अन्य पदाधिकारी ने भाग लिया। इसमें भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों से संवाद स्थापित करते हुए योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों द्वारा अपना अनुभव साझा किया गया एवं उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा सरकारी योजनाओं से जुड़ाव हेतु सुझाव एवं अपनी समस्याओं को भी बताया गया। जिला परियोजना प्रबंधक जीविका गणेश पासवान द्वारा यह बताया गया कि जिले के सभी प्रखंडों में ग्रामीण क्षेत्रों में महिला संवाद कार्यक्रम चल रहा है जिसमें सभी महिलाएं बढ़ चढ़ कर भाग लें एवं अपनी बातों को रखेंद्य जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान द्वारा बताया गया कि पूर्वी चंपारण के सभी प्रखंडों में सुबह में 28 जीविका ग्राम संगठनों द्वार एवं शाम में पुनः 28 ग्राम सगंथन पूरे जिले में प्रतिदिन 56 संवाद आयोजित की रही हैं।

# सरकार की 22 योजनाओं का लाभ पहुंचाने की पहल, महादलित समुदायों में दिखा उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड के महादलित समुदायों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने हेतु शनिवार को हर टोला-हर परिवार-हर सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पकड़ीदयाल प्रखंड की सिरहा, चोरमा, बड़कागांव, धनौजी और थरबिटिया पंचायतों के महादलित बस्तियों में आयोजित हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार के निर्देशानुसार इन शिविरों में 22 विभागों के कर्मियों की तैनाती की गई थी। सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उन्हें योजनाओं का लाभ प्रदान किया। शिविरों की व्यवस्था और संचालन अधिकारियों की उपस्थिति में कुशलता से संपन्न हुई। आयुष्मान भारत कार्ड का वितरण, श्रम कार्ड एवं मनरेगा जॉब कार्ड की उपलब्धता, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का नामांकन, मध्य विद्यालयों में नामांकन और शिक्षा से जुड़ी सहायता, महिला, बाल विकास, स्वास्थ्य, जल-नल योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी व लाभ वितरण। बीडीओ मृत्युंजय कुमार ने बताया कि इस विशेष अभियान के माध्यम से महादलित बस्तियों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया और उनका त्वरित समाधान भी किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। शिविरों में बड़ी संख्या में महादलित समुदाय के लोग शामिल हुए और योजनाओं से जुड़ने की प्रक्रिया में भाग लिया। ग्रामीणों ने इस प्रयास की सराहना की और उम्मीद जताई कि आगे भी इसी प्रकार के शिविरों से उन्हें निरंतर सहायता मिलती रहेगी। यह विशेष शिविर न केवल योजनाओं को ज़मीन पर उतारने का माध्यम बना, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की एक सशक्त पहल भी सिद्ध हुआ।




# विधायक ने नव-निर्मित पुस्तकालय का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** चिरैया विधानसभा क्षेत्र के विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने शनिवार को प्रखंड अंतर्गत धरहरवा गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय परिसर में नव-निर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (उक्र) सरोज कुमार सिंह भी उनके साथ उपस्थित रहे। दोनों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पुस्तकालय का शुभारंभ किया। पुस्तकालय में प्राचीन ज्ञान और नवीन विज्ञान से जुड़ी पुस्तकों के समृद्ध संग्रह को देखकर विधायक ने विद्यालय परिवार की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास शिक्षा को नया आयाम देंगे और विद्यार्थियों की सोच को विस्तृत बनाएंगे। उद्घाटन उपरांत आयोजित गोष्ठी में विधायक गुप्ता ने कहा, शिक्षा मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है। हर बच्चा पढ़े, यह सुनिश्चित करना हम सबकी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने भावुक अपील करते हुए अभिभावकों से कहा, आप आधी पेट खाकर भी बच्चों को स्कूल भेजें, क्योंकि यही बच्चे आने वाले कल में देश की तक़दीर संवारेंगे। बीईओ सरोज कुमार सिंह ने कहा कि सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे इन योजनाओं का लाभ लें और बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकिशोर प्रसाद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में लक्ष्मी सिंह, पारसनाथ प्रसाद, राजदेव यादव, संजय कुमार ठाकुर, राजकिशोर बैठा, विजय कुमार साह, फैज़ अहमद फैज़, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, सोनाली कुमारी, स्मृति कुमारी, काजल कुमारी, डेज़ी सिंह, उषा शर्मा, सविता कुमारी, विद्या शंकर प्रसाद और संतोष साह सहित अनेक गणमान्य अतिथि व शिक्षक उपस्थित थे।



# हर टोला, हर परिवार, हर सेवा के संकल्प के साथ प्रशासन ने संभाली कमान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** महादलित समुदाय के समग्र उत्थान और उन्हें सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार से बनकटवा प्रखंड में 'डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान' की शुरुआत की गई। अभियान के पहले चरण में बनकटवा गांव के वार्ड संख्या-2 में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिलानाथ झा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान हर टोला, हर परिवार, हर सेवा के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है, जिससे कोई भी पात्र परिवार योजनाओं से वंचित न रह जाए। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत प्रखंड के 70 महादलित टोलों को कवर करने के लिए कुल 70 विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जो प्रत्येक बुधवार और शनिवार को आयोजित होंगे। शिविर आयोजन से पहले पंचायत सचिव, शिविर प्रभारी, विकास मित्र और शिक्षा सेवकों की टीम घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रही है। सर्वे के दौरान लाभुकों से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कुल 22 योजनाओं की जानकारी जुटाई जा रही है। इसका उद्देश्य पात्र व्यक्तियों को त्वरित लाभ सुनिश्चित कराना है। शिविरों में योजनागत लाभ के साथ-साथ बिजली, पानी, शौचालय और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों ने महादलित समुदाय से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर शिविरों में भाग लें और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें।

**शिविर में जनप्रतिनिधियों की भी रही भागीदारी**

अभियान के शुभारंभ मौके पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति देखी गई। इनमें श्याम किशोर बिंद, अमित कुमार, चंद्रभूषण कुमार, रितेश कुमार, किशोर बैठा, राजू राज, सुनील पासवान, सरपंच राजकुमार बैठा, पूर्व मुखिया सुखारी राम और वार्ड सदस्य प्रमोद राम समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# राजकीय समारोह के रूप में धूमधाम से मनेगा वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आगामी वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक किया गया। इसमें निर्णय लिया गया कि यह ऐतिहासिक उत्सव दिनांक 23 से 24 अप्रैल 2025 तक राजकीय समारोह के रूप में भव्य और आकर्षक ढंग से मनाया जाएगा। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आरा स्थित रमना मैदान के वीर कुंवर सिंह पार्क में एवं जगदीशपुर अनुमंडल अंतर्गत वीर कुंवर सिंह किला मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रमों में प्रभात फेरी, वीर कुंवर सिंह पार्क में झंडोत्तोलन, दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण समारोह, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, आरा की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गान, रामापुर सनदिया ग्राम से मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख रूप से शामिल रहेगा। इसके साथ ही एंबुलेंस एवं यातायात व्यवस्था, सड़क एवं समारोह स्थल की सफाई, पानी का छिड़काव, पार्क का सौंदर्यीकरण, तालाब की सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं समय पर और सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण कर ली जाएं, जिससे यह उत्सव जिलेवासियों के लिए एक गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक अनुभव बने। इस बैठक में अपर समाहर्ता भोजपुर, नगर आयुक्त, नजारत उपसमाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी (आरा सदर एवं जगदीशपुर), प्रभारी पदाधिकारी (सामान्य शाखा) सहित कई वरीय पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सामान के साथ चोरों को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर (भोजपुर)।** गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी धनंजय कुमार के घर में चोरों ने बर्तन सहित अन्य सामान की चोरी कर ली। गृह स्वामी ने गीधा थाना में एक लिखित आवेदन देकर चोरी के सामान की बरामदगी की तथा चोरों की गिरफ्तारी की गुहार लगाई। उक्त मामले की जानकारी देते हुए गिद्धा थाना प्रभारी उमूस सलमा ने बताया कि लिखित आवेदन मिलने के बाद उक्त कार्रवाई करते हुए चोरी के बर्तन सहित अन्य सामान के साथ चोरी में शामिल पांच चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। चोरी में शामिल राजेश कुमार, रुदल कुमार, उमेश कुमार, हरिशंकर कुमार सभी थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी तथा राकेश कुमार मटियार गांव निवासी हैं। थानाध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि पूर्व के चोरी के केस में रुदल कुमार दो बार जेल जा चुका है।

# महिला संवाद में महिलाओं ने कहा- सरकारी योजनाओं से जीवन स्तर में हुआ सुधार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और स्थानीय विकास की आकांक्षाओं को समझने के लिए ''महिला संवाद'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी अभियान के दूसरे दिन 19 अप्रैल 2025 को डीएम तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार जिले के 12 प्रखंडों के 24 ग्राम संगठनों में महिला संवाद आयोजित किए गए। हर आयोजन में लगभग 200 से 250 महिलाओं ने भाग लिया और अपने अनुभव व विचार साझा किए। संचालन पंचायत स्तर पर गठित महिला संवाद आयोजन दलों द्वारा किया गया, जिन्होंने एलईडी स्क्रीन से लैस संवाद रथ के माध्यम से महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी वीडियो फिल्मों के जरिए दी, साथ ही उनकी सामाजिक-आर्थिक आकांक्षाओं को भी जानने का प्रयास किया गया ताकि भविष्य की योजनाओं को और प्रभावी तरीके से तैयार किया जा सके। संवाद के दौरान सतत जीविकोपार्जन योजना की लाभार्थी, बड़हरा की आदिशक्ति जीविका महिला ग्राम संगठन की प्रभावती देवी ने बताया कि वह पहले बेहद गरीब थीं, लेकिन जीविका के माध्यम से किराना दुकान खोलकर अब वह प्रतिमाह 8,000 से 10,000 रुपये तक कमा रही हैं। इसी संगठन की बबली देवी ने बताया कि उनकी बेटी को मुख्यमंत्री बालिका पोशाक एवं साइकिल योजना का लाभ मिला है, जिससे वह निर्बाध रूप से शिक्षा प्राप्त कर रही है। महिला संवाद के दौरान ग्रामीण महिलाओं ने अपनी आकांक्षाएं भी खुलकर रखीं, जैसे गाँव में नालियों की समुचित व्यवस्था, सामुदायिक शौचालयों का निर्माण, विधवा पेंशन में वृद्धि, दिव्यांगता भत्ते की सुगमता तथा प्रत्येक ग्राम संगठन में स्थायी संगठन भवन की आवश्यकता। इस पहल से महिलाओं की न केवल सरकारी योजनाओं तक पहुंच बढ़ी है, बल्कि उनकी सक्रिय भागीदारी से सरकार को सामुदायिक विकास के लिए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहयोग मिलेगा। महिला संवाद कार्यक्रम सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी और दूरदर्शी पहल है, जो निश्चित रूप से बिहार को प्रगति के नए पथ पर अग्रसर करेगी।

# हसपुरा बाजारवासियों के लिए जाम बनी स्थायी समस्या



**प्रेम सिंह**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजारवासियों के लिए जाम एक स्थायी समस्या बन चुकी है। आये दिन लगनेवाले जाम से लोगों की दिनचर्या काफी प्रभावित हो रही है, फिर भी प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि तक इस समस्या पर मौन साधे हुए हैं। सबसे ज्यादा समस्या स्कूली बच्चों को हो रही है। भीषण गर्मी में छोटे-छोटे बच्चे घंटों जाम में फंसे रहते हैं। बता दें कि हसपुरा बाजार में जाम की समस्या का मुख्य कारण अतिक्रमण है। हसपुरा बाजार में अतिक्रमण हटाए जाने की मांग ग्रामीणों ने हसपुरा सीओ से की है। बताया जाता है कि अतिक्रमण से आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। मनपुरा गांव निवासी रविंद्र सिंह, हबसपुर के अनुज सिंह, अमझरशरीफ के भोला कुरैशी, अरविंद कुमार, प्रताप कु सिंह, प्रमोद सिंह, रामजीत राम एवं बबन सिंह बताते हैं कि सड़क से अतिक्रमण हटाने के लिए हाईकोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि अतिक्रमण हर हाल में हटाया जाये। लेकिन फिर भी मुख्य बाजार को अतिक्रमणमुक्त न करना, कहीं- न- कहीं न्यायिक आदेश की अवहेलना भी है। क्षेत्र के कई लोग अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी से मिलकर अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग भी किए हैं। अब देखना है कि सीओ क्या एक्शन लेती हैं।

## मांगों को लेकर की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पु के आहवान पर अपनी मांगों को लेकर बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की बैठक बड़हरा प्रखंड के कन्या प्राथमिक विद्यालय संजोयल में शनिवार को हुआ। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राणा जी ने की। बैठक में मुख्य रूप से विशिष्ट शिक्षकों को सेवा निरंतरता का लाभ, नियोजित शिक्षकों का प्रमोशन, सभी तरह के बकाया एरियर का भुगतान, विशिष्ट शिक्षकों का वेतन निर्धारण, विद्यालय अध्यापकों का वार्षिक वेतन वृद्धि समेत अन्य पर चर्चा हुआ। इस बैठक के बाद अगला बैठक जिला में होगा। बैठक में शामिल शिक्षकों में जितेन्द्र कुमार सिंह, सुनील कुमार मधुकर, अभिजीत कुमार, कमलेश सिंह सहित अन्य शामिल थे।

# पश्चिम बंगाल हिंसा के खिलाफ दिया धरना

## जिलाधिकारी के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** विश्व हिंदू परिषद ने बंगाल में हिंदुओं के खिलाफ जारी हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी पर नाराजगी जताई है। साथ ही हिंसा प्रभावित सीमावर्ती राज्य बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद, भोजपुर के जिला सह मंत्री अभिषेक चौरसिया ने बताया कि उनका संगठन 19 अप्रैल को देश के सभी जिलों में धरना प्रदर्शन करके पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रहा है। देश भर में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे हिंसा की निंदा की जा रही है। वही जिलाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की अपनी मांग को लेकर देश के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को डीएम भोजपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपी गई। इसके अलावा शनिवार को भी बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग को लेकर देश के हर जिले से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपी गई है। वही जिला संयोजक अमित पांडेय ने बताया कि हर किसी को विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है लेकिन हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वही सह संयोजक श्याम किशोर पाठक ने बताया पश्चिम बंगाल में एक मंत्री सिद्धिकुल्ला की एक संविधान विरोधी टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रांतीय अधिकारी रमेश मिश्रा ने कहा कि वक्फ बोर्ड संशोधन बिल की आड़ में मुर्शिदाबाद से हिंदुओं का सफाया करने की कोशिश की गई है। इसी क्रम में और भी कई वक्ताओं ने अपनी बात कही है। वही इस धरना प्रदर्शन में विहिप के कोषाध्यक्ष विमल किशोर, ऋतिक ओझा, रजनीश राजन, ओमप्रकाश दुबे, अमित सम्राट, प्रांतीय अधिकारी उपेन्द्र तिवारी, आरण्य देवी मंदिर के पीठाधीश्वर मनोज बाबा, भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गा राज, जिला मंत्री प्रतीक, राजेंद्र तिवारी, राम दिनेश यादव, आलोक अंजन, विभु जैन, हैप्पी तिवारी, मनीष गुप्ता, विद्यार्थी परिषद से छोटू सिंह, चंदन तिवारी, समाज सेवी अजय सिंह, जितेंद्र शुक्ला, निकेश पाण्डेय, रोहित सिंह बजरंगी, नैतिक, सुशांत आनंद, सूरज जी समेत अन्य लोग थे।

- **परिषद से जुड़े प्रतिनिधियों ने कहा- हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा नहीं होगी बर्दाश्त**
- **संविधान विरोधी टिप्पणी को लेकर पश्चिम बंगाल के मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग**

# 17 पंचायतों में 29 सामुदायिक शौचालय : लगभग सभी 'आउट ऑफ सर्विस'




**सुखेन्द्र कुमार**

**गोह (औरंगाबाद)।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर शौचालय के बाद प्रत्येक गांवों के महादलित टोलों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया गया था। किंतु अधिकारियों व कर्मचारियों की नाकामी ने इस अभियान पर पलीता लगा दिया। गोह प्रखंड के 17 पंचायतों में 29 स्थानों पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया लेकिन वर्तमान दौर में लगभग सभी 'आउट ऑफ सर्विस' मोड में हैं। प्रखंड के अधिकारियों द्वारा सामुदायिक शौचालयों का जियो टैगिंग में निर्माण कार्य भी पूर्ण दिखाया गया है लेकिन एक भी शौचालय अभी तक सफल रूप से संचालित नहीं है। शौचालय के आसपास उगी झाड़ियां, कुड़े-कचरों का ढेर और जर्जर हालत इसकी हकीकत बयां कर रही है। महज दो वर्ष पूर्व में बने सभी शौचालयों की स्थिति एकदम से बदहाल है। उक्त शौचालयों में स्थानीय लोगों द्वारा गोशाला से लेकर कुटी, लकड़ी, गाय के उपला रखने वाला स्टोर रूम बना दिया गया है। वहीं कई जगहों पर सामुदायिक शौचालय नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। किसी भी शौचालय में वायरिंग तो दूर पानी तक का कनेक्शन नहीं हुआ। स्थिति यह है कि शौचालय का सीट, टाइल्स, पाइप, टोंटी, फर्श से लेकर प्लास्टर तक दिखाई नहीं देता। इस योजना को लेकर स्थानीय स्तर पर देखभाल की जा सकती थी लेकिन एक भी पंचायत के मुखिया व सचिव ने इसमें रूचि नहीं दिखाई। प्रखंड में सामुदायिक शौचालय के निर्माण पर कुल 85 लाख 80 हजार रुपए खर्च किए गए, लेकिन वस्तुस्थिति यह है कि एक भी शौचालय का फायदा लोगों को नहीं मिल रहा है। प्रखंड के बक्सर में कुछ कारणों से 1 लाख 80 हजार रुपए ही भुगतान किया गया, बाकी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में बने सभी सामुदायिक शौचालय के निर्माण में तीन-तीन लाख रुपए आवंटित किए गए थे। इतनी राशि खर्च होने के बाद भी सामुदायिक शौचालयों का फायदा लोगों को नहीं मिलने से एक तरफ जहां स्थानीय लोगों में जहां अधिकारियों के प्रति नाराजगी देखी जा रही है, वहीं उन्हें अपने जनप्रतिनिधियों से भी शिकायत है कि वे लोग जन समस्याओं के प्रति उदासीन बने हुए हैं।

# दो सगी बहनें एक साथ बनीं सहायक प्रोफेसर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** कलेर प्रखंड के वलिदाद गांव के सेवानिवृत अभियंता ई. रामदेव चौधरी की दोनो पुत्री रूबी कुमारी एवं सीमा कुमारी, बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के माध्यम से सहायक प्रोफेसर के लिए सफल घोषित हुई है। दोनों बहनों को एक साथ मिली इस सफलता से परिवार एवं पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। कई समाजसेवियों ने दोनों बहनों को बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर पहुंचे अखिल भारतीय पासी समाज के शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललन चौधरी ने कहा कि दोनों बहनों को मिली इस सफलता से हमलोग गौरवान्वित हुए हैं। बता दें कि दोनों बहनें पूर्व से ही कृषि विज्ञान केन्द्र में कनीय वैज्ञानिक एवं बिहार अवर निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। मुखिया प्रतिनिधि अमरेश कुमार उर्फ अगूर ने कहा कि यह सफलता लगातार कड़ी मेहनत का परिणाम है। मौके पर डॉ देवलाल पासवान, पूर्व पंचायत समिति रामजीत राम, सौरभ कुमार, डॉ. सत्य कुमार, राजेश कुमार, मराछू चौधरी, सरीता देवी, सावित्री देवी, नितू देवी, ज्ञानति, शीला एवं रंजू देवी ने दोनों बहनों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# ट्रैक्टर में बनाये विशेष तहखाने से भारी मात्रा में शराब बरामद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को उत्पाद विभाग की टीम को बड़ी सफलता मिली। एक ट्रैक्टर के तहखाने में छिपाये गये 3312 पीस टेट्रापैक शराब की बरामदगी की गयी है। वही शराब तस्करी में शामिल एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उत्पाद सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश से आरा की ओर से एक ट्रैक्टर से भारी मात्रा में विदेशी शराब लाया रहा है। सूचना मिलते ही धर-पकड़ के लिए सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। बक्सर- पटना फोरलेन के आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर ओवरब्रीज के पास ट्रैक्टर को आते देखा गया। टीम ने ट्रैक्टर को रोका। जब उसकी तलाशी ली गयी तो उत्पाद विभाग की टीम के होश उड़ गये। जांच करने पर ट्रैक्टर के डाले में बने गुप्त तहखाने के अंदर से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया। सभी शराब उतर प्रदेश निर्मित थी। ट्रैक्टर चालक खवासपुर थाना क्षेत्र के भिरगुनाथ यादव है। वह हजारी टोला निवासी बृजबिहारी यादव का पुत्र है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी दल में सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार, सहायक अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार यादव, उत्पाद के सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जेल तस्कर को जेल भेजा।

# डॉ.अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत शनिवार को कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के अनुसूचित जाति-जनजाति टोले में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शिशिर कुमार रंजन ने बताया कि जगदीशपुर, बलिया, वर्मा, पिपरा बगाही, सुही, घेउरा, तेलहारा, परता तथा डुमरा पंचायत में शिविर लगा कर समग्र विकास योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया गया। इस दौरान श्रम संसाधन विभाग द्वारा ई-श्रम कार्ड, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, पीएम आवास योजना, मनरेगा, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत विधवा, दिव्यांग तथा वृद्धावस्था पेंशन समेत कुल 22 योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुलभ तरीके से दिया गया। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शिशिर कुमार रंजन, राजस्व कर्मचारी, आवास सहायक, स्वच्छता पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, ममता समेत कई सरकार कर्मी उपस्थित थे।

# मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्र में मिलेंगी सभी सुविधाएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड विकास पदाधिकारी उपेंद्र दास की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति कि बैठक की गई। इस बैठक में सभी सदस्यों द्वारा हीट वेब के मद्देनजर वाटर कूलर, पंखा लाइट बैठने के लिए कुर्सी हर्बल गार्डन को सौंदर्यीकरण जैसे अनेकों कार्य पर ध्यान आकर्षित किया गया। डॉ अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि हिट वेब को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए कोई कमी न हो और उन्हें बेहतर सुविधा मिले इस पर फोकस किया गया है। जो भी जरूरत है उसे उपलब्ध कराने की बात बैठक में रखी गयी तथा सर्वसहमति से सुविधाओं को लगाने के लिए पारित किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उपेन्द्र दास, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह, डॉक्टर संतोष कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा,मिन्हाजुल इकराम फिरोज, सदस्य सुनील कुमार, संगीता प्रसाद, मनोज कुमार मधुकर, सुमिता कुमारी उपस्थित रहे।

# पीड़ित परिजनों की सोनाली सिंह ने की मदद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के मझौली गांव स्थित गंगा नदी में डूबने से रामनवमी के दिन एक युवक की मौत हो गई थी। वही इस घटना की सूचना पाकर बड़हरा विधानसभा की बेटी सोनाली सिंह मृतक के पैतृक गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार वालों से मिलकर ढांढस बंधाया और संवेदना प्रकट की है। सोनाली सिंह के द्वारा मृतक के परिजनों को श्राद्धकर्म करने के लिए उनको राहत सामग्री अनाज और वस्त्र प्रदान किया गया है। सोनाली सिंह ने कहा कि मैं इस दुख की घड़ी में मृतक के परिवार के साथ हर वक्त खड़ी हूं। हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया गया। बता दें कि मृतक कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत त्रिभुआनी गांव निवासी सोहन गोड़ का पुत्र जितेंद्र गोड़ था। मृतक के बड़े भाई शत्रुघ्न गोड़ के द्वारा सोनाली सिंह को अवगत कराते हुए बताया कि मेरा भाई रामनवमी पूजा को लेकर गांव के लड़कों के साथ गंगा घाट पर कलश में गंगाजल लाने गया था उसी दौरान वह गंगा नदी में डूब गया था।

# डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष कैंप आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

आरा। तनय सुलतानिया के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में कुल 113 महादलित टोलों में डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत विशेष कैंपों का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य है कि आने वाले दो माह में जिले के सभी महादलित टोलों को शत-प्रतिशत सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के दायरे में लाया जाए, ताकि कोई भी पात्र लाभुक योजनाओं से वंचित न रहे। इन विशेष कैंपों के माध्यम से लाभुकों को 22 विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। इनमें प्रमुख योजनाएं हैं- राशन कार्ड निर्माण, उज्ज्वला योजना, औपचारिक शिक्षा के लिए विद्यालयों में नामांकन, आंगनबाड़ी सेवाएं, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड, हेल्थ कैंप, प्रधानमंत्री आवास योजना, वास-भूमि/बंदोबस्ती से जुड़ी योजनाएं, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, पारिवारिक लाभ योजना, कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, कन्या उत्थान योजना, मातृत्व वंदना योजना, निशक्तता पेंशन योजनाएं, दिव्यांग विवाह योजना, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, नल-जल एवं नली-गली योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, बिजली कनेक्शन, सतत जीविकोपार्जन योजना, मुख्यमंत्री टोला संपर्क योजना, स्वच्छ भारत मिशन, लोहिया स्वच्छता अभियान, सामुदायिक एवं व्यक्तिगत शौचालय निर्माण जैसी अनेक योजनाएं शामिल हैं।


**तुरंत आवश्यकता : मैकेनिकल मैनपावर**

भारत की एक प्रतिष्ठित निर्माण कंपनी को हजीरा, गुजरात (सूरत) स्थित प्रोजेक्ट के लिए अनुबंध आधार पर अनुभवी मैकेनिकल वर्कर्स की तुरंत आवश्यकता है।

**पद :** पाइपिंग/स्ट्रक्चरल फैब्रिकेटर, मिलराइट फिटर्स, आईबीआर वेल्डर, आर्गन वेल्डर, 3G/6G वेल्डर, स्ट्रक्चरल/पाइपिंग फिटर्स, रिगर फोरमैन, गैस कटर, ग्राइंडर आदि।

**योग्यता :** न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव आवश्यक (स्टील प्लांट में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी)।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 21.04.2025

**चयन प्रक्रिया :** टेलीफोनिक इंटरव्यू के माध्यम से 'पहले आओ, पहले पाओ' आधार पर चयन किया जाएगा।

CV भेजें: const.sasaram@gmail.com

संपर्क करें : 7328847016

# मसौढ़ी में महादलित बस्ती में विशेष शिविर का आयोजन

## अनुमंडल क्षेत्र की 26 महादलित बस्तियों में लोगों को दी गई योजनाओं की जानकारी




### महिला संवाद : जहां हर महिला की सुनी गई आवाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** महिलाओं के साथ संवाद विकास की गई शुरुआत के दूसरे दिन शनिवार को मसौढ़ी के निशियावां में आयोजन किया गया, जहां पर एक ऐसा मंच जहां पर हर महिलाओं की आवाज सुनी गई, बातें हुई सपनों की, अधिकारों की, और बदलाव की, दरअसल बीते 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मसौढ़ी अनुमंडल के 12 जगहों पर महिला संवाद कार्यक्रम किया जा रहा है। जहां दूसरे दिन निशियावां गांव में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर भारी संख्या में महिलाओं का जुटान हुआ। महिला सशक्तिकरण से जुड़ी हुई सरकार की तमाम योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, उसके बाद महिला संवाद वैन के विजुलाइजेशन के द्वारा जीविका और ग्राम संगठन से जुड़े हुए महिलाओं के किए गए कार्यों, रोजगार, आत्मनिर्भरता आदि कार्यों को साझा किया गया। महिला संवाद के जरिए ग्राम पंचायत संगठन गठित करते हुए पंचायत के विकास के बारे में चर्चा की गई कई। योजनाओं के बारे में उनसे रूबरू किया गया। मौके पर प्रखंड जीविका पदाधिकारी जयप्रकाश शर्मा के साथ पूरी टीम शामिल रही। वही संवाद कार्यक्रम में सेल्फी विंडों भी महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा, जहां हर महिला आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया।

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** डॉ भीमराव अंबेडकर सम्रग सेवा अभियान के तहत महादलित टोला में सरकार आपके द्वार के तर्ज पर शनिवार को मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड के महादलित टोलो में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ मसौढ़ी के छह पंचायतों में कराय बेर्रा, भैसवा, दौलतपुर, चरमा, भगवानगंज पंचायत मे लगाया गया। पुनपुन प्रखंड के छह पंचायतों में बेहरावां कलावनचक, बेलदारीचक, नियामतचक, बाजितपुर, लोदीपुर एवं धनरूआ प्रखंड में धनरूआ, सोनमई, देवधा, छाती निमडा नथवां सांडा, समेत दस पंचायतों में शिविर लगाया गया। विशेष शिविर के माध्यम से अभियान चलाकर लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित व्यक्तियों को ऑनस्पॉट लाभ दिलाया गया। इसके अलावा पीडीएस, उज्ज्वला योजना, आंगनबाड़ी में नामांकन, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, कौशल विकास कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना, स्वयं सहायता भत्ता योजना, ई-श्रम कार्ड में निबंधन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, वास-भूमि, बंदोबस्ती, सामाजिक सुरक्षा,, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री जन-धन, जीवन ज्योति आदी योजनाओं का लाभ दिया गया, कार्यक्रम के दौरान सोनमई पंचायत में सीडीपीओ धनरूआ अर्चना कुमारी, धनरूआ अमरपुरा में बीडीओ प्रियंका कुमारी, वहीं पुनपुन में बीडीओ मानेनद्र कुमार, मसौढ़ी में सीडीपीओ अर्चना कुमारी, आपूर्ति पदाधिकारी वीरेंद्र भारती समेत अन्य पदाधिकारी अन्य शिविर में शामिल रहे।

# पाली मदारीपुर रोड की हालत जर्जर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पालीगंज (पटना)।** प्रखंड के पाली मदारीपुर रोड की हालत पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं। जिस कारण इस रोड पर चलने वाली गाड़ियों के दुर्घटना होने की हमेशा संभावनाएं बनी रहती है। साथ ही जानमाल का खतरा भी बना रहता है। यह लिंक रोड पाली किंजर मुख्य पथ से फतेहपुर टोला के पास से निकलकर मदारीपुर गांव नहर सड़क पर जाकर मिल जाती है। यह रोड दक्षिणी इलाके को पालीगंज से जोड़ती है। इसकी लंबाई लगभग 4.5 किलोमीटर है। यह सड़क दक्षिणी इलाके के कई गांवों पतौना, रघुनाथपुर, मदारीपुर, निरखपुर, सिद्धिपुर, महेशपुर, महुअरि, बसंत बिगहा, दहिया, कौरी खिरिमोड़ आदि गांव को जोड़ती है। इस सड़क के जर्जर हो जाने से इस क्षेत्र के एक बड़ी आबादी को दैनिक कार्य हेतु, अस्पताल, प्रखंड, अनुमंडल कार्यालय, अस्पताल, व्यवहार न्यायालय सहित प्रतिदिन जरूरत के सामनों की खरीददारी करने होते बाजार आने जाने मे काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पूछने पर ग्रामीण कार्य प्रमंडल पालीगंज के कार्यपालक अभियंता रविशंकर कुमार ने बताया कि यह रोड़ का सेंक्शन होकर टेंडर की स्थिति में है। एक माह में निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

# मसौढ़ी एवं धनरूआ में आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया गया अन्नप्राशन संस्कार

## नवजात शिशुओं को सीडीपीओ ने खिलाई दलिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढी एवं धनरूआ के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर शनिवार को शिशुओं को दलिया खिला कर अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। साथ ही शिशु के स्वजनों को शिशुओं के लिए स्तनपान के साथ अनुपूरक आहार उपयोग करने की जानकारी दी गई। मसौढ़ी सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया की बाल कुपोषण को दूर करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई कि बाल कुपोषण को कम करने में अनुपूरक आहार की अहम भूमिका होती है। छह माह तक शिशु का वजन लगभग दो गुना बढ़ जाता एवं एक वर्ष पूरा होने तक वजन लगभग तीन गुना एवं लंबाई जन्म से लगभग डेढ़ गुना बढ़ जाती है। वहीं धनरूआ सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया की बच्चों में दो वर्षों में तंत्रिका प्रणाली एवं मस्तिष्क विकास के साथ सभी अंगों में संरचनात्मक एवं कार्यात्मक द्रिष्टीकोण से बहुत तेजी से विकास होता है। इसके लिए अतिरिक्त पोषक आहार की जरूरत होती है। शिशु के लिए प्रारंभिक आहार तैयार करने के लिए घर में मौजूद मुख्य खाद्य पदार्थों का उपयोग किया जा सकता है। सूजी, गेहूं का आटा, चावल, रागा, बाजरा आदि की सहायता से पानी या दूध में दलिया बनाया जा सकता है। बच्चे के आहार में चीनी अथवा गुड़ को भी शामिल करना चाहिए, क्योंकि उन्हें अधिक ऊर्ज़ा की जरूरत होती है।

# इस गुमनाम संग्रहालय में जीवित है भारत का इतिहास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पालीगंज।** ताड़ के पत्ते पर ईसा से 780 वर्ष पूर्व लिखे महाभारत का भला कौन दीदार करना नहीं चाहेगा। भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर वेद, पुराण, मुगलकालीन सिक्के और 5,000 से अधिक पांडुलिपियों का विशाल संग्रह आपके इंतजार कर रहा है। हम बात कर रहे हैं, पटना जिला के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के भरतपुरा के गोपाल नारायण सिंह पब्लिक लाइब्रेरी सह संग्रहालय की। यहां करीब एक हजार मुगलकालीन पेंटिंग, फिरदौसी कृत शाहनामा, निजामी गाजा लिखित सिकंदरनामा, सलामत अली अकबर कृत मुता-उल-हिंद तथा वैसलिस की पांडुलिपियां मौजूद हैं। इस पुस्तकालय की स्थापना सम्राट गोपाल नारायण सिंह के सिंहासन पर बैठने के उपलक्ष्य में 12 दिसंबर 1912 में भरतपुरा गांव के लाल वाटिका में तत्कालीन ब्रिटिश कमिश्नर सी. ओल्डहम ने की थी। गोपाल नारायण सिंह को पुरातत्व सामग्रियों एवं पुस्तकों का संकलन का शौक था। बाद में इसके संचालन के लिए 1956 में एक ट्रस्ट बनाया गया। ट्रस्ट के विधान में 15 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्य और संरक्षक के रूप में परिवार के एक सदस्य का शामिल होना तय हुआ। तत्कालीन दानापुर के अनुमंडल पदाधिकारी को पदेन सभापति की जिम्मेदारी दी गई। विशेष परिषद की अध्यक्षता प्रमंडलीय आयुक्त अथवा जिलाधिकारी द्वारा किए जाने का प्रावधान किया गया। शिक्षा विभाग ने 15 नवंबर 1980 को भरतपुरा को बिहार का विशिष्ट पुस्तकालय घोषित किया। पुस्तकालय के ट्रस्टी रघुराज नारायण सिंह द्वारा घोषित सार्वजनिक पुस्तकालय के संचालन के लिए समिति बनाई गई। 1988 में इस पुस्तकालय की जयंती मनाई गई तब केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री ललितेश्वर प्रसाद शाही भरतपुरा आए थे। ब्रिटिश हाई कमीशन ने 30 जून 1981 में गोपाल नारायण पब्लिक लाइब्रेरी की तुलना नेशनल लाइब्रेरी कोलकाता, नेशनल म्यूजियम दिल्ली और पटना के खुदाबख्स खां लाइब्रेरी से की। इसे मुगल कालीन पेंटिंग का एशिया में सबसे बड़ा संग्रहालय माना गया। अकबर द्वारा चलाई गई मुद्रा दीन इलाही और गुप्तकाल के सिक्के के साथ वातानुकूलित घड़ी और अन्य दुर्लभ संग्रह यहां उपलब्ध हैं। बात 1973 की है। 8 जनवरी की सर्द रात में सुरक्षा प्रहरी पर हमला करके तस्करों ने बहुमूल्य चित्रित पांडुलिपियां, शाहनामा, सिकंदरनामा, वैसलिस, मुता-उल-हिंद एवं अकबर के समकालीन चित्रकार की पेंटिंग उड़ा ले गए। असाम के सांसद एमएस गुहा ने संसद में आवाज उठाई तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरि तक बात पहुंची। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जून 1974 में पांडुलिपियों की चोरी की जांच का जिम्मा सीबीआइ को सौंपा। सीबीआई ने तीन पांडुलिपियों को बरामद किया लेकिन मुता-उल-हिंद जो अकबर के समकालीन सलामत अली द्वारा लिखित था वह कैलिफोर्निया पहुंच चुका था। जिसको इंटरपोल के माध्यम से लाने का प्रयास किया गया था अन्य कॉपिया भारत के अन्य भागो से जब्त कर लाई गई थी। गोपाल नारायण सिंह सार्वजनिक पुस्तकालय सह संग्रहालय बिहार के लिए एक ऐतिहासिक भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर वेद, पुराण, मुगलकालीन सिक्के, पांडुलिपियों का विशाल संग्रह, कला कृतियां, दस्तावेज जहां 2000 साल पहले का इतिहास और दस्तावेज को संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भवन का निर्माण कराया और इसका डिजिटलीकरण कराया ताकि अमूल्य धरोहरों को संग्रहालय में सहेजकर रखा जा सके। इसके सुरक्षा में दिन रात जवानों की स्थाई तैनाती की गई है। आने वाले समय में बिहार सरकार गोपाल नारायण सिंह सार्वजनिक पुस्तकालय सह संग्रहालय को कॉरिडोर से जोड़ने का काम करे ताकि देश-विदेश से छात्र और शोधकर्ता आए और बिहार के इतिहास के बारे में जान सके।

# बाबा साहेब की जयंती पर संगोष्ठी

**दानापुर (नबिटा संवाददाता)।** भाजपा द्वारा शनिवार को गोला रोड में बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विधायक डा संजीव चौरसिया ने कहा बाबा साहब के सपने और संविधान को चकनाचूर करने वाली कांग्रेस आज संविधान की दुहाई दे रही है. उन्होंने कहा कि अंबेडकर ने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का पुरजोर समर्थन किया था. सुजीत कुमार ने बाबा साहेब को भारतीय संविधान का जनक व भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक बतलाया। पूर्व विधायक आशा सिन्हा ने भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहेब की भूमिका पर विचार रखे. भाजपा युवा नेता रवि भूषण उर्फ बेला यादव ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने छूआछूत के विरुद्ध आंदोलन चलाया। मौके पर शशि कुमार, बंटी गुप्ता, संजय यादव, अजीत यादव, सनोज यादव, विजय भोटी, आशा देवी थे।

# कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर में छात्र परिषद चुनाव संपन्न, जिगर और श्वेता चुने गए हेड बॉय-गर्ल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर, अनीसाबाद में शुक्रवार को छात्र परिषद के चुनाव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस चुनाव में छात्रों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नामांकन, प्रचार, मतदान और मतगणना का वास्तविक अनुभव लिया। इस अवसर पर कक्षा 7 के जिगर कुमार को हेड बॉय, कक्षा 7 की स्वेता कुमारी को हेड गर्ल, और कक्षा 9 के निर्मल कुमार कावा को सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष चुना गया.वहीं, कक्षा 7 की ही छात्रा स्वेता कुमारी को स्कूल हेड गर्ल चुना गया। कक्षा 9 के निर्मल कुमार कावा को स्कूल सांस्कृतिक समिति का अध्यक्ष चुना गया. सभी विजेताओं को छात्रों का व्यापक समर्थन मिला और उन्होंने अपने विचारों से सहपाठियों को प्रभावित किया।

विद्यालय की प्रबंध निदेशिका उषा कुमारी और प्रधानाचार्या अंकिता कुमारी ने छात्रों को बधाई दी और बताया कि यह आयोजन नेतृत्व कौशल के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने का जरिया बना. चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह भारतीय आम चुनाव की तर्ज पर आयोजित किया गया, जिसमें पोस्टर, भाषण, मतदान और निष्पक्ष मतगणना शामिल रही।

कार्यक्रम के अंत में विजयी छात्रों को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई. यह आयोजन विद्यालय में शिक्षा के व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसमें नेतृत्व, जिम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा दिया जाता है।

# बाबा चौहरमल महोत्सव का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** बाबा चौहरमल महोत्सव का समापन बुधवार की रात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ. दो दिवसीय इस महोत्सव में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटे और बाबा चौहरमल की स्मृति में आयोजित कार्यक्रमों का भरपूर आनंद उठाया.फुलवारी शरीफ के चौहर मल स्थान मैदान में देर रात तक गूंजते रहे ढोल-मंजीरे, गूंजती रही वीर रस की लोकगाथाएं, और झूमते रहे श्रद्धालु—बाबा के जयकारों के संग। महोत्सव के अंतिम दिन लोक कलाकारों द्वारा पेश आल्हा-उदल की वीरगाथा पर आधारित गीत-संगीत और नृत्य ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. पारंपरिक लोक परंपराओं से सजे इन कार्यक्रमों में भोजपुरी, मगही और फोक नृत्य की भी सुंदर झलक देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने बाबा चौहरमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया. इस दौरान फुलवारी शरीफ का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। शिरोमणि बाबा चौहरमल की स्मृति में आयोजित इस महोत्सव ने सामाजिक समरसता, भाईचारे और परंपरा को जीवंत कर दिया। समिति अध्यक्ष दिनेश पासवान ने बताया कि महोत्सव में शामिल हुए गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा चौहरमल के जीवन दर्शन को युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया और ऐसे आयोजनों की निरंतरता की आवश्यकता पर बल दिया।

# अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रीय महासभा की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** राष्ट्रीय वरिष्ठ संरक्षक अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की बैठक सगुना मोड़ स्थित एमएलसी अनामिका सिंह पटेल के आवास पर की गई. गुजरात राज्य के पूर्व गृह मंत्री गोरधन भाई झरफइया (पटेल) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन के विकास, सदस्यता वृद्धि और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद करने पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई. पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि उनका संगठन युवाओं व युवतियों को सबल बनाने का कार्य कर रही है. गुजरात में प्रत्येक वर्ष 10 हजार छात्राओं व 30 हजार छात्रों को निःशुल्क शिक्षित कर रही है। शिक्षा ग्रहण करने के बाद या तो वे सरकारी नौकरी के क्षेत्र में कदम रख रहे है या स्वालंबी बनकर अपना व्यापार व इंडस्ट्रियल क्षेत्र में अपना पैठ बनाने में जुटे है. एमएलसी अनामिका सिंह पटेल ने कहा कि बिहार में भी समाज के विकास के लिए वैसे लोगों की मदद करने की दिशा में पहल करनी होगी, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। ऐसे लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाकर सबल बनाया जाय, ताकि उनके बच्चे भी तरक्की कर सकें.इस मौके पर महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह उद्योग व आईटी के राष्ट्रीय प्रभारी सुजान शंकर, भाजपा नेता संजय यादव, ब्रजेश कुमार के अलावा कई विशिष्ट लोग मौजूद थे।

पृष्ठ 1 का शेष

## दुर्घटना में युवक की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया नेशनल हाईवे 22 पर धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव के पास फोरलेन के डिवाइडर पर एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। धनरूआ थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन के ठोकर से इसकी मौत होना प्रतीत हो रहा है। शव कि शिनाख्त की जा रही है। ऐसा लग रहा है कि सड़क पार करने को दौरान किसी वाहन के चपेट में आ गया होगा। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## जावा महुआ किया गया नष्ट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान शनिवार को केवड़ा ओपी की पुलिस ने रामपुर मुसहरी में सघन छापेमारी करते हुए यह अभियान चलाया, जहां पर तकरीबन 2000 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया है। इसके अलावा दर्जनों भठ्ठियों को ध्वस्त किया गया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि यह अभियान निरंतर चलाया जाएगा। ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ लगातार यह कार्रवाई केवड़ा ओपी अंतर्गत सभी मुसहरी के अलावा अन्य चिन्हित जगह पर छापेमारी कर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान लगातार कार्रवाई कर गिरफ्तारियां भी की जा रही है।

## मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में रिक्त पंचायत पदों के लिए उपचुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। वार्डवार मतदाता सूची के विखंडन के बाद प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। उसके बाद 29 अप्रैल तक दावा-आपत्ति ली जाएगी। 21 अप्रैल से 8 मई तक दावा-आपत्ति का निष्पादन होगा। वहीं 14 मई को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। वहीं प्रारूप प्रकाशन के बाद मसौढी प्रखंड के नदौल में 490 और दौलतपुर पंचायत में पंच पद के लिए 110 मतदाताओं की संख्या है। धनरूआ प्रखंड के गोविंदपुर बौरही पंचायत में वार्ड सदस्य के लिए 554 और पंच पद के लिए 789 मतदाताओं की संख्या है। वहीं पुनपुन प्रखंड के बेहरावां पंचायत मे दो पंच और लखनपार पंचायत मे एक पंच के रिक्त पदो पर चुनाव होने है। बहरहाल मतदाता सूची का विखंडन अंतिम दौर में है। इन पदों पर 14 मई के बाद उपचुनाव कराए जाने है।

## पुलिस ने दो दर्जन भट्ठियां तोड़ी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को लहसुना पुलिस ने बदरोई गांव में पूरे गांव को चारों तरफ से घेर कर ताबड़तोड़ छापेमारी की जहां पर तकरीबन दो दर्जन से अधिक भट्ठियों को ध्वस्त किया गया, यह सभी भठ्ठियां आहार पाईन के किनारे बनाए गए थे। जहां पर 1500 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया है। लहसुना थाना प्रभारी खुशबू खातून ने बताया कि बदरोई गांव में बृहद पैमाने पर देसी शराब बनाने की सूचना मिली थी जहां पर ड्रोन कैमरे और स्क्वाड डॉग के सहारे छापेमारी की जा रही है ऐसे में सभी पुलिस पदाधिकारी की टीम के साथ आज बृहद पैमाने पर छापेमारी हुई है हालांकि शराब बनाने वाले धंधेबाज भाग निकले हैं। फिर भी उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है और यह कार्रवाई निरंतर चलेगी। गांव में हुई छापेमारी के दौरान सभी शराब माफिया में हडकंप मची हैं पूरे मसौढ़ी प्रखंड में बदरोई एक ऐसा गांव है जहां पर बृहद पैमाने पर शराब बनाई जाने की सूचना पुलिस को मिली थी।

## किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी ने कमरे में बंद कर खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जाता है की बंद कमरे में मृतका फांसी लगा ली थी जिसकी जानकारी तब हुआ जब किसी घर के परिवार के सदस्य ने घर के वेंटिलेटर से झूलते हुए देखा तब आनन फानन में कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और उसे उतारा गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी, सूचना पाकर मसौढ़ी पुलिस पहुंची है और शव को बरामद की है घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाई गई है थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि परिवार के लोगों से पूछताछ पर पारिवारिक कलह बताया जा रहा है।

## डीडीसी ने किया निरीक्षण

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन प्रखंड के केवडा में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण शनिवार को उप विकास आयुक्त समीर सौरभ के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मसौढ़ी अमित कुमार पटेल,प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, भवन निर्माण विभाग के अभियंता उपस्थित रहे। अंचलाधिकारी पुनपुन को स्थल की विधिवत नापी कराने का निर्देश दिया गया, ताकि भूमि से संबंधित किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अलावा अपने अधीनस्थ पदाधिकारी को कई दिशा निर्देशित करते हुए पंचायत सरकार भवन का जल्द निर्माण कार्य पुर्ण कराने की बात कही।

## वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**पालीगंज (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के महवलीपुर लख शिव मंदिर के सामने रोड़ पर अज्ञात वाहन के टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पालीगंज थाने के मखमिलपुर गांव निवासी चेता पासवान के 37 वर्षीय मंहगू दास के रूप में हुई है। उसके बाई पैर कुचला हुआ था तथा उससे खून निकल रहा था। मौत की सूचना पाकर पहुंची पालीगंज पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आने युवक की मौत हो गई है।

## पुनपुन में युवक का शव बरामद

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के मनोरह गुमटी के पास एक युवक का शव बरामद किया गया है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि सड़क के किनारे डेड बॉडी फेंका हुआ था, यह पिपरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है,इसके परिजनों की सूचना दी गई है परिवार वालो के आने नाम और कुछ कारण पता चल पायेगा। फिलहाल पुलिस छानबीन कर रही है। शव के शरीर पर कभी कोई चोट और जख्म का निशान नहीं है, एफएसएल टीम को बुलाई गई है। जिसकी जांच की जायेंगी।

## पियक्कड़ पति को पुलिस से पकड़वाया

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शराब पीकर रोज घर में हंगामा करना एक पति को महंगा पड़ गया. दरअसल उसकी पत्नी ने उसकी इस रोज की हरकतों से तंग आकर पुलिस थाने में उसकी शिकायत दर्ज करवा दी जिसके बाद पियक्कड़ पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. घटना मसौढ़ी थाना के कररिया गांव की है. बताया जाता है कि गांव के 40 वर्षीय श्यामदेव साव रोज शराब पीकर घर में हंगामा किया करता था जिससे उसकी पत्नी और बच्चे काफी परेशान हो चुके थे. शनिवार की शाम भी उसने ऐसा ही किया. ऐसे में उसकी रोज की इस हरकत से तंग आकर उसकी पत्नी लीलावती देवी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी और बाद में थाना आकर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसकी ब्रेन ऐनेलाइजर से जांच की गयी तो शराब पीने की पुष्टि हो गयी। इस संबंध में उसकी पत्नी लीलावती देवी ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। फिलहाल वह पुलिस हिरासत में है और रविवार को पुलिस उसे न्यायिक हिरासत में भेज देगी।

# नगर निकाय की 4.24 करोड़ की योजनाओं का मंत्री ने किया उद्घाटन

## बेतिया में 2.49 करोड़, चनपटिया में 94.16 लाख, लौरिया की 15. 27 लाख, मच्छरगांवा की 30.11 लाख तथा बगहा की 35.34 लाख की योजनाओं का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेतिया।** सुबे के नगर आवास एवं विकास विभाग के मंत्री जीवेश मिश्रा ने शनिवार को नगर निगम परिसर में नगर निकाय की 4.24 करोड़ की योजनाओं का उदघाटन किया। इनमें बेतिया नगर निगम के अलावा बगहा नगर परिषद, लौरिया, चनपटिया व मच्छरगांवा नगर निकाय की योजनाएं शामिल रहीं. मंत्री के साथ पश्चिम चंपारण के सांसद डा. संजय जायसवाल, एमएलसी सौरभ कुमार, महापौर गरिमा देवी सिकारिया, उप महापौर गायत्री देवी, नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह के अलावा उपनगर आयुक्त



व सिटी मैनेजर आदि शामिल रहे। नगर आयुक्त ने बताया कि जिन योजनाओं का उदघाटन किया गया उनमें बेतिया में नगर निगम में पचास बेड की क्षमता के सीएम वृद्ध जन आश्रय स्थल के अलावा 2.49 करोड़ की सड़क, नाला व छठ घाट समेत अन्य कुल 23 योजनाएं शामिल हैं। इसी तरह चनपटिया नगर पंचायत की 94.16 लाख की आरसीसी नाला व स्लैब की सात योजनाओं को शामिल किया गया है जबकि बगहा नगर परिषद की 35.34 लाख की मिटटी भराई, पीसीसी सड़क व आरसीसी नाला की दो योजनाओं का शुभारंभ किया गया। इनमें लौरिया नगर पंचायत की 15.27 लाख की ईंट सोलिंग व शौचालय की दो योजनाओं का उदघाटन किया गया. उधर मच्छरगांवा नगर पंचायत की 30.11 पीसीसी सड़क की योजनाओं का भी शुभारंभ किया गया। इसी तरह बेतिया नगर निगम में 2.61 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया. नरकटियागंज नप की सम्राट अशोक भवन समेत पोखरा का सौंदर्यीकरण संबंधी 2.27 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया गया। जबकि लौरिया की महज 8. 80 लाख तथा बगहा की 45.80 लाख की योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस दौरान मंत्री व सांसद तथा एमएलसी के पहुंचने पर नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया समेत उप महापौर तथा वार्ड पार्षदों ने भव्य तरीके से स्वागत किया। इस दौरान सभी वार्डों के वार्ड पार्षद और उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बरात में शामिल होने जा रहे बाइक सवार दो युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** जिले के गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के चैनपुर पिपरा बाजार के समीप शुक्रवार की देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे ने खुशी के मौके को मातम में बदल दिया। बरात में शामिल होने जा रहे तीन दोस्तों की तेज़ रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, सिसई गांव निवासी नीरज कुमार, मनमोहन शर्मा और आर्यन कुमार शुक्रवार देर शाम एक ही बाइक से गोपालगंज जिले के बढ़ेया गांव स्थित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक चैनपुर पिपरा बाजार के समीप पहुंची, अचानक बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और नीरज एवं मनमोहन की मौके पर ही मौत हो गई। पीछे बैठा आर्यन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए डायल 112 को सूचना दी और सभी को नज़दीकी पीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने आर्यन की हालत गंभीर देख सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिए गए। जैसे ही हादसे की जानकारी सिसई गांव में पहुंची, पूरे गांव में मातम पसर गया। मृतकों के घर में कोहराम मच गया है, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक मनमोहन शर्मा के परिजनों ने बताया कि घर से निकलने के महज आधे घंटे बाद ही यह मनहूस खबर मिल गई। अस्पताल पहुंचने तक बेटे की सांसे थम चुकी थीं। तीनों युवक आपस में घनिष्ठ मित्र थे और गांव में सामाजिक रूप से सक्रिय माने जाते थे।

# एसपी ने किया नौ पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेतिया।** अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए बेतिया एसपी डा. शौर्य सुमन ने जिले के तीन थानेदारों को वापस पुलिस केंद्र में बुला लिया है। जबकि छह थानों में नये थानेदारों को पदस्थापित किया है। एसपी द्वारा जारी जिलादेश के अनुसार बेतिया अनुसूचित जाति जनजाति थाना में पदस्थापित थानाध्यक्ष राणा प्रसाद को मैनाटांड़ थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं महिला थानाध्यक्ष के रुप में कार्य कर रही सुधा कुमारी को पुरुषोतमपुर का थानाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि कुमारबाग के देवेंद्र कुमार को नवलपुर का थानाध्यक्ष बनाया गया है। इधर अजा अजजा के अपर थानाध्यक्ष बृजकिशोर दास को अनुसूचित जाति जनजाति का




थानाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि इनरवा के अपर थानाध्यक्ष ऋतुराज जायसवाल को नवलपुर का थानाध्यक्ष बनाया गया है। मैनाटांड़ की अपर थानाध्यक्ष श्यामली कमल को महिला थानाध्यक्ष की जिम्मेवारी दीगयी है। जिलादेश के अनुसार नवलपुर के थानाध्यक्ष अनुपम कुमार, मैनाटांड़ के थानाध्यक्ष मंटू कुमार एवं पुरुषोतमपुर के थानाध्यक्ष संजीव कुमार तीनों को पुलिस केंद्र में वापस बुला लिया गया है।

# बंगाल की निरंकुश सरकार को हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा : जनमेजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हिंदू समुदाय पर कथित हमलों के विरोध में शनिवार को बजरंग दल ने सीवान में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए यह विरोध मार्च जेपी चौक पर पहुंचा, जहां सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शन का नेतृत्व बजरंग क्षेत्र संयोजक जन्मेजय कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि बंगाल की निरंकुश सरकार को हिंदू समाज अब और बर्दाश्त नहीं करेगा। ळ्हम सीवान से यह संदेश देना चाहते हैं कि हिंदू समाज चुप नहीं बैठेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार, महिलाओं से दुष्कर्म, हत्याएं और घर




जलाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे भयभीत होकर हिंदू समुदाय पलायन के लिए मजबूर हो रहा है, उन्होंने कहा। जन्मेजय कुमार ने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से आग्रह किया कि पश्चिम बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए, जिससे हिंदू समुदाय को सुरक्षा मिल सके और पलायन पर रोक लगे। बजरंग दल के जिला संयोजक रंजन कुमार ने भी राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पिछले एक सप्ताह से वक्फ अधिनियम के नाम पर हिंदुओं को निशाना बनाकर हिंसा की जा रही है। हजारों परिवार अपने ही राज्य में शरणार्थी बन गए हैं। ऐसी हिंदू विरोधी सरकार को तत्काल निलंबित कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। प्रदर्शन के बाद बजरंग दल के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

# अति कुपोषित बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा पोषण पुनर्वास केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेतिया।** जिले के गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए नरकटियागंज का पोषण पुनर्वास केंद्र किसी वरदान से कम नहीं है। जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने बताया की पोषण पुनर्वास केंद्र, नरकटियागंज में जिले के स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर किए गए कमजोर एवं कुपोषित बच्चों क़ो भर्ती कराया जाता है एवं उन्हें उनके माता के साथ चिकित्सकों के देखरेख में ईलाज व निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इसके बाद बच्चों क़ो स्वस्थ करके घर भेजा जाता है। इसमें आरबीएसके के चिकित्सक भी कुपोषित बच्चों की पहचान में अहम भूमिका निभा रहा है। वे आँगनबाड़ी केंद्रों पर जाकर ऐसे बच्चों क़ो चिन्हित करते है, वहीं पीएचसी के डॉक्टर स्वास्थ्य केंद्र में एवं आशा



घर घर जाकर ऐसे बच्चों क़ो चिन्हित करती है और फिर उन्हें अतिकुपोषित होने पर नरकटियागंज अनुमण्डलीय अस्पताल में रेफर किया जाता है। डॉ मनीकांत श्रीवास्तव ने बताया की यहाँ जनवरी 25 में 09, फ़रवरी में 08, मार्च 08, अप्रैल में अभी तक 10 कुल 35 बच्चे भर्ती किए गए। जिनमें आज 02 बच्चों क़ो डिस्चार्ज किया गया है। उन्होंने बताया की 14 प्रकार की सिरप के साथ कई अन्य दवाएं चलाई जाती है। नरकटियागंज में 20 बेड है। जहाँ कुपोषित बच्चों के कुपोषण के साथ अन्य जटिल बीमारियों का भी उपचार किया जाता है। कुपोषित बच्चों के साथ उनकी माताओं क़ो रहने खाने के साथ दैनिक भत्ता के रूप में प्रतिदिन 100 के हिसाब से उनके खाते में भुगतान किया है। डिस्चार्ज होने के बाद बच्चों का 15 दोनों पर फॉलो अप किया जाता है। डाइटिशियन राजकुमार ने बताया कि बच्चों को दूध, अनाज आधारित भोजन, हलवा, फल अंडा, हरी सब्जी एवं पोषक तत्वों से भरपूर अनाज खिलाए जाते है। समय-समय पर उनका वजन व स्वास्थ्य की जाँच की जाती है। वहीं माता-पिता को बच्चों को इस प्रकार संतुलित आहार खिलाने के लिए प्रेरित किया जाता है ताकि बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास ठीक ढंग से हो सकें।

## एक नजर

### शराब के नशे में गाली गलौज व मारपीट

**नरकटियागंज।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के मालदा गांव निवासी लैला देवी ने शराब के नशे में गलौज व मारपीट करने को लेकर अपने पड़ोसी सुदर्शन राम के ऊपर प्राथमिक की दर्ज कराई है। आरोप है कि सुदर्शन राम द्वारा शराब पीकर मेरे दरवाजे पर गंदी-गंदी गाली देने लगे। जिसका विरोध करने पर सुदर्शन राम एवं उसकी पत्नी शुशीला देवी दोने ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से पांच वर्षीय बच्चा जख्मी

**नरकटियागंज।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के चेगौना गांव में एक अज्ञात बाइक सवार ने एक पांच वर्षीय बच्चे को ठोकर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हालांकि बाइक सवार फरार हो गया। घटना 12 अप्रैल की है। मामले में चेगौना निवासी बच्चे के पिता हरिचंद्र महतो ने शिकारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर भी।अंकित कराया है। पीड़ित ने बताया कि मेरा बच्चा अपने दरवाजे पर खेल रहा था। तभी तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी और फरार हो गया। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि मामले प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है।

### मोबाइल दुकान में चोरी,दो नामजद

**नरकटियागंज।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के नौतनवा में एक मोबाइल दुकान में चोरी की घटना घटी है। घटना 13 अप्रैल की है। मामले में नौतनवा निवासी मोबाइल दुकानदार बरकत अली ने शिकारपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है। जिसमें गांव के हैं आफताब उर्फ भठहा एवं उसकी पत्नी रूप खातून को नामजद किया है। आरोप है कि दोनों ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। उसने बताया है कि उसके मोबाइल दुकान से दोनों ने मिलकर एक लाख 62 हजार नकदी एवं सात पुराना मोबाइल तथा एक लैपटॉप की चोरी कर लिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि मामले प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

### महिला से मारपीट एफआईआर दर्ज

**नरकटियागंज।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के धुमनगर में एक महिला के साथ मारपीट की घटना घटी है। मामले में धुमनगर निवासी हशीना खातून के फर्द बयान पर शिकारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमे भांटहवा पिपरा गाव निवासी समीर आलम एवं धुमनगर निवासी जहानारा खातून,सगीर आलम, शमशाद मियां को नामजद किया है। घटना पांच अप्रैल की है। आरोप है कि समीर आये और हशीना से उसके पति तैयब अली के बारे में पूछा तो महिला ने बताया कि घर पर नही है। इसके बाद सभी लोग एकजुट होकर गाली गलौज देने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर मुझे जख्मी कर दिए। हो हल्ला सुनकर मेरे पति आये उसको भी मारपीट कर जख्मी कर दिए। स्थानीय लोगो के बीच बचाव से मामला शांत हुआ। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि महिला के फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच पड़ताल करते हुए आगे की करवाई की जा रही है।

### भूमि विवाद में मारपीट, एफआईआर

**नरकटियागंज।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के केहुनिया गाव निवासी शुशीला देवी ने जमीनी विवाद को लेकर मारपीट करने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमे गाव के ही झक्कड़ राम, संध्या देवी,राधा कुमारी को नामजद किया है। आरोप है कि पूर्व से बने घर के जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने के लिए गोबर का खाद एवं लकड़ी रख रहे थे। जिसे देख मना करने पर गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर मुझे एवं मेरे पति मुकेश राम को मारपीट कर जख्मी कर दिए। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्यवाई की जा रहीं है।

### सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन

**दरौली/सीवान।** डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत सरकार के कल्याण विभाग द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम सरकार आपके द्वार के तहत दरौली के महादलित वस्ती में शनिवार को विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ दीप्ति सीखा की अध्यक्षता में आयोजित इस विशेष शिविर में सीओ विद्याभूषण कुमार भारती, बीपीआरओ पुरूषोत्तम कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास की महिला पर्यवेक्षिका सहित अन्य विभागो के प्रतिनिधियों के अलावा मुखिया लालबहादुर मौजूद रहे। महादलित वस्ती दरौली में आयोजित इस विशेष विकास शिविर में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के बीच सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं की जानकारी अधिकारियों द्वारा दी गयी तथा जॉब कार्ड, राशनकार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित तमाम योजनाओं से संबंधित आवेदन पत्र जमा करवाये गये तथा निष्पादन योग्य मामलों का निष्पादन भी किया गया।

# फाइलेरिया का इलाज समय से नहीं कराने वाले बन सकते हैं दिव्यांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को फाइलेरिया मरीजों के बीच रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता रोकथाम किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आकाश कुमार ने कहा कि फाइलेरिया बीमारी जानलेवा नहीं बल्कि एक घातक बीमारी है। इस बीमारी से ग्रसित लोगों का जीवन काफी चुनौती पूर्ण हो जाता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए कई प्रकार के अभियान चलाया जा रहा है, ताकि फाइलेरिया बीमारी का उन्मूलन अपने जिला और राज्य से जल्द से जल्द हो सके। फाइलेरिया मरीजों को सलाह देते हुए कहा कि एमएमडीपी किट का नियमित रूप से इस्तेमाल कर हाथीपांव के मरीज अपने बीमारी की बढ़ोतरी पर आसानी से काबू पा सकते हैं लेकिन इसके लिए मरीजों को स्वयं जागरूक होना होगा तभी उन्हें हाथीपांव जैसी बीमारी से राहत मिलेगी क्योंकि लिम्फेटिक फाइलेरियासिस यानी फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जिसका समय पर इलाज नहीं होने से लोग दिव्यांग बन सकते हैं। इसलिए सरकार ने फाइलेरिया को मिटाने की दिशा में प्रयास तेज कर दिया है। स्थानीय स्तर पर 98 फाइलेरिया के मरीज है। जिसमें 15 रोगियों को एमएमडीपी किट दिया गया, जबकि 10 मरीजों का दिव्यंगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन किया गया है।

**एमएमडीपी किट वितरण के साथ दिया जाएगा प्रयोग करने का प्रशिक्षण**

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश लाल ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए कहा गया है कि एमएमडीपी किट वितरण के साथ ही उन्हें उसका प्रयोग करने के लिए भी अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण दिया जाए ताकि उसका लाभ उनको मिल सकें नहीं तो कीट वितरण लेकर घर जाने वाले रोगी उसका सही से प्रयोग नहीं कर पाते हैं क्योंकि एमएमडीपी किट में मरीजों को डिटॉल साबुन, एंटीसेप्टिक क्रीम, टब, मग, तौलिया सहित कई अन्य की सामग्री प्रदान की जाती है। जिसको मरीजों को फाइलेरिया ग्रसित अंगों की नियमित रूप से देखभाल के तरीके सिखाए जाते हैं। इस दौरान मरीजों को बताया गया कि साबुन से पैरों की साफ सफाई और एंटीसेप्टिक क्रीम का उपयोग संक्रमण को नियंत्रित कर सकता है। मालूम हो कि क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है, तो उसे भी संक्रमित कर देता है। इस अवसर पर सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, परिवार नियोजन परामर्शी प्रभात कुमार पाण्डेय, प्रखंड लेखापाल बच्चा दूबे, प्रखंड स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदर्श श्रीवास्तव, निशिकांत कुमार, आशा फेसिलेटर अंजू देवी, शोभा देवी, बालिका देवी, राजकुमारी देवी और आरती देवी के अलावा आशा कार्यकर्ता भी मौजूद रही।

## सामान के साथ तीन चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लहलादपुर (सारण)।** जनता बाजार थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के सामान के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार चोरों में नाजीरगंज गांव निवासी अंकित कुमार, पुरुषोत्तिमपुर गांव के राहुल कुमार व धूमन कुमार शामिल हैं। बताया गया कि इन तीनों ने 9 अप्रैल की रात पुरुषोत्तिमपुर पंचायत के वार्ड संख्या 3 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 32 से गैस सिलेंडर, चूल्हा, बर्तन सहित अन्य सामान की चोरी की थी। इस संबंध में आंगनबाड़ी सेविका मंजू देवी ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए चोरी में संलिप्त तीनों आरोपितों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

# फर्जी आधार संचालक गिरफ्तार कई उपकरण जब्त



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नरकटियागंज।** लौरिया पुलिस ने बेलवा मोड़ के समीप एक मकान में छापेमारी कर फर्जी आधार कार्ड बनाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस करवाई में चार लैपटॉप,फिंगर रीडर,हार्ड डिस्क समेत अन्य सामग्री को जब्त किया है। गिरफ्तार युवक में की पहचान चौतरवा थाना क्षेत्र के इंगलिसीया निवासी सूरज कुमार निशांत के रूप में हुई है। मामले में एसडीपीओ जय प्रकाश सिंह ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि लौरिया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इंगलिसीया चौक पर एक मकान में फर्जी आधार सेंटर का संचालन किया जा रहा है। सूचना के आलोक में एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस दौरान फर्जी आधार संचालक को गिरफ्तार किया गया साथ ही चार लैपटॉप समेत अन्य उपकरण को जब्त किया गया। उन्होंने बताया इस रैकेट में चार अन्य लोग भी शामिल हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# अंचलाधिकारी ने भूमि विवाद का किया निपटारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिसवन /सीवान।** प्रखंड के सिसवन थाना परिसर में शनिवार को सिसवन अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने जमीनी विवाद पर सुनवाई करते हुए आपसी सहमति के साथ जमीन से संबंधित दो विवाद का निपटारा किया। इस दौरान सिसवन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। इस संबध में अंचल कर्मियों ने जानकारी दी। अंचल कर्मियों ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों से लोगों ने जमीन से संबंधित विवाद निपटारा करने को लेकर आवेदन दिया था। वही आवेदन के आधार पर दोनों पक्षों को नोटिस कर शनिवार को थाना परिसर में उपस्थित होने को लेकर कहा गया था जहां पर कागजातों के आधार पर आपसी सहमति बनाते हुए भूमि से जुड़े मामलों का निपटारा किया गया। वही हसनपुरा एमएच नगर थाना परिसर में लगे जनता दरबार में भूमि से जुड़े 4 मामलों पर हुआ सुनवाई।हसनपुरा प्रखंड के एम एच नगर थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार लगाकर जमीन से संबंधित विवादों का निपटारा हसनपुरा अंचलाधिकारी द्वारा आपकी सहमति बनाते हुए किया गया। इस संबंध में अंचल कर्मियों ने जानकारी दी। आयोजित जनता दरबार में आपसी सहमति बनाते हुए जमीन से जुड़े मामलों पर सुनवाई किया गया।

# अग्निपीड़ितो के बीच राहत साम्रगी का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेतिया।** जिला रेड क्रॉस, बेतिया द्वारा योगापट्टी अंचल क्षेत्र के दोनवार पंचायत के ओझवलिया वार्ड नंबर 3 एवं 4 में विगत दिनों हुई अगलगी के 9 पीड़ित परिवारों में तिरपाल आदि का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे संयुक्त सचिव जगदेव प्रसाद, प्रबंध समिति सदस्य अनुज कुमार, आजीवन सदस्य मणीन्द्रनाथ चौबे, आदित्य कुमार, राकेश मिश्रा, त्रिलोकनाथ झा ने बताया कि मंत्री साह, जंगी साह, सुरेश प्रसाद, जितेन्द्र प्रसाद, सोहन महतो, महेश महतो, राजेश्वर प्रसाद, ,बीरबली कुमार व भीमल महतो के परिवार को उनके घर जाकर राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई है। सामग्री प्राप्त करने वाले अग्नि पीड़ितों ने रेड



क्रॉस के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ट्रैक्टर की ठोकर से किशोर की मौत

**नरकटियागंज।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के राजपुर बरई टोला गांव में ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार एक 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वही एक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया है। घटना शनिवार की दोपहर की है। मृत नाबालिग की पहचान राजपुर गांव निवासी 12 वर्षीय जाफरान अंसारी के रूप में हुई है। वह सत्तार मिया का इकलौता पुत्र था। वही जख्मी की पहचान हसमुद्दीन अंसारी (28)के रूप में हुई है। बताया जाता है दोनों नरकटियागंज से कुछ समान खरीद कर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान राजपुर बरई टोला गांव के समीप बालू सीमेंट लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दोनों को ठोकर मार दी। ग्रामीणों के सहयोग से दोनो को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सको ने नाबालिग को मृत घोषित कर दिया गया। वही जख्मी को जीएमसीएच रेफर कर दिया गया। ट्रैक्टर गांव की ही बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि नाबालिग के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया गया है। ठोकर मारने वाले ट्रैक्टर का पता लगाया जा रहा है। ठोकर मारने के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। उन्होने बताया कि ट्रैक्टर गांव के ही किसी व्यक्ति की बताई जा रही है।

# नहर के साइफन से बरामद शव की हुई पहचान, हत्या कर लगाया गया था ठिकाने


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मशरक (सारण)।** मशरक के कर्ण कुदरिया गांव स्थित नहर के साइफन से बुधवार को बोरे में शव की पहचान कर ली गई है। मृतक की पहचान पानापुर थाना क्षेत्र के पकड़ी नरोत्तम सतजोड़ा बाजार निवासी स्वर्गीय नागेंद्र सिंह के 37 वर्षीय पुत्र सुरेश कुमार सिंह उर्फ सतीश सिंह के रूप में की गई है। सूचना के बाद परिवार वाले सदर अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त करते ही उनमें कोहराम मच गया। परिवार वालों ने बताया कि शव पुराना होने के कारण भले ही चेहरा और शरीर गलने लगा है लेकिन वह सुरेश सिंह है क्योंकि उसके शरीर पर पहना गया कपड़ा बेल्ट सब कुछ वही है जो वह घर से पहन कर निकला था। बता दें बीते बुधवार को मशरक थाना के कर्ण कुदरिया गांव स्थित नहर के साइफन से तेज दुर्गंध पर ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय चौकीदार सुरेश राय को सूचना दी गई। जिस पर थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने पहुंच नहर के साइफन से एक बोड़े को बाहर निकाला जिसमें से एक व्यक्ति का शव निकला था। शव का पोस्टमार्टम गुरुवार को सदर अस्पताल में कराया गया जिसके बाद उसकी पहचान की गई है।सुरेश सिंह उर्फ सतीश 4 अप्रैल को घर से अपने खेत पर कटनी के लिए गया था। जहां, बार-बार फोन आने के बाद वह घर आया था और पैंट शर्ट पहनकर घर से बाहर निकाला था। लेकिन, रात तक वापस नहीं लौटा। जिसके बाद परिवार वालों ने दो दिनों तक उसकी खोजबीन करने के बाद 6 अप्रैल को उन लोगों के द्वारा पानापुर थाने में उसके गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी लेकिन उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली और बीते बुधवार को उसका शव मशरक में नहर से बरामद हुआ।सदर अस्पताल में पहचान के दौरान उन्हें पता चला कि सुरेश की अपहरण के बाद हत्या कर शव को बोरे में भरकर में फेंका गया था।

# भाजपा ने मनायी बाबा साहब की जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मझौलिया।** प्रखंड के चईलाभार पासवान टोला में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई । इस दौरान यूथ विग्रेड के अध्यक्ष रूपेश सिंह के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई। युवाओं ने बैंड-बाजे और डीजे के साथ जय भीम के नारे लगाए। आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जीवेश कुमार मिश्रा एवं भाजपा सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल ने द्वारा संयुक्त रूप से बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि यह दिन सामाजिक न्याय की दिशा में उनकी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। उन्होंने बाबा साहब का प्रसिद्ध कथन याद किया कि शिक्षा वह शस्त्र है जिससे कोई भी व्यक्ति अपना जीवन बदल सकता है। शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। वही मौके पर भाजपा सांसद



डॉक्टर संजय जायसवाल ने बाबा साहब को दलितों, शोषितों, वंचितों, महिलाओं और गरीबों का मुक्तिदाता बताया। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहब से बहुत प्रेरणा मिलती है। बताते चले कि यूथ विग्रेड के अध्यक्ष रूपेश सिंह ने आगंतुक अतिथियों को फूलमाला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया तथा अपने निजी कोष से गरीबों के बीच साड़ी का वितरण किया तथा सभी ने बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

# घरेलू हिंसा वाद मामलों के त्वरित निष्पादन पर डीएम ने दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** समाहरणालय के योजना भवन के सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आईसीडीएस विभाग, वन स्टॉप सेंटर एवं महिला विकास निगम की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा आइसीडीएस सेवा के सभी योजनाओं का बिंदुआर समीक्षा किया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा वन स्टॉप सेंटर-सह- महिला हेल्पलाइन सेंटर का समीक्षा किया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले में विगत 01 वर्षों में घरेलू हिंसा के दर्ज कुल वाद 127 मामले में 76 वाद का निष्पादित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा घरेलू हिंसा वाद मामले में कम निष्पादन होने पर रोष प्रकट करते हुए संबंधित पदाधिकारी को यथाशीघ्र मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा क्रियाशील आंगनबाड़ी केंद्रों के जीर्णोद्धार की स्थिति, प्रस्तावित नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की स्थिति, आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय की उपलब्धता की स्थिति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, पोषण अभियान, न्यायालयवाद की गहन समीक्षा के उपरांत निर्देश दिया गया कि आईसीडीएस द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का क्रियान्वयन एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं गृह भ्रमण (होम विजिट) के माध्यम से 100 प्रतिशत सुनिश्चित करें एवं योजनाओं का लाभ लाभुकों तक अनिवार्य रूप से पहुंचे, इसकी पूर्ण जिम्मेवारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं संबंधित सेविका की होगी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विभागीय सभी कार्यो को ससमय निष्पादन करना सुनिश्चित करें। सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका को निर्देश दिया गया कि एसएएम (अति गंभीर कुपोषित) बच्चों को चिन्हित कर जिला स्थित एनआरसी (पोषण पुर्नवास केंद्र, औरंगाबाद) भेजना सुनिश्चित करें। उक्त बैठक में डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी, सभी सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिका उपस्थिति रही।

## भूमि विवाद में मारपीट, युवक जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। मामला नबीनगर प्रखंड के पाड़ी कर्मा गांव की है। इस घटना में एक युवक जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान उस गांव निवासी शिवप्रसाद यादव के पुत्र सिकंदर कुमार यादव के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि पड़ोसी सिकंदर के जमीन पर घर बना रहे थे। मना करने जाने पर आरोपितों ने इसे घेर लिया और मारपीट की, जिससे वह जख्मी हो गया। घटना के बाद परिजनों से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल नवीनगर पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया, फिलहाल घटना की सूचना पुलिस को दी गयी है।

## डीएवी में धूमधाम से मनी महात्मा हंसराज की जयंती



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** डीएवी पब्लिक स्कूल दयानंद विहार, औरंगाबाद के प्रांगण में शनिवार को महात्मा हंसराज जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः काल प्रार्थना सभा में छात्रों द्वारा वैदिक भजन प्रस्तुत किया गया तथा छात्रा शाल्विका ने महात्मा हंसराज जी के जीवन से संबंधित अपने विचार रखा। तदुपरांत विद्यालय के धर्माचार्य सत्योम शास्त्री ने महात्मा हंसराज जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्षों से परिपूर्ण रहा। 12 वर्ष की अवस्था में माता-पिता की मृत्यु के बावजूद भी अपने बड़े भाई मुल्खराज जी के प्रयास से पढ़ाई जारी रखी। स्वामी दयानंद की मृत्यु के पश्चात उन्होंने 1886 ई0 में डीएवी की स्थापना की। इस संस्था के 25 वर्षों तक अवैतनिक प्राचार्य रहे। इनका जीवन त्याग और तपस्या से परिपूर्ण रहा। इनके जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि किसी भी परिस्थिति में यदि अपने काम को निरंतर जारी रखते हैं तो जीवन में सफलता अवश्य मिलेगी। इसके बाद विपिन कुमार मिश्रा के ब्रह्मत्व में नवी कक्षा के छात्रों ने यज्ञ-हवन किया। इस यज्ञ के मुख्य यजमान शिखा सिन्हा थी। इसके उपरांत सातवीं, आठवीं तथा दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों का सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके साथ ही चरित्र निर्माण शिविर-2025 डीएवी पब्लिक स्कूल, कटार, डेहरी ऑन सोन में यज्ञ-हवन, वैदिक प्रश्नोत्तरी, स्लोगन, डायरी लेखन प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त किए गये छात्रों को प्रभारी प्राचार्य महेश कुमार सिंह ने मेडल एवं शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में छात्र वहां से जो कुछ भी सीख कर आए हैं वह विद्यालय में आकर सभी छात्रों को उस ज्ञान और विचारों से लाभान्वित करेंगे।

# जेइइ मेंस में 99.79 परसेंटाइल लाकर लावण्या प्रकाश ने लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले में कार्यरत प्रकाश कुमार सिन्हा एवं आरती सिन्हा की सुपुत्री लावण्या प्रकाश ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा देर रात घोषित जेइइ मेंस के सेशन-2 के परीक्षा परिणाम में 99.79 5040 8 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर परिवार तथा जिले का नाम रोशन किया है। विदित हो कि लावण्या प्रकाश ने के के सेशन वन में भी 99.73504 परसेंटाइल प्राप्त किए थे तथा झारखंड में लड़कियों में पहला स्थान भी सेशन वन में प्राप्त किया था और राज्य के टॉप 10 बच्चों में भी उसने अपनी जगह बनाई थी। लावण्या प्रकाश की माता आरती सिन्हा ने कहा कि लावण्या प्रकाश शुरू से ही गढ़वा के बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल की अति मेधावी छात्र रही है एवं प्रेप से लेकर दसवीं तक की पढ़ाई वहीं से की है तथा हर वर्ष अपने वर्ग में वह सदैव सर्वोत्तम रही जिसके कारण उसे विद्यालय से भी कई बार पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लावण्या प्रकाश ने वर्ष 2023 में जिले में सर्वोत्तम स्थान सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में प्राप्त किया था। लावण्या की इस सफलता को हासिल करने में उसके कोचिंग के शिक्षकगण विशेषकर दीपक कुमार शुक्ला एवं राहुल सर जो दोनों भौतिक एवं रसायन के अत्यंत उच्च कोटि के शिक्षक हैं का विशेष योगदान रहा है। लावण्या को एकाग्र एवं मेधावी बनाने में उसकी माता आरती सिंह शुरू से ही लगी हुई थी। लावण्या की इस सफलता से गढ़वा और रांची के सभी शुभचिंतकों ने काफी प्रसन्नता प्रकट की है और बधाईयों का तांता लगा हुआ है।

## नवबिहार टाइम्स/ कौस्तुभ इंटरप्राइजेज में विभिन्न पदों पर होगी भर्ती

### जिला नियोजनालय के तत्वावधान में 21 अप्रैल को जॉब कैम्प का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**■ विभिन्न पदों पर कुल नौ रिक्तियों के लिए चयन प्रक्रिया का आयोजन**

**औरंगाबाद।** जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है। जिला नियोजनालय, औरंगाबाद के तत्वावधान में कल 21 अप्रैल को जिला निबंधन सह- परामर्श केन्द्र (डीआरसीसी), औरंगाबाद में एकदिवसीय जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होगा और दिनभर चलेगा। इस विशेष रोजगार मेले में नवबिहार टाइम्स/ कौस्तुभ इंटरप्राइजेज, औरंगाबाद की प्रतिष्ठित संस्था भाग ले रही है, जो विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों की सीधी भर्ती करेगी। कम्पनी द्वारा विभिन्न पदों पर कुल नौ रिक्तियों को भरने के लिए चयन प्रक्रिया चलाई जाएगी। रिक्त पदों में सेल्स एग्जीक्यूटिव, प्रबंधक, सहायक, केयरटेकर एवं गार्ड शामिल हैं।

**योग्यता और आयु सीमा :**

इन पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई या अन्य तकनीकी योग्यता होनी चाहिए। उम्मीदवारों की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है।

**महत्वपूर्ण सूचना :**

जॉब कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों से आग्रह किया गया है कि वे अपने साथ बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रतियां, फोटो और आधार कार्ड की प्रति लेकर निर्धारित समय पर डीआरसीसी, औरंगाबाद में उपस्थित हों। जिला नियोजन पदाधिकारी ने जिले के योग्य और इच्छुक युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## संदिग्ध परिस्थिति में शिक्षक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** संदिग्ध परिस्थिति में एक शिक्षक की मौत हो गई। मामला जिले के ओबरा प्रखंड क्षेत्र के तेंदुआ गांव की है। मृतक की पहचान संजय यादव के रूप में हुई है। वैसे शिक्षक के मौत को लेकर हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि संजय यादव जम्होर थाना क्षेत्र के तमोली मध्य विद्यालय में कार्यरत था। 15 दिन पहले वह अपने चाचा मनोज कुमार सिंह के साथ एक तिलक समारोह में गया था। वापस लौटने के दौरान औरंगाबाद शहर के टिकरी रोड में चाचा-भतीजा दुर्घटना में जख्मी हो गए थे। इसके बाद संजय का इलाज कराया गया था। शनिवार की सुबह खाना खाकर वह अपने घर पर बैठा हुआ था। इसी क्रम में अचानक उसके सीने में दर्द की शिकायत हुई। इसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा मनोज कुमार सिंह ने बताया कि संजय के माता-पिता का पूर्व में ही देहांत हो चुका है। संजय के पिता एग्रीकल्चर विभाग में क्लर्क थे। संजय का एक बेटा व एक बेटी है। घटना के बाद से पत्नी पूनम देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस मामले की सूचना अस्पताल कर्मियों ने नगर थाना की पुलिस को दी, जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## भूमिहीन परिवारों के बीच बंदोबस्त पर्चा वितरित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर समग्र विकास सेवा अभियान के तहत महा दलित टोलों में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 11 भूमिहीनों को बंदोबस्त पर्चा वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के पिपरौरा, वार एवं दक्षिणी उमगा पंचायत के 11 भूमिहीन परिवारों को जिला भू अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन ने बंदोबस्त पर्चा दिया गया। सीओ अकबर हुसैन ने बताया कि डॉ अंबेडकर समग्र विकास सेवा अभियान के तहत भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्त पर्चा दिया गया। मौके पर बीडीओ डॉ. अवतुल्य कुमार आर्य व राजस्व कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान सभी लाभुकों को हिदायत देते हुए बताया गया कि उक्त जमीन उनके निज उपयोग हेतु दिया गया है, जहां सभी लाभुक अपना आशियाना बना कर बसोबास करेंगे।

## विद्युत स्पर्शाघात से महिला झुलसी

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** बिजली के शॉर्ट सर्किट से झुलसकर एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। मामला मदनपुर प्रखंड के आट गांव की हैं। महिला की पहचान उस गांव निवासी मनीष कुमार की पत्नी कशिश साव के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि महिला अपने कमरे में सोई हुई थी इसी दौरान अचानक शार्ट-सर्किट हुआ और आग पकड़ लिया, जिससे आग की चपेट में आने से महिला झुलसकर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। महिला के चीखने-चिल्लाने की आवाज पर घर के अन्य परिजन पहुंचे और आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।

## प्रधानाध्यापक पुत्र ने जेइइ मेंस परीक्षा में लाया 99.34 परसेंटाइल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय औरंगाबाद के राजकीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त प्राचार्य उदय कुमार सिंह के सुपुत्र प्रसून प्रवर ने जेईई मेंस के सेशन टू परिणाम में 99.34 परसेंटाइल लाकर परिवार के साथ पूरे औरंगाबाद जिले का नाम रौशन किया है। विदित हो कि प्रसून ने जेईई के सेशन वन में भी 99.19 परसेंटाइल प्राप्त किया था। पिता उदय कुमार सिंह ने कहा कि प्रसून डीपीएस रांची के विद्यार्थी रहे हैं और प्रेप से 12वीं तक की पढ़ाई वहीं से किए है। वह लगातार प्रत्येक वर्ग में हाइएस्ट अचीवर रहे हैं जिसके लिए विद्यालय ने उन्हें दो स्कॉलर ब्लैजर, ब्लू टाई एवं ब्लू बैज प्रदान किया है। मैट्रिक के सीबीएसई बोर्ड के टॉपर के रूप में डीपीएस रांची के रिसेप्शन एरिया में पट्टिका पर प्रसून प्रवर अपना नाम भी टंकित करा चुके हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए थानों में तेज हुआ प्रचार-प्रसार अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद द्वारा 10 मई को व्यवहार न्यायालय और अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रचार-प्रसार अभियान तेज कर दिया गया है। इस अभियान के तहत जिले के सभी थानों में प्रतिनियुक्त पैनल अधिवक्ता और अधिकार मित्र आमलोगों को लोक अदालत की उपयोगिता एवं लाभ के बारे में जानकारी दे रहे हैं। सलैया थाना और नगर थाना में प्रतिनियुक्त पैनल अधिवक्ता ने बताया कि इस क्षेत्र के कई सुलहनीय मामलों में वाद के दोनों पक्षकारों को थाने के माध्यम से नोटिस भेजे जा चुके हैं। कई अन्य मामलों में भी नोटिस की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि लोग अब सस्ते, सुलभ और त्वरित न्याय की प्रक्रिया को समझते हुए लोक अदालत की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से ऐसे मामले, जिनमें आपसी सहमति की संभावना होती है, उनका शीघ्र निष्पादन संभव है। इसके अलावा थानों में आने वाले लोगों को विधिक सहायता, विधिक जागरूकता, निःशुल्क अधिवक्ता सुविधा, विधिक साक्षरता जैसी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बाल सुधार गृह और जेल में बंद निर्धन कैदियों को भी निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक सैकड़ों मामलों का निष्पादन कर जरूरतमंदों को राहत दी गई है। प्राधिकार की पहल से एक ओर जहां गरीब और असहाय लोगों को न्याय तक पहुंच मिल रही है, वहीं दूसरी ओर न्यायिक व्यवस्था पर पड़ने वाला दबाव भी कम हो रहा है। लोक अदालत, लोगों के लिए न्याय की एक व्यवहारिक और मानवीय राह बनकर उभर रही है।

## सीमेंट- आयरन की बढ़ती कीमतों से लोग परेशान

### मूल्यवृद्धि एवं अन्य समस्याओं के आलोक में व्यवसायियों ने की बैठक

नवबिहा टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** सीमेंट एवं आयरन के बढ़ते दामों तथा अन्य समस्याओं को लेकर शनिवार को औरंगाबाद के व्यवसायियों ने शहर के एक निजी होटल में बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता राजीव शर्मा ने किया जिसमें व्यवसायियों ने सीमेंट एवं आयरन के बढ़ते दामों पर चर्चा की। साथ ही सर्वसम्मति से जिला स्तर पर संगठन को बनाने एवं समस्याओं के प्रति हमेशा सजग रहने का निर्णय लिया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से सतीश कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को अध्यक्ष, सुनील कुमार सिंह उर्फ पप्पु सिंह को सचिव, विजय कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष, विजया कुमार पाण्डेय को उपसचिव एवं संजीव अग्रवाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। ट्रेड यूनियन सीमेंट एवं आयरन के सदस्यों ने कहा कि यह संगठन की पहली बैठक है। सीमेंट और आयरन की लागतार बढ़ती दामों का सीधा खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ रहा है, इससे वे परेशान हैं। मौके पर संजय कुमार, यशवंत सिंह, चंदन सिंह, मुकुल सिंह, प्रमोद वर्मा, प्रदीप वर्मा, क्षितिज सिंह, निलेश कुमार, बब्लू सिंह, सरोज कुमार, सोनू सिंह, राजेश सिंह, मनोज अग्रवाल, अमित सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## बाइक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज बराही पथ के कोटवारा मोड़ के पास 14 अप्रैल की रात्रि सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई थी। इस मामले में गया जिला के परैया थाना क्षेत्र के गाजनपुर गांव निवासी एवं वर्तमान निवासी रफीगंज शहर के हाई स्कूल के समीप ललिता हॉल के नजदीक के रहने वाले दिलीप कुमार सिंह ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए एक बाइक चालक पर प्राथमिकी दर्ज करवायी है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## आग से बचाव को लेकर श्री सीमेंट में मॉक ड्रिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत अग्नि से बचाव पर जागरूकता को लेकर औरंगाबाद जिले में जगह- जगह जागरूकता कार्यक्रम तथा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज औरंगाबाद शहर के श्री सीमेंट कारखाना में अग्निशमन विभाग की ओर से मॉक ड्रिल और कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्लांट कर्मियों को आग लगने पर कैसे काबू पाना है या फिर आग न लगे, इसके लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर श्री सीमेंट प्लांट के यूनिट हेड अतुल शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख भरत सिंह राठौर, अग्नि शमन विभाग के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे। सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी लालकेश्वर प्रसाद ने उपस्थित कर्मियों को आग लगने की स्थिति में की जाने वाली प्राथमिक कार्रवाई, गैस लीक से बचाव, सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया और आग बुझाने वाले उपकरणों के इस्तेमाल का लाइव डेमो दिखाया। श्री प्रसाद ने कहा कि छोटी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए लोगों को सतर्क और जागरूक रहना जरूरी है। उन्होंने अग्निशमन यंत्रों का उपयोग कर मौके पर मौजूद लोगों को प्रशिक्षण भी दिया। विशेष मुहिम के तहत जिले में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक सार्वजनिक स्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, फैक्ट्रियों व अन्य स्थानों पर जाकर आग के बारे जागरूक किया जा रहा है। मौके पर अग्निक हरेराम सिंह, प्रधान अग्निक कुंदन कुमार, अग्निक संजय कुमार, अग्निक चालक सुनील कुमार, अग्निक मनीष कुमार, अग्निक सरिता कुमारी, अग्निक सुमेर कुमार, श्री सीमेंट प्लांट के सिक्योरिटी हेड नितिन चौहान, सेफ्टी हेड रंजीत कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# नशा मुक्ति अभियान की नई गाथा लिख रही जीविका दीदियां : अधीक्षक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अंबा (औरंगाबाद)।** मुख्यमंत्री नीरा संवर्धन योजना के तहत कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के नारी एकता सीएलएफ सुल्तानपुर तथा प्रगति नीरा उत्पादक समूह, करकट्टा में शनिवार को नीरा बिक्री केन्द्र का शुभारंभ किया गया। पटना मुख्यालय के विशेष आबकारी अधीक्षक आदित्य कुमार, आबकारी अधीक्षक औरंगाबाद अनिल कुमार आजाद, प्रखंड परियोजना प्रबंधक कुटुंबा धनंजय कुमार तथा मधुरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से नीरा बिक्री केन्द्र का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में अधीक्षक आदित्य कुमार ने कहा कि जीविका दीदियां समाज में नशामुक्ति अभियान के संदर्भ में नई गाथा लिख रही है। इस योजना के माध्यम से दीदियां समाज में नशामुक्ति अभियान के साथ अपने परिवार के जीविकोपार्जन की गतिविधियां भी चला रही है। उन्होंने कहा कि नीरा पीजी से जुड़ी दीदियां और टोडी टॉपर्स पीजी के आवश्यक संसाधनों का इस्तेमाल कर नीरा बिक्री को बढ़ाएंगे। इस मौके पर उत्पाद निरीक्षक औरंगाबाद चंदन कुमार, कपिल देव प्रसाद, विनय कुमार, रामाशीष प्रसाद, सुनिता कुमारी, किरण कुमारी, शारदा देवी तथा नीरा उत्पादक की दीदियां उपस्थित थीं।


## दो शराब कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** देसी-विदेशी शराब के साथ दो कारोबारियों को औरंगाबाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में जिले के तीन अलग- अलग थाना क्षेत्रों में की गईं। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के सूची बधौना गांव निवासी अर्जुन बिंद एवं कुटुंबा थाना क्षेत्र के नरसिंहा गांव निवासी देवाशीष कुमार के रूप में की गई हैं। इनके पास से 110 लीटर देसी शराब एवं 36 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया हैं। इसके अलावा दो बाइक भी जब्त किया गया हैं। पुलिस अधीक्षक की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ऑन स्पॉट मामलों का हुआ निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के सोनहथु पंचायत के गुलजार बिगहा, कोईलवां के करणबिगहा, अहियापुर के आजाद बिगहा, ईटवां उचित बिगहा, हसपुरा के मराछु बिगहा, टाल के तेतराही, हलीमचक, आमाबिगहा एवं अमझरशरीफ के बालाबिगहा अनुसूचित जाति टोला पर विशेष शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। शिविर में 22 विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। एसडीओ मनोज कुमार ने प्राप्त आवेदन में जाति प्रमाण पत्र, आवासीय, आय, जन्म प्रमाण सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया। इस दौरान एसडीओ मनोज कुमार, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने बच्चों के बीच प्रमाणपत्रों का वितरण भी किया। एसडीओ मनोज कुमार ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोगों को ब्लॉक का चक्कर नहीं लगाना पड़े जिसे लेकर आप का द्वार पहुंचे सरकार कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर लगाया जा रहा है। अनुसूचित जाति समाज के सर्वांगीण विकास में किसी तरह का बाधा उत्पन्न नहीं हो जिसे लेकर विशेष विकास शिविर उनके टोला में लगाया जा रहा है। इस शिविर में 671 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 547 आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया जबकी 124 आवेदन निष्पादन के प्रक्रिया में है। अहियापुर विशेष विकास शिविर में मुखिया अजित कुमार उर्फ चुनु शर्मा, सचिव अमित कुमार, आवास सहायक धीरज कुमार, रोजगार सेवक संजय कुमार, किसान सलाहकार धर्मेंद्र कुमार, शिक्षक पंकज कुमार, विकास मित्र कुसुम कुमारी सहित सेविका, सहायिका, सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।